गुवाहाटी व जोरहाट से एक साथ प्रकाशित

सच से समझौता नहीं

# प्रातः खबर

www.pratahkhabar.com

RNI NO. ASSHIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Wednesday, 10 June, 2026 वर्ष 23 अंक 41, गुवाहाटी, बुधवार 10 जून, 2026, ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष-10 मूल्य : दस रुपये पेज-12



सिराज : टी-20 सीरीज से बाहर -10

तापसी पन्नू को नहीं मिल रहे खास तरह के रोल, शाहरूख को लेकर कही बड़ी बात-12


### सुप्रभातम्

समय बहुत बलवान है, इसे बर्बाद न करें। हर बीता हुआ दिन आपको कुछ नया सिखाकर जाता है।

## अजमल ने किया बदरपुर का नाम सिद्धेश्वर धाम करने का विरोध

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** एआईयूडीएफ सुप्रीमो एवं विधायक बदरुद्दीन अजमल ने ऐतिहासिक रेलवे शहर बदरपुर का नाम बदलकर सिद्धेश्वर धाम करने के प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। अजमल ने कहा कि बराक घाटी के प्रवेश द्वार के रूप में मशहूर बदरपुर का एक सदी से भी पुराना अनूठा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व है। यह शहर धार्मिक और भाषाई सीमाओं से ऊपर उठकर साझी विरासत का प्रतीक रहा है। बिना व्यापक जनमत के अचानक नाम बदलने के इस फैसले से स्थानीय लोगों में अलगाव की भावना पैदा हो सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बराक घाटी की जनता की भावनाओं का सम्मान करने और इस प्रस्ताव को तुरंत वापस लेने की अपील की है। साथ ही अजमल ने नसीहत दी कि सरकार को नाम बदलने के बजाय राज्य की मुख्य समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और बाढ़ प्रबंधन पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## तृणमूल में बगावत के बीच ममता ने की सोनिया से मुलाकात

**नयी दिल्ली, 9 जून (भा)।** विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक के एक दिन बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने आज कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि यह मुलाकात सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर हुई। सूत्रों ने कहा कि दोनों नेता विपक्षी गठबंधन की बैठक के बाद दोनों पार्टियों के बीच आगे की रणनीति और हाल के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद कई तृणमूल नेताओं के पार्टी से अलग होने के बाद की रणनीति पर चर्चा की। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और बनर्जी कल यहां विपक्षी गठबंधन की बैठक के दौरान गर्मजोशी से एक-दूसरे से गले मिली थीं। कांग्रेस ने दोनों नेताओं के गले मिलने की तस्वीरें साझा की थीं। यह बैठक तृणमूल के भीतर बगावत के मद्देनजर हो रही है, जिसमें पार्टी के कई सांसदों ने एक अलग समूह बनाने और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ जुड़ने का फैसला किया है। तृणमूल कांग्रेस शेष पृष्ठ आठ पर

## मणिपुर : अपहृत 14 कुकी लोगों को एक महीने बाद गया किया मुक्त

**इंफाल, 9 जून (भा)।** मणिपुर के सेनापति जिले में सशस्त्र समूहों द्वारा करीब एक महीने पहले अपहृत किये गये 14 कुकी बंधकों को आज मुक्त कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने बंधकों को सुरक्षित रूप से मुक्त किये जाने का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक एवं मानवीय कदम बताया तथा हर प्रकार की हिंसा त्यागने की अपील की। इन 14 लोगों का 13 मई को कांगपोकपी जिले में घात लगाकर किये गये हमले में गिरजाघर के तीन नेताओं की हत्या के बाद अपहरण कर लिया गया था। मणिपुर में नगा समुदाय के शीर्ष निकाय यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) और सेनापति जिले के अन्य नागरिक समाज संगठनों के प्रयासों से इन्हें मुक्त कराने में मदद मिली। अधिकारी ने कहा कि इन सभी को पुलिस और सुरक्षा बलों की मौजूदगी में सेनापति जिला मुख्यालय में सकुशल मुक्त कर दिया शेष पृष्ठ आठ पर






### सीएम ने ब्लू वैली क्लस्टर किया लांच, कहा

# भारत-यूरोप इकोनॉमिक कोऑपरेशन के लिए गेटवे के तौर पर उभरा असम



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.स.)।** असम-यूरोप पार्टनरशिप का एक नया चैप्टर शुरू करते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज गुवाहाटी में हुए एक कार्यक्रम में यूरोपियन संघ (ईयू) के साथ मिलकर फ्लेवर, खुशबू, आयुष और फूड प्रोसेसिंग में कोऑपरेशन को मजबूत करने के लिए ब्लू वैली क्लस्टर लांच किया, जिससे इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, इन्वेस्टमेंट और सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए कई नए मौके बने। ब्लू वैली क्लस्टर पहल के एक हिस्से के तौर पर असम इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एआईडीसी) और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया (फेबी) के बीच एक सहमति समझौते पर हस्ताक्षर किया गया, जब एआईडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर हिवारे निसर्ग गौतम और फेबी की महासचिव सोनिया पराशर ने मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा और यूरोपियन संघ के एम्बेसडर हर्वे डेल्फिन की मौजूदगी में एमओयू का एक्सचेंज किया। इस मौके पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने उम्मीद जतायी कि ब्लू वैली क्लस्टर शुरू करने की पहल से भारत और यूरोप को जोड़ने वाला एक मज़बूत इकोसिस्टम और वैल्यू चेन बनाने में मदद मिलेगी। इससे इनोवेशन को बढ़ावा देने, मार्केट एक्सेस बढ़ाने और ग्रोथ के लिए मिले-जुले मौके बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ब्लू वैली क्लस्टर पहल एडवांटेज असम 2.0 इन्वेस्टमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर समिट का एक अहम नतीजा है, क्योंकि यह पहल असम की कुदरती ताकतों को ग्लोबल वैल्यू चेन से जोड़ने में मदद करेगी, जिससे राज्य के लिए ग्रोथ का एक नया रास्ता बनेगा, जो भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ने वाले गेटवे के तौर पर बहुत मज़बूती से उभर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्लू वैली क्लस्टर में असम को भारत-यूरोप सहयोग के केंद्र में लाने की क्षमता है। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने इस मौके पर बढ़ती भारत-यूरोपियन पार्टनरशिप पर भी ज़ोर दिया और कहा कि भारत और यूरोपियन संघ ने अलग-अलग सेक्टर में सहयोग के लिए एक बड़ा रोडमैप बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में भारत दुनिया के लीडिंग ग्रोथ इंजन और एक भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर के तौर पर उभरा है। जैसे-जैसे भारत और यूरोप ट्रेड, टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल इनोवेशन में सहयोग बढ़ा रहे हैं, राज्यों और इलाकों के लिए इस साझा सफ़र में एक्टिव शेष पृष्ठ आठ पर

## यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल से व्यापार व निवेश सहयोग पर हुई चर्चा

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज गुवाहाटी में यूरोपीय संघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पूर्वोत्तर भारत और यूरोपीय देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा निवेश और व्यापार के नये अवसरों की तलाश को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। यूरोपीय संघ के भारत स्थित राजदूत हर्वे डेल्फिन के नेतृत्व में आया यह प्रतिनिधिमंडल असम में चल रही व्यापक टीम यूरोप पहल के तहत राज्य के दौरे पर है। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं का आकलन करना और दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने में असम की संभावित भूमिका पर प्रतिनिधिमंडल के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि हमने इस बात पर चर्चा की कि असम भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने में किस प्रकार महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल असम में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं का अध्ययन कर रहा शेष पृष्ठ आठ पर

## यूरोप असम में खरीदने नहीं बल्कि बनाने आया है : डेल्फिन



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.स.)।** भारत में यूरोपियन संघ (ईयू) के एंबेसडर हर्वे डेल्फिन ने कहा कि हमारा विजन असम आकर प्रोडक्ट खरीदना और उन्हें कहीं और भेजना नहीं है। हम एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहते हैं जो रिसर्च, इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट, इन्वेस्टमेंट, प्रोडक्शन, मार्केटिंग और इंटरनेशनल मार्केट एक्सेस को एक साथ लाए। कहा कि असम भारत की ज्योग्राफी के किनारे पर नहीं है, बल्कि यह नॉर्थ-ईस्ट राज्य अपनी इकॉनमी के सेंटर की ओर बढ़ रहा है। यूरोपियन संघ के प्रतिनिधिमंडल के राज्य के उच्च स्तरीय दौरे के दूसरे दिन यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डेल्फ़िन ने कहा कि ईयू पूर्वोत्तर इलाके, खासकर असम के विकास शेष पृष्ठ आठ पर

### दृष्टिकोण : अजहर आलम

### असम की माटी और बाहरी समुदाय

## दोनों तरफ का सम्मान ही है तरक्की का रास्ता

असम को पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार कहा जाता है। यह राज्य हमेशा से अलग-अलग संस्कृतियों, भाषाओं और समाजों का एक खूबसूरत गुलदस्ता रहा है। ब्रह्मपुत्र की इस पावन धरती ने सदियों से देश के कोने-कोने से आये लोगों को गले लगाया है और उन्हें यहीं रचने-बसने का मौका दिया है। इसी कड़ी में बिहार से आये हिंदी भाषी लोग भी असम में बसे और यहां की तरक्की का एक जरूरी हिस्सा बन गये, लेकिन पिछले कुछ समय में असमिया और बिहारी समुदाय के कुछ लोगों के बीच जो बहस और कड़वाहट देखने को मिली है, उसने आपसी भाईचारे और क्षेत्रीय पहचान के मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है। यह कड़वाहट अचानक पैदा नहीं हुई है, बल्कि इसके पीछे अपनी पहचान, बाहर से आने वाले लोगों की बढ़ती संख्या और अपनी संस्कृति को बचाये रखने की चिंताएं हैं। असमिया समाज के लिए उनकी भाषा, परंपराएं और आत्मसम्मान हमेशा से सबसे ऊपर रहे हैं। ऐतिहासिक असम आंदोलन से लेकर आज तक, असमिया भाषा और संस्कृति को सुरक्षित रखने की मांग यहां के लोगों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा रही है। असम का इतिहास गवाह है कि इसकी असली ताकत यहां की विविधता ही है। मारवाड़ी, बिहारी, बंगाली और अन्य राज्यों से आये लोगों ने असम को अपना घर माना और यहां के व्यापार, खेती और मजदूरी में बड़ा योगदान दिया, लेकिन इस भाईचारे के बने रहने की एक ही अनिवार्य शर्त है कि सम्मान दोनों तरफ से होना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे राज्य को अपनी कर्मभूमि बनाता है, तो उसका यह फर्ज बनता है कि वह वहां के मूल निवासियों की शेष पृष्ठ आठ पर

## आर्यनगर की घटना उगाही से जुड़ा मामला असमिया-बिहारी विवाद नहीं : पीयूष



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** असम सरकार के मंत्री पीयूष हजारिका ने गुवाहाटी के आर्यनगर क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना को लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मामले को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उनके अनुसार यह किसी असमिया-बिहारी समुदाय के बीच संघर्ष का मामला नहीं, बल्कि कथित उगाही (एक्सटॉर्शन) से जुड़ा मामला है। होजाई में मीडिया से बातचीत करते हुए पीयूष हजारिका ने कहा कि मैंने डीसीपी बोलिन देउरी का बयान सुना है। उन्होंने इसे उगाही से जुड़ा मामला बताया है। मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा हूं। मैं स्वयं घटनास्थल पर मौजूद नहीं था और न ही मैंने घटना को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। मैंने केवल डीसीपी का आधिकारिक बयान देखा है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह उगाही का मामला है। यदि यह असमिया बनाम बिहारी विवाद नहीं है तो इसे उस रंग में पेश करने की आवश्यकता नहीं है। गुवाहाटी पुलिस के उप पुलिस आयुक्त (डीसीपी) बोलिन देउरी ने भी स्पष्ट किया कि इस घटना का असमिया और बिहारी समुदायों के बीच किसी टकराव से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच में अब तक मामला मुख्य रूप से कथित उगाही और धन वसूली शेष पृष्ठ आठ पर

## ईरान से होने वाला समझौता हमारी बड़ी जीत : ट्रंप

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, 9 जून (एजें)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच होने वाला समझौता अमेरिकी जनता के लिए बड़ी जीत होगी, चाहे इस्राइल को यह पसंद आये या नहीं। वेंस ने दोहराया कि इस मामले में अमेरिका अपना हित सबसे पहले रखेगा, चाहे इस्राइल इस समझौते का समर्थन करे या नहीं। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा कि अमेरिका और इजराइल कई मुद्दों पर साथ हैं, लेकिन हर मामले में दोनों की राय एक जैसी नहीं होती। उन्होंने कहा कि अमेरिका का सबसे बड़ा मकसद यह है कि ईरान कभी परमाणु हथियार न बना सके। वेंस ने दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रंप की लीडरशिप में ऐसा समझौता तैयार किया जा रहा है, जो 2015 में बराक ओबामा के समय हुए समझौते से ज्यादा मजबूत होगा। उनके मुताबिक नये समझौते में सख्त जांच होगी, जिससे यह देखा जाएगा कि ईरान अपने वादे निभा रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी बात पर सिर्फ शेष पृष्ठ आठ पर

### रास चुनाव

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द

**भोपाल, 9 जून (भा)।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर हो रहे चुनाव में आज उस समय नाटकीय मोड़ आ गया, जब शपथपत्र में जानकारी छुपाने के आरोप में कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए आरोप लगाया कि यह अब वोट चोरी का मामला नहीं रहा, बल्कि सीट चोरी का मामला बन गया है। मध्यप्रदेश विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार महेश केवट ने निर्वाचन अधिकारी (रिटर्निंग अधिकारी) के समक्ष शिकायत दर्ज करायी थी कि नटराजन ने जानबूझकर अपने खिलाफ तेलंगाना में दर्ज एक मुकदमे का शपथ पत्र में कोई उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया। निर्वाचन अधिकारी का यह फैसला ऐसे दिन आया जब क्रॉस वोटिंग से बचने और अपने खेमे को एकजुट रखने के मकसद से कांग्रेस ने अपने 35 विधायकों का पहला जत्था एक विशेष विमान से पार्टी शासित कर्नाटक के लिए रवाना कर दिया था, जबकि दूसरे शेष पृष्ठ आठ पर

## नीट परीक्षा प्रबंधन पर संसदीय समिति की बैठक आज

### पेश होंगे एलटीए एनएससी और मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी

**नयी दिल्ली, 9 जून (एजें)।** नीट परीक्षा के संचालन और उससे जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए संसद की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 10 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 3 बजे संसद भवन एनेक्सी (पीएचए) में होगी। बैठक के दौरान समिति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सचिव, शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के विचार सुनेगी। समिति राष्ट्रीय चिकित्सा शेष पृष्ठ आठ पर

# एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर वसूलने का आदेश रद्द

### कोर्ट बोला-ट्रंप फीस के नाम पर टैक्स नहीं ले सकते, भारतीयों को सबसे ज्यादा राहत




**वॉशिंगटन डीसी, 9 जून (एजें)।** अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने ट्रंप के एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख रुपये) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द कर दिया है। बॉस्टन कोर्ट ने कहा कि यह फीस नहीं बल्कि एक टैक्स है और इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति नहीं, बल्कि संसद की मंजूरी जरूरी थी। ट्रंप ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो कंपनियां -1 वीजा पर विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देंगी, उन्हें हर वीजा के लिए 1 लाख डॉलर की एक्स्ट्रा फीस देनी होगी। इसके बाद 20 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने इसे चुनौती दी थी। अब कोर्ट के फैसले के खिलाफ ट्रम्प सरकार अपील कर सकती है। -1 एक गैर-अप्रवासी वीजा है, जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां कुछ समय के लिए विदेशों से हाई स्किल वाले पेशेवरों को नौकरी पर रख सकती हैं। पहले -1 वीजा आवेदन करने पर कंपनियों को करीब 2000 से 5000 डॉलर तक फीस देनी पड़ती थी। इस वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल भारतीय और टेक प्रोफेशनल्स करते हैं। ऐसे में कोर्ट के इस फैसले को भारतीयों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। ट्रंप सरकार ने अदालत में दलील दी थी कि -1 सिस्टम का दुरुपयोग हो रहा है। सरकार के मुताबिक कई कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों की जगह कम वेतन पर विदेशी कर्मचारियों को रख रही थीं। ऐसे में यह फीस टैक्स नहीं बल्कि एक तरह का आर्थिक दंड है। सरकार ने कहा कि इमिग्रेशन कानून के तहत राष्ट्रपति को विदेशी नागरिकों की एंट्री सीमित करने का अधिकार है, लेकिन कोर्ट इस दलील से सहमत नहीं हुआ।

### पीओके जानलेवा हिंसा

## पाक को जवाबदेह ठहराये वैश्विक समुदाय : भारत

**नयी दिल्ली, 9 जून (भा)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लोगों के साथ की गयी बर्बरता के लिए भारत ने मंगलवार को इस्लामाबाद की कड़ी आलोचना की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उसे उसके अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया। पीओके के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में कथित तौर पर 20 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद भारत की प्रतिक्रिया आयी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें की हैं। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में हम पाकिस्तान से आने वाली फेक न्यूज और वीडियो का एक चलन लगातार देख रहे हैं। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की एक हताशा भरी कोशिश है। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे शेष पृष्ठ आठ पर

# भारत ने पहली बार तैनात किये 12 परमाणु बम

### 2 साल में देश के एटमी हथियार 180 से बढ़कर 190

**नयी दिल्ली, 9 जून (एजें)।** भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किये हैं। देश का परमाणु हथियारों का भंडार भी 180 से बढ़कर 190 हो गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2025 में भारत ने एक भी परमाणु हथियार तैनात नहीं किया था, लेकिन 2026 में 12 की तैनाती की है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उसके पास अभी 170 परमाणु हथियार हैं। उसके कितने हथियार तैनात हैं, यह स्पष्ट नहीं है। रूस-अमेरिका की तरह भारत अपने परमाणु हथियारों की सटीक संख्या, क्षमता और नाम आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं करता। एसआईपीआरआई और दूसरी संस्थाएं केवल अनुमान के आधार पर रिपोर्ट जारी करती हैं। एसआईपीआरआई इयरबुक 2026 के अनुसार दुनिया एक नये परमाणु प्रतियोगिता के दौर में पहुंच रही है। अमेरिका, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान समेत सभी परमाणु संपन्न देश अपने हथियारों और डिलीवरी सिस्टम को तेजी से अपग्रेड कर रहे हैं। 2026 की शुरुआत में दुनिया के 9 देशों अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इस्राइल के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं। इसमें से 9,745 परमाणु हथियार सेना के भंडार गृह में हैं, जो इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दुनिया का 5वां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश: 2025 में भारत का रक्षा खर्च 92.1 अरब डॉलर शेष पृष्ठ आठ पर



### मंत्री कौशिक राय का एलान

## बजट के बाद फिर मिलेगा पूरा राशन

**गुवाहाटी, 9 जून (एजें)।** असम के खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले, आवास और शहरी मामले तथा सहकारिता विभाग के मंत्री कौशिक राय ने तीन महत्वपूर्ण और बड़े विभागों की जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा का आभार व्यक्त किया। मंत्री राय ने जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे बिना समय गंवाए आज से ही अपना काम शुरू कर देंगे। उन्होंने स्वीकार किया कि इन विभागों को संभालने में चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन वे जनता की भलाई के लिए लगातार काम करते रहेंगे और उनकी कोशिश चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर काम करने की होगी। असम में मुफ्त राशन बंद होने को लेकर चल रही चर्चाओं पर स्थिति साफ करते हुए मंत्री ने कहा कि जुलाई के महीने में राज्य का नया बजट पेश होने जा रहा है। उन्होंने कार्ड धारकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बजट के तुरंत बाद राशन कार्ड धारकों को वे सभी सामग्रियां फिर से मिलने लगेंगी जो बीच में बंद हो गयी थीं। वहीं आम जनता से जुड़े सबसे बड़े मुद्दे यानी महंगाई को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों के मंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य के हर जिले का दौरा किया था। उस समय सभी विभागों के अधिकारियों को मिलाकर एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया था, जिसकी बदौलत महंगाई पर काफी हद तक काबू पाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में युद्ध जैसे वैश्विक हालातों की वजह से चीजों की कीमतों पर थोड़ा असर जरूर पड़ा है, लेकिन उनकी टीम महंगाई को रोकने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर प्रयास करती रहेगी। इसके साथ ही नगर विकास मंत्री के रूप में अपनी प्राथमिकताओं को सामने रखते हुए राय ने कहा कि शहरों में होने वाली शेष पृष्ठ आठ पर


पेज : 6 हिंद महासागर के बीचोंबीच होगा भारत का दबदबा

पेज : 8 विशाखापत्तन इस्पात संयंत्र में भीषण विस्फोट

पेज : 9 पुलिस का यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर वज्र प्रहार

# तृणमूल नेता सब्यसाची जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार, लोगों ने फेंके गोबर व अंडे

**कोलकाता, 9 जून (भा)।** तृणमूल कांग्रेस के नेता सब्यसाची दत्ता को जबरन वसूली और आपराधिक धमकी के आरोप में आज तड़के पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया गया और आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, बिधाननगर नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व महापौर सब्यसाची को एक व्यापारी की शिकायत के आधार पर रायगाची स्थित उनके आवास से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि दत्ता ने 2018 में व्यापारी से एक करोड़ से ज्यादा रुपये मांगे थे। हालांकि दत्ता ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि यदि यह साबित हो जाए कि उन्होंने एक रुपया भी लिया है तो वह फांसी पर लटकने के लिए तैयार हैं। दत्ता को अदालत लाते और वहां से ले जाते समय लोगों ने उन्हें चोर कहकर पुकारा तथा उनपर गोबर, टमाटर एवं अंडे फेंके। बिधाननगर उपमंडलीय अदालत ने दत्ता को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दत्ता ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में बारासात सीट से तृणमूल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे और कुछ साल बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी तृणमूल में लौट आये थे। इससे पहले बिधाननगर के पूर्व विधायक एवं पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार में मंत्री रहे सुजित बोस को भी हाल ही में एक नगर निकाय नौकरी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया था। दत्ता की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के मंत्री और बिधाननगर के विधायक शरद्वत मुखर्जी ने कहा कि भ्रष्टाचारी और अहंकारी एक-एक करके गिरफ्तार किये जा रहे हैं। उन्होंने बिधाननगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि तृणमूल के शासनकाल में जबरन वसूली करने वालों की धरपकड़ तेज हो गयी है।

## संभाजीनगर में महिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को वाहन से कुचलने की कोशिश

**मुंबई, 9 जून (भा)।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में छापेमारी के दौरान गुटखा माफिया के कथित गुर्गों ने एक महिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को वाहन से कुचलने की कोशिश की। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने आज आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफडीए) के मंत्री नरहरी झिरवाल ने गुटखे के अवैध कारोबार के खिलाफ कल चलाये गये अभियान के दौरान हुई इस घटना की निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जिले में तंबाकू के अवैध व्यापार के खिलाफ कार्रवाई के दौरान संदिग्ध गुटखा माफिया के गुर्गों ने महिला अधिकारी को निशाना बनाया। बयान में कहा गया कि जब अधिकारी अपने सरकारी कर्तव्यों का निर्वहन कर रही थीं, तब उन्हें कथित रूप से जान से मारने के इरादे से एक वाहन उनकी ओर दौड़ाया गया। झिरवाल ने महिला अधिकारी से फोन पर बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। एफडीए विभाग के मंत्री ने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन बेहद गंभीर हैं। पूरा प्रशासन महिला अधिकारी के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान सरकारी अधिकारियों पर हमला करने वालों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। झिरवाल ने कहा कि पुलिस और एफडीए अधिकारियों को आरोपियों तथा इस घटना से जुड़े कथित गुटखा माफिया के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि एफडीए ने हाल के सप्ताहों में महाराष्ट्र में अवैध गुटखा और नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज किया है, जिसके तहत कई अवैध कारोबारों पर कार्रवाई की गयी है। मंत्री ने कहा कि प्रवर्तन अभियानों में बाधा डालने की असामाजिक तत्वों की कोशिशें सरकार को लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने से नहीं रोक पाएंगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार कानून का राज कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र सरकार ने गुटखे के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है।

## चाय के साथ पेट्रोलियम, दवा और कॉस्मेटिक्स के निर्यात में भी असम अग्रणी : चौधरी

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** केंद्र सरकार के शासन के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित देशव्यापी अभियान के तहत आज गुवाहाटी में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की प्रमुख पहलों, उपलब्धियों और नीतिगत प्रयासों को रेखांकित करना था। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्रालय की संयुक्त सचिव कपिल चौधरी ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और वृक्षारोपण व वन उत्पादों पर विशेष ध्यान देने के साथ नये अवसर विषय पर विस्तार से बात की। उन्होंने भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के फायदों और वृक्षारोपण व वन उत्पाद क्षेत्रों के निर्यातकों, उत्पादकों और हितधारकों के लिए उभरते अवसरों पर प्रकाश डाला। चौधरी ने जानकारी दी कि साल 2025-26 में भारत का कुल निर्यात मूल्य 863 अरब डॉलर रहा, जो साल 2014-15 के 468 अरब डॉलर की तुलना में काफी अधिक है। इसमें 5.7 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर (सीएजीआर) दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेड कनेक्ट और ट्रेड इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (टीआईए) पोर्टल जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे, एक मजबूत शिकायत निवारण प्रणाली और व्यापार को आसान बनाने की पहलों ने देश के व्यापारियों और निर्यातकों की राह बेहद आसान की है। उन्होंने भारत-ब्रिटेन एफटीए और भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए जैसे विभिन्न देशों के साथ हुए समझौतों के फायदों को समझाते हुए कहा कि ये समझौते भारतीय व्यवसायों को नये अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने और देश की निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने में सक्षम बना रहे हैं। कृषि, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और वृक्षारोपण उत्पाद इन व्यापार समझौतों के प्रमुख लाभार्थियों में शामिल हैं। इसके साथ ही, उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) के बारे में बताया कि यह मिशन निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक, लचीला और डिजिटल रूप से संचालित ढांचा प्रदान करेगा, जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक की अवधि के लिए कुल 25,060 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। असम की निर्यात क्षमता पर बात करते हुए संयुक्त सचिव ने कहा कि चाय के अलावा पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला, दवाएं, सौंदर्य प्रसाधन और प्रसाधन सामग्री जैसी चीजों के निर्यात में भी राज्य से लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। उन्होंने असम में रबर क्षेत्र की बढ़ती संभावनाओं पर भी जोर दिया और बताया कि रबर अनुसंधान संस्थान द्वारा विशेष रूप से इस क्षेत्र के लिए विकसित दुनिया का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित रबर का पौधा असम में ही लगाया गया है। पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए रबर बोर्ड के कार्यकारी निदेशक एम. वसंतगेसन ने पूर्वोत्तर में रबर क्षेत्र में अवसर और चुनौतियां तथा रबर बोर्ड की भूमिका विषय पर बोलते हुए कहा कि असम में रबर की खेती की अपार संभावनाएं हैं। उत्पादन के मामले में केरल और त्रिपुरा के बाद असम देश में तीसरे स्थान पर आता है। वसंतगेसन ने कहा कि रबर बोर्ड प्राकृतिक रबर की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए खेती के क्षेत्र को बढ़ाने और उत्पादकता दोनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्तमान में पूर्वोत्तर क्षेत्र में रबर की खेती लगभग 1.8 लाख हेक्टेयर में होती है, जिसमें से करीब 50,000 हेक्टेयर क्षेत्र अकेले असम में है, जो भारत की रबर अर्थव्यवस्था में राज्य के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) द्वारा वित्त पोषित रबर बोर्ड की एक संयुक्त पहल इनरोड परियोजना के तहत साल 2021 से 2026 के दौरान पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में दो लाख हेक्टेयर में रबर के बागान विकसित करने की योजना है। इस परियोजना की शुरुआत से लेकर साल 2025 के रोपण सत्र तक 1,79,376 हेक्टेयर में रोपण का काम पूरा हो चुका है, जिससे 2,07,248 उत्पादकों को सीधा लाभ मिला है। पत्रकार सम्मेलन में पीआईबी गुवाहाटी की संयुक्त निदेशक पावनी गुप्ता भी उपस्थित थी। मीडिया से बातचीत करने से पहले कपिल चौधरी ने एक उद्योग संवाद सत्र में भी भाग लिया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के निर्यातकों, एमएसएमई, आईसीसी, चाय उद्योग के प्रतिनिधियों, खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं, निर्माताओं और स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर के निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए वैल्यू एडिशन, गुणवत्ता में सुधार, ब्रांडिंग और बाजार विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

## आर्य नगर की घटना दुर्भाग्यजनक : पूहिंस

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** पूर्वोत्तर हिंदुस्तानी सम्मेलन (पूहिंस) ने महानगर के आर्यनगर में गत रविवार को घटित विवाद को दुर्भाग्यजनक बताते हुए इसे चंद स्वार्थी और सिरफिरे लोगों द्वारा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर हिंदीभाषी समुदाय के खिलाफ भ्रामक और नफरत फैलाने वाला कृत्य करार दिया। सम्मेलन के महामंत्री एसपी राय ने कहा कि भारत एक बहुभाषी-बहु सांस्कृतिक देश है, जहां सभी लोगों को सिर उठाकर जीने का संवैधानिक अधिकार है। सर्वप्रथम हम भारतीय हैं फिर किसी प्रांत विशेष के। असमिया समाज विभिन्न भाषा-भाषी, गोष्ठी-जनगोष्ठी, प्रांत के लोगों को मिलाकर गठन किया गया है और हिंदीभाषी, असमिया समाज का अभिन्न अंग है। हिंदीभाषी लोगों का असम के सामाजिक-सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्रगति में अमूल्य योगदान रहा है। जहां तक महानगर के आर्यनगर की घटना का प्रश्न है तो महानगर पुलिस इस घटना की निष्पक्ष जांच कर रही है और हमें पुलिस पर पूरा भरोसा है। गुवाहाटी पुलिस दोषियों को शिनाख्त कर उनके घृणित मानसिकता और भ्रातृघाती संघर्ष कराने के कुकृत्य का पर्दाफाश अवश्य करेगी। हिंदीभाषी और असमिया समाज का सदियों से सौहर्द्रपूर्ण और सह-अस्तित्व का संबंध रहा है। किंतु कुछ स्वार्थी तत्व इस संबंध को मटियामेट करने और असम को अस्थिर करने की साजिश में लिप्त है। पर उनकी मंशा कभी सफल नहीं होगी। राय ने आगे कहा कि स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। ऐसे में हम सभी को शांति बनाकर माहौल को सामान्य बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

## अवैध तंबाकू कारोबार पर सख्त कार्रवाई व सहयोग जरूरी: पीएम इंडिया

**नयी दिल्ली, 9 जून।** वर्ल्ड एंटी-काउंटरफिटिंग डे के अवसर पर फिलिप मॉरिस इंडिया (पीएम इंडिया) ने अवैध तंबाकू व्यापार पर रोक लगाने के लिए सख्त प्रवर्तन, बेहतर निगरानी और उद्योग-सरकार के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (टीआईआई) के अनुसार, देश में गैरकानूनी सिगरेट का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत है, जिससे सरकार को हर वर्ष करीब 23,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होता है। पीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक नवनील कर ने कहा कि अवैध तंबाकू और ई-वेप उत्पादों का बढ़ता नेटवर्क राजस्व, उपभोक्ता सुरक्षा और नियामकीय व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए ट्रैक-एंड-ट्रेस जैसी प्रणालियों, खुफिया आधारित कार्रवाई और विभिन्न एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय की आवश्यकता है। हाल के महीनों में डीआरआई और अन्य एजेंसियों ने देशभर में लाखों अवैध सिगरेट और प्रतिबंधित ई-सिगरेट जब्त कर अवैध कारोबार के व्यापक नेटवर्क का खुलासा किया है।

## पीएमएसएमए के 10 साल पूरा होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**गुवाहाटी, 9 जून (ख. स.)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 साल पूरे होने के अवसर पर समूचे देश और राज्य के साथ साथ कामरूप महानगर जिले में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान केंद्र (पीएमएसएमए) और आयुष्मान अयोग्य मंदिर (एएएम) में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के साथ साथ, उन्हें पौष्टिक आहार और दवाइयों के लेने आदि के बारे में जानकारी ली। मालूम हो कि 2016 में इस अभियान की शुरुआत की गयी थी और हर महिले के 9 तारीख को उक्त केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पुर स्वास्थ्य की जांच और परामर्श निःशुल्क प्रदान किया जाता है।

## केजरीवाल, भगवंत व आतिशी ने अंबाला जेल में बंद आप नेता सिंगला से भेंट की

**अंबाला, 9 जून (भा)।** आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली की विधायक आतिशी ने आज पार्टी के गोवा मामलों के प्रभारी दीपक सिंगला से मुलाकात की, जो करोड़ों रुपये के धनशोधन मामले में अंबाला केंद्रीय जेल में बंद हैं। आप सूत्रों ने बताया कि जेल परिसर में पुलिस तैनाती के बीच उनकी यह मुलाकात करीब आधे घंटे चली। मुलाकात के बाद मान ने मीडिया से बात करते हुए सिंगला की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे राजनीति से प्रेरित कृत्य बताया।

## मायुमं कामाख्या शाखा की पेयजल सेवा



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** मारवाड़ी युवा मंच कमाख्या शाखा द्वारा सेवा भाव के इस पुनीत अभियान को निरंतर आगे बढ़ाते हुए आज आठगांव क्षेत्र में भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए 5000 से अधिक ठंडे पानी की बोतलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में हमारे दानदाता प्रमोद हरलालका का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। इस सेवा कार्यक्रम में अध्यक्ष नमिता दुधोड़िया, सचिव ममता सेठी, कोषाध्यक्ष नम्रता सुराणा तथा शाखा सदस्य जूही पांडे, साक्षी पोदार एवं नेहा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## चलचित्रम राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 10वां संस्करण अक्तूबर में

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** पूर्वोत्तर की जानी-मानी सांस्कृतिक संस्था और विश्व संवाद केंद्र असम की सहयोगी इकाई चलचित्रम द्वारा आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 10वां संस्करण इस बार 24 और 25 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस फिल्म महोत्सव का आयोजन महानगर के काहिलीपाड़ा स्थित ज्योति चित्रबन में होगा। चलचित्रम के अध्यक्ष नव ठाकुरिया और सचिव भगवत प्रीतम ने यह जानकारी साझा की है। गौरतलब है कि संस्था साल 2017 से लगातार हर वर्ष राष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव का आयोजन करती आ रही है। हर साल की तरह इस बार भी महोत्सव में 1 मिनट से लेकर 25 मिनट की अवधि वाली लघु फिल्मों के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय हमारी विरासत, हमारा गौरव रखा गया है। विश्व संवाद केंद्र असम के सहयोग से होने वाली इस राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव प्रतियोगिता में केवल पूर्वोत्तर के फिल्म निर्माता ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए भारतीय विरासत, स्वदेशी समाज, स्वतंत्रता आंदोलन के नायक, महाकाव्य और पौराणिक कथाएं, राष्ट्रीय एकता, कला और संस्कृति, पांडुलिपि, चित्रकला, संग्रहालय, संगीतकार, लेखक, स्वदेशी त्योहार, विभिन्न जातियां और जनजातियां, ऐतिहासिक स्मारक और विरासत स्थल, समाज सुधार, पारंपरिक खेल, महिला सशक्तिकरण, परंपरा और पारिवारिक मूल्य, योग और आयुर्वेद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, चाय और तेल, पर्यावरण, कृषि, शिक्षा, मानवाधिकार तथा पूर्वोत्तर में पर्यटन की संभावनाएं जैसे विषयों पर आधारित फिल्में स्वीकार की जाएंगी। इसके अलावा आयोजकों ने बताया कि भारतीय कला-संस्कृति, परंपरा, महिला, देशभक्ति, डिजिटल दुनिया, विकास, पर्यावरण, मानव और प्रकृति तथा भारतीय परिवार पर आधारित लघु कथा फिल्में, वृत्तचित्र और सजीवता फिल्में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकती हैं। साथ ही महोत्सव के आदर्शों से मेल खाने वाली लघु और पूर्ण अवधि (फीचर) की फिल्मों को भी स्क्रीनिंग के लिए भेजने की व्यवस्था की गयी है। प्रतियोगिता से जुड़ी सभी जानकारियों और नियमों के लिए चलचित्रम की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन किया जा सकता है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कुछ जरूरी नियम तय किये गये हैं, जिसके तहत 1 सितंबर 2025 से 1 सितंबर 2026 के बीच बनी फिल्में ही इस महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए पात्र होंगी। फिल्म जमा करने के लिए तारीखें तय की गयी हैं, जिसमें 10 जून से 30 जून तक बिना किसी शुल्क के फिल्में भेजी जा सकती हैं। इसके बाद 1 जुलाई से 19 जुलाई तक 500 रुपये शुल्क के साथ और 20 जुलाई से 2 सितंबर तक 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ प्रविष्टियां जमा की जा सकेंगी। इस बीच विश्व संवाद केंद्र असम के संपादक किशोर शिवम ने जानकारी दी है कि चलचित्रम के सुचारू संचालन के लिए वरिष्ठ पत्रकार नव ठाकुरिया को अध्यक्ष और अभिनेता-निर्देशक भगवत प्रीतम को सचिव मनोनीत करते हुए एक पूर्ण समिति का गठन किया गया है।

## नव्या लेडीज क्लब ने सात लोगों को कृत्रिम पैर लगवाकर दी नयी जिंदगी



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय नव्या लेडीज क्लब द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के जरूरतमंद व्यक्ति को कृत्रिम पैर उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश की गयी। जीएमसी रोड़ स्थित श्री महावीर विकलांग सहायता समिति में इन सभी लोगों का सफलतापूर्वक कृत्रिम पैर लगवाकर दी नयी जिंदगी दी गयी। अपने पैरो पर पुनः खड़े होने के बाद इन सभी लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। सभी ने क्लब के इस कार्य की खुले दिल से सराहना की। मानव सेवा का यह कार्य क्लब की सदस्य संगीता बाजोरिया के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रितु सराफ, सचिव रूपाली हिम्मतसिंहका, कोषाध्यक्ष मनीषा मोदी, सुनीता केड़िया, अनुभी जैन, शीतल जालान, सुमी अग्रवाल, संगीता बाजोरिया, रचना अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, नीता गोयनका, शिवानी अग्रवाल, सारिका गुप्ता, नीतू बखरेड़िया, कुसुम जैन एवं निवा सराफ सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रही। सभी ने मिलकर इस सेवा कार्य को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्लब की अध्यक्ष रितु सराफ ने कहा कि समाज के जरूरतमंद एवं दिव्यांग की सहायता करने के साथ महिला एवं नारी सशक्तिकरण करना ही संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। भविष्य में भी नव्या लेडीज क्लब इसी प्रकार के जनहित एवं सेवा कार्यों के माध्यम से महिलाओं एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाती रहेगी।

## पहली नौकरी पाना हुआ मुश्किल, 70 फीसदी युवाओं ने जतायी चिंता

**नयी दिल्ली, 9 जून।** नौकरी खोज मंच इनडीड की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 70 प्रतिशत युवाओं का मानना है कि पहली नौकरी हासिल करना 3 से 5 साल पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है। 2,633 नौकरी तलाशने वाले युवाओं पर किए गए सर्वे में पाया गया कि एंट्री-लेवल नौकरियों के लिए भी अनुभव की मांग बढ़ रही है। 72 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि उनसे पूर्व अनुभव मांगा गया, जबकि केवल 20 प्रतिशत को पढ़ाई के दौरान पेड इंटर्नशिप का अवसर मिला। रिपोर्ट के अनुसार, 61 प्रतिशत युवाओं को नौकरी के लिए आवेदन करने के बाद बहुत कम या कोई जवाब नहीं मिला, जबकि 49 प्रतिशत ने शॉर्टलिस्ट होना सबसे बड़ी चुनौती बताया।

## पारीक युवक परिषद, गुवाहाटी की नयी कार्यकारिणी गठित



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** पारीक युवक परिषद गुवाहाटी की नयी कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष दिनेश पारीक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परिषद के सुचारू संचालन, संगठन विस्तार एवं समाज हित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में पूर्व कार्यकारिणी के अनुभवी सदस्यों के साथ नये सदस्यों को जोड़ते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में दिनेश जोशी (गोगासर) को अध्यक्ष, पवन पारीक (बरजांगसर) को कार्यकारी अध्यक्ष, परमेश्वर पारीक (गोगासर) को मंत्री तथा प्रदीप पारीक (धीरासर) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्व अध्यक्ष रमेश पारीक (सरदारशहर) को कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया। समिति में मुकेश पारीक, राजेश पारीक, देवेश पारीक एवं संजय पारीक को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी ।सह-सचिव के रूप में नारायण पारीक एवं रजत पारीक तथा सह-कोषाध्यक्ष के रूप में प्रमोद पारीक एवं किशन पारीक को मनोनीत किया गया। स्पोर्ट्स एवं एक्टिविटी विंग में गौतम पारीक, महावीर पारीक एवं विनोद पारीक को जिम्मेदारी दी गयी है। संगठन समन्वयक के रूप में परिषद के वरिष्ठ सदस्य अमित पारीक, सिद्धार्थ पारीक, मुकेश पारीक, एवं रतन पारीक (ढ़ाढण) को दायित्व सौंपा गया है। कार्यकारिणी समिति में हिमांशु पारीक, रमेश पारीक, अजय पारीक, कौशल पारीक, अरविंद पारीक एवं मुरली पारीक को शामिल किया गया है। सलाहकार मंडल में दिनेश पारीक, शिवकुमार पारीक, इंदरचंद पारीक, श्याम पारीक, राकेश पारीक एवं परेश पारीक (गोगासर) को शामिल किया गया है। बैठक के दौरान संगठन की आगामी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। सदस्यों ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी और संगठित प्रयासों से समाज के विकास को नयी दिशा मिल सकती है।

**कोकराझार स्टेशन पर शेष कार्य**

ई-निविदा सूचना सं. 18/W-2/APDJ तारीख 05-06-2026। भारत के राष्ट्रपति की ओर से [illegible] निम्नलिखित कार्यों के लिए "ई-टेंडरिंग" प्रणाली के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित किया गया है निविदा संख्या. 08-AP-II-2026। कार्य का नाम: [illegible] कोकराझार स्टेशन के शेष कार्य [illegible] का प्रावधान, परिसंचारी इलाके, पहुंच मार्ग, [illegible] [illegible] परिसंचारी इलाके में [illegible]। निविदा राशि: ₹6,85,61,720.86/- धरोहर राशि ₹13,71,200/- निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 29-06-2026 को 15:00 बजे [illegible] एवं खुलेगी 15.30 बजे [illegible]। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्र के साथ विस्तृत विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), अलीपुरद्वार जंक्शन

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**कोकराझार स्टेशन पर शेष विद्युतीय कार्य**

निविदा सूचना स. AP/EL/03/26-27 तारीख: 04-06-2026। [illegible] निम्नलिखित कार्यों के लिए "ई-टेंडरिंग" प्रणाली के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित किया गया है निविदा संख्या. AP/EL/03/26-27 कार्य का नाम: [illegible] निविदा राशि: ₹1,08,37,685.75/- धरोहर राशि ₹2,16,800/- निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 26-06-2026 को 15:00 बजे [illegible] 15.30 बजे [illegible]। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्र के साथ विस्तृत विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी।

वरिष्ठ डीईई/जी एंड सीएचजी, अलीपुरद्वार जंक्शन

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**तिनसुकिया मंडल के शिवसागर टाउन एवं मुरकंगसेलेक रेलवे स्टेशन पर वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु ई-नीलाम**

तिनसुकिया मंडल के शिवसागर टाउन एवं मुरकंगसेलेक रेलवे स्टेशन पर [illegible] वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु ई-नीलाम। [illegible] ट्रिप्स/दिन 1095

ऑक्शन कैटलॉग संख्या. ADVT-TSK-26-03

| एलाईमेंट संख्या | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | शिवसागर टाउन स्टेशन में वाणिज्यिक विज्ञापन-[illegible] 02 |
| [illegible] | [illegible] | तिनसुकिया मंडल के मुरकंगसेलेक रेलवे स्टेशन पर वाणिज्यिक विज्ञापन |


नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समय: 23-06-2026 [illegible] 11.00 [illegible] एवं बंद होगी 11.40 घंटे में। [illegible]

नोट: [illegible] www.ireps.gov.in में ई-नीलाम [illegible]।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक (आईसी), तिनसुकिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

## पंचांग




तिथि संवत: प्रथम ज्येष्ठ (अधिक) कृष्ण पक्ष दशमी। विक्रम संवत 2083 शाके 1948, सूर्य उत्तरायण, ऋतु ग्रीष्म, नव संवत्सर (रौद्र) तारीख 10 जून बुधवार।

सूर्योदयकालीन नक्षत्र : उत्तराभाद्रपद प्रातः 9.20 बजे तक इसके बाद रेवती नक्षत्र रहेगा।

योग :- आयुष्मान प्रातः 6.29 बजे तक तदुपरांत सौभाग्य योग रहेगा।

करण-वणिज दोपहर 1.51 बजे तक तदुपरांत विष्टि करण रहेगा।

ग्रह विचार : (प्रातः 4.30) सूर्य-वृष, चंद्र-मीन, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

राहुकाल : दोपहर 12.00 बजे से 1.30 बजे तक रहेगा।

सूर्योदय : 4.30 बजे सूर्यास्त 6.14 बजे

**ज्योतिर्विद विकास तिवाड़ी**
**गुवाहाटी मो. 9529781915**

स्वत्वाधिकारी प्रातः खबर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, खबर बिल्डिंग, दूसरा तल्ला, साइकिल फैक्ट्री, कालापहाड़, गुवाहाटी- 781016 के लिए **श्याम सुंदर लाटा** द्वारा प्रकाशित तथा उनके लिए पीजी इंडिया लिमिटेड, मिनी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 (असम) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**E-mail :** pratahkhabar5@gmail.com, pratah_khabar@yahoo.com, **दूरभाष+फैक्स :** 0361-2492131, **मो. :** 091270-70355, **जोरहाट कार्यालय :** 0376-2370042, **फैक्स :** 0376-2370043, **E-mail :** pkhabarjrt@gmail.com

**एडिटर इन चीफ : चंद्रप्रकाश शर्मा**

**प्रकाशन से उत्पन्न सभी विवाद गुवाहाटी न्यायालय के अधीन।*

**संपादक : परमेश्वर सिंह**

# नमस्कार गुवाहाटी

मंगलवाणी




कर्म ही पूजा है और
भक्ति ही मार्ग है।

- श्री कृष्ण


प्रातः खबर

बुधवार, 10 जून, 2026


मौसम
अधिकतम 34
न्यूनतम 25


Ph. : 2548109
2730431
L. GOPAL JEWELLERS
9-11-14, Kuber A.C. Market
Guwahati - 781001
शुद्ध चांदी के बर्तनों एवं शुद्ध चांदी की सिल्ली व चांदी के सिक्कों का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान
22/22 KDM Gold Jewellery, Hallmark Gold Jewellery Branded Diamond Jewellery.

0361-2601385
9678211156
D. M. Jeweller's
(As You Like We are)
7/8 (L) Akram's Business Fancy Bazar, Guwahati-1
शुद्ध सील चांदी के बर्तन एवं असली सिक्कों का प्रतिष्ठित स्थान
We also deal in 22/22 KDM hallmark Jewelleries


# न्यू गुवाहाटी क्षेत्र के विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** न्यू गुवाहाटी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक दीप्लुरंजन शर्मा की उपस्थिति में आज उप-जिले के सभी विभागों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान इलाके की प्रमुख समस्याओं, जैसे कि हर साल होने वाली जलभराव व बाढ़ की स्थिति पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया और इसके स्थायी समाधान के लिए रूपरेखा तैयार करने की बात कही गयी। इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों को होने वाली पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए भी बैठक में एक बहुत ही सकारात्मक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे आने वाले समय में लोगों को पानी की किल्लत से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस समीक्षा बैठक में गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के मेयर मृगेन शरणीया, न्यू गुवाहाटी की उप-जिला आयुक्त अरुंधति नरह मिपुन के साथ-साथ प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी, विभाग प्रमुख और स्थानीय पार्षद उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विधायक को अपने-अपने विभागों के काम-काज और चल रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता से जुड़ी समस्याओं का समय पर निपटारा करें ताकि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके। सभी विभागों के आपसी तालमेल और इस बैठक में लिए गये फैसलों को क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# मालीगांव में मेयर शरणिया ने किया नवनिर्मित सभा गृह का उद्घाटन



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 9 के मालीगांव जयानगर क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को एक बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र के लोगों की सामाजिक और सांस्कृतिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जीएमसी के आवंटित कोष से एक आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित सभा गृह का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन मेयर मृगेन शरणीया ने पूरे विधि-विधान के साथ किया। यह नया सभा गृह स्थानीय स्तर पर होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, सामुदायिक बैठकों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक बेहतरीन और सर्वसुलभ मंच के रूप में काम करेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को अब ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस उद्घाटन समारोह के दौरान वार्ड नंबर 9 की स्थानीय पार्षद अर्चना दास विशेष रूप से उपस्थित रही। उनके साथ ही क्षेत्र की कई अन्य गणमान्य हस्तियां, सामाजिक कार्यकर्ता और बहुत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान मेयर ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल, दूरदर्शी और सुदृढ़ नेतृत्व में गुवाहाटी शहर को चौतरफा विकास की राह पर आगे ले जाने के प्रयास बेहद तेज गति से और निरंतर जारी हैं। सरकार और प्रशासन का यह संकल्प है कि शहर के हर वार्ड और हर मोहल्ले तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचे और इसी विकास यात्रा की अगली कड़ी के रूप में आज सुबह इस शानदार नये सभागृह को जनता को समर्पित किया गया है। उन्होंने गुवाहाटी हमारी जिम्मेदारी के संकल्प को एक बार फिर से दोहराया। उन्होंने वहां मौजूद सभी नागरिकों से बेहद भावुक और सशक्त अपील करते हुए कहा कि केवल प्रशासन के प्रयासों से किसी भी शहर को आदर्श नहीं बनाया जा सकता है। शहर की उन्नति, उसकी सुव्यवस्था, स्वच्छता और समग्र विकास को बनाये रखने में हर एक नागरिक की सक्रिय सहभागिता और जिम्मेदारी बेहद जरूरी है। मेयर ने सभी से आह्वान किया कि वे इस नवनिर्मित सार्वजनिक संपत्ति की देखभाल करें और गुवाहाटी को एक बेहतर व सुंदर शहर बनाने में प्रशासन का बढ़-चढ़कर सहयोग करें।

# मवेशियों से भरे वाहन जब्त, पांच बंदी



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** गड़चुक पुलिस ने दो वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान 62 मवेशियों को बरामद करने के साथ उन्हें सुरक्षित बचाया गया। इस दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपियों की शिनाख्त हजरत अली (30), समीर अली (20), नूरसफी शेख (19), आहेद अली (33) और नूरमोहम्मद अली (24) के रूप में की गयी।

# छात्र के अपहरण की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** महानगर के उलुबाड़ी क्षेत्र में एक स्कूली छात्र के कथित अपहरण के प्रयास की घटना सामने आने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आरोप है कि एक व्यक्ति ने चॉकलेट का लालच देकर एक नाबालिग छात्र को अपने साथ ले जाने की कोशिश की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह घटना उलुबाड़ी स्थित डीएवी स्कूल के पास हुई। चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र को एक व्यक्ति ने चॉकलेट देने का प्रलोभन दिया और उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। हालांकि छात्र ने सूझबूझ का परिचय देते हुए खुद को छुड़ा लिया और वहां से भाग निकला। बताया जा रहा है कि आरोपी कुछ दूरी तक बच्चे का पीछा करता रहा। इस दौरान आस-पास मौजूद लोगों की नजर घटना पर पड़ गयी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बी. बरूवा कॉलेज के समीप आरोपी को पकड़ लिया और बच्चे को सुरक्षित बचा लिया। घटना की सूचना तत्काल पलटन बाजार पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान प्रदीप दास के रूप में हुई है, जो बरपेटा जिले का निवासी बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर बच्चे के माता-पिता भी मौके पर पहुंचे और अपने पुत्र को सुरक्षित घर ले गये। छात्र सोलापाड़ाा निवासी अशोक बासफोर और हेमंती बासफोर का पुत्र है। इस संबंध में पलटन बाजार थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है। स्थानीय लोगों ने बच्चे को बचाने में जिस सतर्कता और तत्परता का परिचय दिया, उसकी व्यापक सराहना की जा रही है।

# सड़कों व फुटपाथों से हटा अवैध कब्जा

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** महानगर को साफ-सुथरा, सुंदर और जाम से मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन की टीम ने मठघरिया के इस्लाम नगर इलाके में सड़कों और फुटपाथों के किनारे किये गये अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया है। इस अभियान का मुख्य मकसद आम जनता और पैदल चलने वालों के लिए रास्तों को आसान बनाना है। अक्सर देखा जाता है कि फुटपाथों पर दुकानदारों या अन्य लोगों द्वारा कब्जा कर लिए जाने के कारण पैदल चलने वालों को मजबूरन मुख्य सड़क पर चलना पड़ता है। इससे जहां एक तरफ हादसों का खतरा बना रहता है, वहीं दूसरी तरफ सड़कों की चौड़ाई कम होने से शहर में भारी जाम लग जाता है। जनता की इसी परेशानी को दूर करने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है ताकि यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। प्रशासन के अधिकारियों ने साफ कहा है कि स्वच्छ गुवाहाटी के सपने को पूरा करने के लिए सार्वजनिक जगहों से अवैध कब्जे हटाना बेहद जरूरी है। शहर के लोगों को एक बेहतर और व्यवस्थित माहौल देने के लिए आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# परिसीमन प्रक्रिया में मंत्री अशोक सिंघल की मेहनत ने लायी रंग

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** जून हाल ही में संपन्न असम विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की जीत में जिस चीज ने बड़ा अंतर पैदा किया, वह है परिसीमन प्रक्रिया। परिसीमन के इस जटिल गणित को जीत की इबारत में बदलने वाले हैं राज्य सरकार के मंत्री अशोक सिंघल। उन्होंने न सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया, बल्कि शुरू से अंत तक ऐसी बारीकी से चीजों को दुरुस्त किया, कि वे भाजपा के पक्ष में गयी। सोशल मीडिया पर अक्सर चर्च में रहने वाले अशोक सिंघल असमिया नहीं हैं, बल्कि हिंदीभाषी हैं। इसी वजह से कई बार सोशल मीडिया पर उन्हें बेवजह आलोचना का सामना करना पड़ता है। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए ने अप्रत्याशित रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। इस परिणाम के पीछे परिसीमन प्रक्रिया का बड़ा योगदान माना जा रहा है। इस परिसीमन प्रक्रिया के पीछे मुख्य व्यक्ति अशोक सिंघल थे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा सरकार के निर्देश पर परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया था। हिमंत विश्व शर्मा चाहते थे कि परिसीमन इस तरह हो, जिससे हिंदू बहुल विधानसभा सीटों की संख्या बढ़े। देखा गया था कि पिछले चुनाव में कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं ने निर्णायक भूमिका निभायी थी। 2021 के चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं की सक्रियता के कारण मंगलदै और रोहा सीटें गंवानी पड़ी थी। भाजपा के लिए तेजपुर, बरसोला जैसी सीटें भी खतरे में पड़ गयी थी। इसलिए हिमंत विश्व शर्मा के लिए परिसीमन कराना बेहद जरूरी हो गया था। पूर्व सरकार के कार्यकाल में हिमंत विश्व शर्मा ने एक बैठक आयोजित की थी। उस बैठक में मंत्रिमंडल के कुछ सदस्य और भाजपा के कई नेता मौजूद थे। बैठक में परिसीमन प्रक्रिया पर चर्चा हुई और यह भी तय हुआ कि इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उसी समय मंत्री अशोक सिंघल ने पूरी जिम्मेदारी लेने की इच्छा जतायी, जिसके बाद परिसीमन की कमान उन्हें सौंप दी गयी। इस बारे में सोशल मीडिया या मीडिया में कोई खबर नहीं आयी थी। किसी को नहीं पता था कि अशोक सिंघल की पहल पर परिसीमन का काम चल रहा है। लगभग छह महीने तक अशोक सिंघल इस काम में जुटे रहे। इसके लिए उन्होंने एक विशेष टीम बनायी थी। इस टीम में भाजपा के किसी कार्यकर्ता को शामिल नहीं किया गया था। इसमें अशोक सिंघल के करीबी कुछ अधिकारी और विशेष सदस्यों का एक समूह शामिल था। लगभग छह महीने बाद जब अशोक सिंघल ने परिसीमन का मसौदा मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को सौंपा तो पूरे मसौदे की गहन समीक्षा की गयी। पता चला कि अशोक सिंघल के नेतृत्व वाली टीम ने करीब 21 सीटों को पुनः प्राप्त करने योग्य बना दिया है। यानी विधानसभा की 126 सीटों में से लगभग 21 सीटों पर पहले मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका थी, लेकिन परिसीमन के बाद इन सीटों पर मुस्लिमों के बजाय हिंदुओं की प्रधानता हो गयी। इतना ही नहीं अशोक सिंहल की पहल पर कई नयी सीटें भी बनायी गयी। इसके साथ ही बराक घाटी में मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या घटायी गयी। परिसीमन के कारण आमगुड़ी विधानसभा सीट का विलय कर दिया गया। इसके बाद परिसीमन की सूची सार्वजनिक हुई। शुरू में विपक्ष इस सूची का रहस्य नहीं समझ पाया। मुस्लिम बहुल सीटें क्यों घटीं, इस पर विपक्ष ने बार-बार सवाल उठाये। वास्तव में इसके जरिये धीरे-धीरे विपक्ष हिंदू मतदाताओं से ही दूर होता चला गया। यह भी रणनीति का एक हिस्सा था। परिसीमन समिति ने जिन सीटों पर असर डाला उनमें गोलकगंज, बिलासीपाड़ा पश्चिम, दुधनै, बोको, रोहा, नगांव, अभयापुरी, सरभोग, बरपेटा, बरखेत्री, मंगलदै, बरसोला, तेजपुर आदि शामिल है। इसके अलावा हिंदू बहुल पांच नयी सीटें बनायी गयी, जिनमें से तीन बराक घाटी की हैं। नये सिरे से रंगानदी और सिसिबर गांव सीटें बनी। परिसीमन प्रक्रिया के कारण अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कई सीटें सामान्य सीटों में बदल गयी, जैसे देरगांव और मंगलदै। इसका फायदा भी भाजपा को मिला। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में रोहा और मंगलदै सीटों पर भाजपा मुख्यतः मुस्लिम मतदाताओं के कारण हार गयी थी। इस बार प्रक्रिया बदल दी गयी। परिसीमन के जरिये अशोक सिंघल की टीम ने रोहा में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या घटा दी। रोहा के कुछ मुस्लिम मतदाताओं को बढ़मपुर में शामिल किया गया। इसी तरह नगांव के कुछ मुस्लिम मतदाताओं को धिंग सीट में स्थानांतरित किया गया। मंगलदै में अधिकांश मुस्लिम मतदाताओं को दलगांव सीट में भेज दिया गया। पिछले चुनाव में बरसोला और तेजपुर में भाजपा या गठबंधन के सदस्य जीते थे, लेकिन अंतर बहुत कम था। वास्तव में तेजपुर और बरसोला में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही थी। परिसीमन के जरिये तेजपुर के कुछ मुस्लिम मतदाताओं को नदुवार सीट में भेजा गया। सिंघल ने बरसोला में नये सिरे से अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र ढेकियालजुली के कुछ बागान क्षेत्र जोड़े और मजबूती को साझा किया। ऐसी स्थिति में इस बार भाजपा गठबंधन ने बरसोला और तेजपुर में बड़े अंतर से जीत दर्ज की। हकीकत यही है कि इस पूरी प्रक्रिया के पीछे एकमात्र शख्स अगर शिद्दत से लगा था तो वह सिंघल ही थे।


डिब्रुगढ़ वर्कशॉप में विद्युतीय कार्य

निविदा सूचना संख्या: EL-1/DBW/1/ALT/2025-26/68 RT-3 दिनांक: 04.05.2026 निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या: EL-1/DBW/1/ALT/2025-26/69 RT-3; कार्य का नाम: [illegible] 25किलोवाट अल्टरनेटर [illegible] तथा 25किलोवाट अल्टरनेटर एवं बेल्ट [illegible] का [illegible] कार्य। निविदा मूल्य: ₹ [illegible] 34,900/- जीएसटी शामिल। बोली सुरक्षा: ₹37,300/- निविदा के बंद होने की तिथि और समय 25-06-2026 को 15:00 बजे और खोलने की 15:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर दिनांक 25.06.2026 के 15:00 बजे तक उपलब्ध होंगे।

उप सीईई, मैक. वर्कशॉप, डिब्रुगढ़
पूर्वोत्तर सीमा रेल
यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ


# युवती की हत्या को लेकर खेत्री थाने का घेराव

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** डिमोरिया की युवती की हत्या किये जाने को लेकर माहौल गर्म रहा। इस घटना में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए आज स्थानीय लोगों ने खेत्री थाने का घेराव किया। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले एक युवती का शव खुले मैदान से बरामद किया गया था। वहीं इस घटना के बाद युवती के अभिभावकों ने घटना में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की थी, जिसकों लेकर इलाके का माहौल गर्म रहा। वहीं पुलिस द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेने तथा आरोपी को सख्त सजा देने के आश्वासन के बाद ही स्थिति कुछ हद तक नियंत्रण में आयी।

# महानगर में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** असम में जनगणना 2027 के पहले चरण यानी मकानों की गिनती और उनकी सूची बनाने के काम की तैयारियां शुरू हो गयी है। इसके लिए लालमाटी स्थित भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) में आज से चार दिनों का एक खास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। आज से 12 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में असम के अलग-अलग जिलों से आए 44 अफसर और जनगणना विभाग के 15 अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य मकसद ऐसे मुख्य प्रशिक्षक तैयार करना है, जो आगे चलकर मैदान में काम करने वाले 1,109 प्रशिक्षक को प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद ये पूरे राज्य में करीब 83,535 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सिखाएंगे कि जनगणना का काम कैसे करना है। प्रशिक्षण के पहले उद्घाटन समारोह में असम के जनगणना निदेशक विश्वजीत पेगु, सचिव जतिन बोरा और आईआईई गुवाहाटी के निदेशक प्रितम दत्त समेत कई बड़े अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में आये अधिकारियों ने कहा कि देश के विकास, सही योजनाएं बनाने और सरकारी नीतियां तैयार करने के लिए जनगणना का डेटा बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी जुटाने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना सबसे महत्वपूर्ण काम है। मालूम हो कि आज के सत्र में उन्हें मकानों की गिनती करने के नियम, मैदान में काम करने के तरीके और इस बार इस्तेमाल होने वाले नये डिजिटल टूल्स और मोबाइल ऐप्स के बारे में बारीकी से समझाया गया। उन्हें इस बारे में व्यावहारिक रूप से समझाया गया ताकि किसी को कोई भ्रम न रहे। इस पूरे कार्यक्रम को बेहतर ढंग से चलाने के लिए अधिकारियों को दो बैचों में बांटा गया है, जिन्हें चार राष्ट्रीय प्रशिक्षक विकाश नाथ, नयनमणि गोगोई, उत्पल शर्मा और मोहम्मद शफीकुर रहमान प्रशिक्षण दे रहे हैं। अगले तीन दिनों तक यह व्यवहारिक प्रशिक्षण इसी तरह जारी रहेगी।


निविदा सूचना रद्दीकरण

प्रशासनिक कारणों से ई-निविदा सूचना संख्या: CON/J-I/IMPHAL/2025-26/02. दिनांक 17-03-2026 के अंतर्गत जारी निम्नलिखित ई-निविदा संख्या DYCE-C-3-IMP-HV-25-26-02R को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

उप सीई/कॉन-3/इम्फाल
पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन
यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ

जल आपूर्ति अवसंरचना का संवर्धन एवं उन्नयन

निविदा सूचना संख्या: Sr.DEE/LMG/07 of 2026-27 दिनांक: 04-05-2026 निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या: EL-LM-26-27-05 कार्य का नाम: [illegible] के अधिकार क्षेत्र में जल आपूर्ति अवसंरचना, विद्युत आपूर्ति प्रणाली एवं उपकरण का संवर्धन एवं उन्नयन, [illegible] और 10 [illegible] वाइंडिंग के [illegible] सहित प्रतिस्थापन एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। निविदा मूल्य: ₹ [illegible] अग्रिम राशि: ₹4,35,300/- निविदा के बंद होने की तिथि और समय 06-07-2026 को 11:00 बजे और खोलने की 11:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी 06-07-2026 को 11:00 बजे तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

सीनियर डीईई (जी एंड सीएलजी), लामडिंग
पूर्वोत्तर सीमा रेल
यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ








# युवाओं में अध्यात्म की रुचि पैदा करने की जरूरत : नंदू महाराज



**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** हरिद्वार मुफिम भवन में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ गुवाहाटी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक नंदू महाराज जाजरा ने कहा कि जो प्राणी पाचों ज्ञान इंद्रिय को वश में नहीं कर सकते, उनके दशा की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं में अध्यात्म की रुचि पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति एक ऐसी है, जिसमें प्राणी मात्र को ईश्वर का रूप मानकर सर्वे भवंतु सुखिनः का उद्घघोष किया है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक संगठनों, महात्माओं, साधु-संतों तथा विद्वानों का राष्ट्रीय धर्म बनता है कि इस संक्रमण काल में अपने मंदिर, मठों तथा ज्ञान को जनसाधारण में भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिए युवाओं को जागृत करें। इस कार्यक्रम में सहयोग करने वालों को महाराज ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनके सभी पीतरों को शांति मिले तथे परिवार में सुख-शांति बनी रहे।



प्रातः खबर

बुधवार, 10 जून 2026

# मंत्री पीयूष ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**नगांव, 9 जून (ख.सं)।** नगांव जिले के नवनियुक्त अभिभावक मंत्री पीयूष हजारिका आज नगांव पहुंचे और सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। कृषि, सिंचाई आदि विभागों के प्रभारी मंत्री ने जिला आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान और मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार ने दो लाख लोगों को नयी नौकरियां देने का निर्णय लिया है, लेकिन बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए यह पर्याप्त नहीं है। इसलिए स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान के तहत 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाएंगे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले लोग उसका सही उपयोग करें यह सुनिश्चित किया जाए।मंत्री ने जिले में कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों के पंजीकरण की संख्या में वृद्धि पर भी जोर दिया। जिले की सिंचाई योजनाओं के माध्यम से बहुत कम कृषि क्षेत्र को लाभ मिलने पर उन्होंने गहरी चिंता और असंतोष व्यक्त किया तथा खराब या निष्क्रिय योजनाओं को पुनर्जीवित करने के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।उन्होंने घोषणा की कि वह जल्द ही पुनः नगांव आएंगे और सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली अधिकांश वस्तुएं बाहर से आती हैं। इस परनिर्भरता को कम कर उत्पादन आधारित कार्यों में युवाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी तभी राज्य का समुचित विकास संभव होगा। उल्लेखनीय है कि नयी मंत्रिपरिषद में शामिल होने के बाद आज पहली बार उन्होंने नगांव जिले का दौरा कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगांव-बटद्रवा के विधायक रूपक शर्मा, बढ़मपुर के विधायक जितु गोस्वामी, रोहा के विधायक शशिकांत दास, धिंग के विधायक मेहबूब मुक्तार, सामगुड़ी के विधायक तांजिल हुसैन, रुपहीहाट के विधायक नुरुल हुदा सहित जिले के लगभग सभी विधायक उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने मंत्री का स्वागत किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में जिले के विकास के लिए सभी अधिकारी तत्पर हैं। बैठक के प्रारंभ में जिला आयुक्त ने मंत्री को फूलाम गामोछा और शराई भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला विकास आयुक्त, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त आयुक्तों सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने सभी अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बातचीत भी की। इससे पहले उन्होंने होजाई जिले में भी इसी प्रकार की समीक्षा बैठक में भाग लिया था।



# रंगिया में पौरसभा अध्यक्ष पर हमला, तीन चढ़े पुलिस के हत्थे

**रंगिया, 9 जून (नि.सं)।** रंगिया पौरसभा के अध्यक्ष अमरेंद्र लहकर पर कथित हमले के बाद आज रात शहर में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गयी। घटना में रुद्रमणि ढाबा के मालिक जैनूर अली समेत कुछ लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक विवाद को लेकर हुई कहासुनी के बाद अमरेंद्र लहकर और उनके साथ मौजूद मानस बेजबरुआ, अंजन भुयां तथा पंकज कलिता पर कथित रूप से हमला किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के विरोध में बजरंग दल सहित बड़ी संख्या में समर्थक रात में रंगिया पुलिस थाने के सामने एकत्र हुए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। पुलिस ने मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए रुद्रमणि ढाबा को सील कर दिया गया है तथा क्षेत्र में अर्धसैनिक बल तैनात किया गया है। दो डीएसपी और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जबकि कामरूप के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं रंगिया में कैंप कर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। मुख्य आरोपी बताए जा रहे रुद्रमणि ढाबा का मालिक जैनूर अली फिलहाल फरार हैं। पुलिस उसकी तलाश में अभियान चला रही है। मामले की जांच जारी है।



# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा



**कोकराझाड़, 9 जून (ख.सं)।** कोकराझाड़ की एक विशेष अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में दोषी सनवर हुसैन को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत में पेश किये गये दस्तावेजों के अनुसार दोषी सनवर हुसैन ने शादी का झांसा देकर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसका यौन शोषण किया। यह मामला तब उजागर हुआ जब पीड़िता गर्भवती हो गयी। बताया गया है कि घटना के बाद जब आरोपी ने भागने की कोशिश की, तो स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने 27 अक्टूबर 2022 को कोकराझाड़ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने मामले की गहन जांच करते हुए साक्ष्य जुटाए और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किये गये सबूतों, गवाहों के बयानों और जांच रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन किया। सभी तथ्यों को सही पाते हुए कोकराझाड़ की विशेष अदालत ने सनवर हुसैन को दोषी करार दिया और उसे 20 साल की सश्रम कारावास के साथ-साथ 50,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनायी।

# मायुमं ढेकियाजुली शिखर शाखा का मार्गदर्शन कार्यक्रम




**ढेकियाजुली, 9 जून (ख.सं)।** मारवाड़ी युवा मंच ढेकियाजुली शिखर शाखा द्वारा आज दिन के 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक मार्गदर्शन शीर्षक एक भव्य कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों में ढेकियाजुली गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य गौतम राजखोवा, विवेकानंद सिस्टर निवेदिता स्कूल के शिक्षक अर्णव सेन, लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा अकादमी के प्रधानाचार्य काजल बोरा, किड्स हेवन इंग्लिश स्कूल के शिक्षक राजेश करकेटा, राष्ट्रभाषा विद्यापीठ के प्रधानाचार्य विधान मिश्र, रेजोनेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य राजपिन्टू ग्वाला, देवेंद्र ग्रीन ग्रोव इंग्लिश हाई स्कूल के शिक्षक आशीष दास, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष अमित चांडक, शाखा के सलाहकार महेंद्र कुमार चांडक, शाखा अध्यक्ष आकाश पाटोदिया, शाखा मंत्री नेमीचंद शर्मा तथा गुवाहाटी के कैरियर कोच दिनेश लाहोटी की मां संतोष देवी लाहोटी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष देवी लाहोटी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम में ढेकियाजुली के सात विभिन्न विद्यालयों से लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनेश लाहोटी ने अपने प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र की शुरुआत करते हुए, विद्यार्थियों को कैरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण, कौशल विकास एवं भविष्य की संभावनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यक्रम के मध्य में मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों द्वारा लगभग दस मिनट का विश्राम रखा गया, जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच अल्पाहार स्वरूप जूस, फल एवं स्नैक्स वितरण किया गया कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन रूपा लाहोटी द्वारा अत्यंत सुंदर एवं व्यवस्थित ढंग से किया गया। कार्यक्रम की संयोजक रही ममता पारीक। अंत में शाखा मंत्री नेमीचंद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं मंच के सदस्यों,सलाहकारों का आभार व्यक्त किया।

# अवैध व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को शीघ्र हटाने के निर्देश

**बिजनी, 9 जून (ख.सं)।** चिरांग जिले में हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए देखा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर राजमार्ग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाये गये व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश देने के साथ ही उन्हें खाली करने का आदेश जारी किया गया है। विशेष रूप से राजमार्ग की संपर्क सड़कों (सर्विस रोड) पर दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह सख्ती बरती गयी है। राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जा कर व्यापार करने वाले लोगों से अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जल्द से जल्द हटाने की अपील की गयी है। अन्यथा आगामी 11 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान (उच्छेद) चलाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर अतिक्रमण कर व्यापार करने पर रोक लगा रखी है। इसके अलावा, चिरांग जिला प्रशासन ने भी इस मामले में जल्द से जल्द राजमार्ग से अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुचारू बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर चिरांग जिले के बोरतालोबा बाजार फ्लाईओवर के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सूचित किया है कि राजमार्ग के दोनों ओर 19.5 मीटर के दायरे में आने वाले सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को यदि जल्द खाली नहीं किया गया, तो आगामी 11 जून को उन्हें हटा दिया जाएगा।

# तुलीराम रंग्हांग ने की पीएसपी की प्रगति की समीक्षा



**खेरनी, 9 जून (ख.सं)।** कार्बी आंग्लांग स्वायत्त परिषद (काक) के मुख्य कार्यकारी सदस्य (सीईएम) और विधायक डॉ. तुलीराम रंग्हांग ने कल कार्बी आंग्लांग और पश्चिम कर्बी आंग्लांग जिलों में पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी) की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक तारालांग्सू स्थित काजिर रंग्हांगपी गेस्ट हाउस में आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी उत्पादन को बढ़ावा देने वाले इन महत्वपूर्ण स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को तेज गति प्रदान करना था, ताकि दोनों पहाड़ी जिलों में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और सतत विकास को बढ़ावा मिल सके। डॉ. तुलीराम रंग्हांग ने बैठक में काक की मजबूत प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि ये पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं क्षेत्र में दीर्घकालिक बिजली स्थिरता और हरित ऊर्जा विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बैठक में अमरसिंह टिस्सो, लोकसभा सांसद, विभिन्न कार्बी आंग्लांग जिले के विधायक, कार्यकारी सदस्य (ईएम) और स्वायत्त परिषद सदस्य (एमएसी), काक के स्पीकर एवं डिप्टी स्पीकर, के.के. द्विवेदी, (आईएएस) असम के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं पावर विभाग, असम सरकार, दिलीप तेरांग, (एसीएस) काक के प्रधान सचिव, काक के राजस्व एवं वन विभाग के सचिव, कार्बी आंग्लांग के जिला आयुक्त, कार्बी आंग्लांग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एपीडीसीएल के अधिकारी, परियोजना से जुड़े हितधारकों के प्रतिनिधि एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# विशिष्ट नागरिक मुकुट बोरा का निधन

**नगांव, 9 जून (ख.सं)।** नगांव शहर के अमोलापट्टी निवासी, नगांव नगरपालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा विशिष्ट नागरिक मुकुट बोरा (78) का रविवार की रात नगांव के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी तबीयत अधिक बिगड़ जाने पर उन्हें तत्काल एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया लेकिन कुछ समय बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।स्वर्गीय मुकुट बोरा नगरपालिका प्रशासन कर्मचारी संघ के एक अग्रणी नेता थे। इसके अलावा उन्होंने पानीगांव दुर्गा पूजा उत्सव समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष के रूप में भी कई कार्यकाल तक अपनी सेवाएं दी थीं।परोपकारी स्वभाव, सदैव मुस्कुराते रहने वाले, विनम्र और सज्जन व्यक्तित्व के धनी मुकुट बोरा के निधन का समाचार फैलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित किये।

# मंडलीय सभा व प्रशिक्षण कार्यशाला संकल्प 2.0 का आयोजन



**तेजपुर, 9 जून (ख.सं)।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के मंडल की मंडलीय सभा एवं प्रशिक्षण कार्यशाला संकल्प 2.0 का सफल आयोजन मारवाड़ी युवा मंच, तेजपुर शाखा एवं तेजपुर जागृति शाखा के संयुक्त आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभा की अध्यक्षता मंडल के उपाध्यक्ष अमित चांडक ने की। मंच पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष हिमशिखर खंडेलिया, मंडल के सहायक मंत्री मारुत करवा, तेजपुर शाखा के अध्यक्ष अंकित मंत्री तथा तेजपुर जागृति शाखा की अध्यक्ष रजनी डागा उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन विष्णु डागा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात आतिथ्य शाखाओं द्वारा अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। सभा के दौरान मंडल उपाध्यक्ष अमित चांडक ने विभिन्न शाखाओं की भावी कार्ययोजनाओं एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की। इस विचार-विमर्श से सभी शाखाओं को संगठनात्मक गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण सत्र में पीटीए चेयरमैन मनीष खाटूवाला एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष हिमशिखर खंडेलिया ने मंच की नीतियों, नियमों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्यों के कर्तव्यों एवं दायित्वों पर भी प्रकाश डाला। उपस्थित सदस्यों में नयी ऊर्जा एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए मनीष खाटूवाला ने अपनी चर्चित *बिजनेस की कचौरी* कार्यशाला के माध्यम से व्यापार प्रबंधन एवं नेतृत्व के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए, जिसकी सभी प्रतिभागियों ने सराहना की। इस अवसर पर सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को विशेष पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में तेजपुर शाखा के सचिव अमन सारडा एवं मंडल के सहायक मंत्री मारुत करवा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। तेजपुर शाखा एवं तेजपुर जागृति शाखा ने मंडल के उपाध्यक्ष अमित चांडक एवं सहायक मंत्री मारुत करवा के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस महत्वपूर्ण मंडलीय सभा एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन संभव हो सका।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ मना दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस



**नगांव, 9 जून (न.सं)।** नगांव की अधिष्ठात्री देवी के रूप में विख्यात दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस इस वर्ष भक्ति, संगीत और श्रद्धा के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया। श्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर कल पूरे दिन *जय माता दी* के जयघोष और भजनों की मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान रहा। जय अम्बे सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया तथा माता रानी का विशेष शृंगार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहित बंका एवं कृष्णा बंका द्वारा सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद समिति की सदस्याओं ने अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया। अखंड कीर्तन में कांता भरतीया, यशोदा माहेश्वरी, मीना धाणीवाल, तुलसी बंका, उमा चौधरी, लक्ष्मी बिदासरिया, लता शोभासरिया, हर्षदा सोलंकी, राजू धानुका, बबीता शर्मा, मंजू शर्मा, पूर्णिमा देवी मोर, मंजू शोभासरिया, उषा देवी पोद्दार, सुलोचना तोदी, मंजू खेतावत, उर्मिला सिंह, प्रमिला अग्रवाल, इंदु देवी अग्रवाल एवं राजू देवी गिनोड़िया सहित जय अम्बे सत्संग समिति की सभी महिला सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दोपहर बाद आयोजित भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सुप्रसिद्ध भजन गायक अरुण नागरका ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर स्नेहा शर्मा, दीपिका वर्मा, आदित्री पाल, पत्रकार अजय महतो, यतिन्द्र उपाध्याय, अनिल प्रजापत तथा मुकेश पोद्दार ने भी माता के भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सभी कलाकारों का फूलाम गामोछा भेंट कर सम्मान किया गया। सायंकाल माता को गजरा एवं चुनड़ी अर्पण करने की विशेष रस्म भी संपन्न हुई। इस दौरान पायल दुग्गड़ और प्रकृति अग्रवाल ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं समिति की सदस्याओं ने भी सामूहिक नृत्य के माध्यम से माता को चुनरी अर्पित की। इस प्रस्तुति का गायन समिति अध्यक्ष मुकेश पोद्दार एवं अरुण नागरका ने किया। कार्यक्रम के दौरान माता रानी को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या 7 बजे महाआरती के साथ पूरे आयोजन का समापन हुआ। समिति के अध्यक्ष मुकेश पोद्दार ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्याओं, कलाकारों, श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जय अम्बे सत्संग समिति द्वारा दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस स्थापना काल से ही निरंतर श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाता रहा है। एक दिन के लिए मंदिर नहीं, पूरा परिसर मानो माता के दरबार में तब्दील हो गया था, जहां भक्ति ने संगीत का हाथ थामा और श्रद्धा ने उत्सव का रूप ले लिया।

# अवैध लकड़ी तस्करी के आरोप में दो धराये



**कोकराझाड़, 9 जून (ख.सं)।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रानीघुली ने भारत-भूटान सीमा पर तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। सीमा चौकी (बीओपी) दादागिरी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी और वन विभाग, देवश्री की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर दो तस्करों को अवैध लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। संयुक्त अभियान में मिली कामयाबी प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सहायक कमांडेंट भरत शरण के नेतृत्व में बीओपी दादागिरी की टीम ने वन विभाग के साथ मिलकर भारत-भूटान सीमा स्तंभ संख्या 170/3 के पास स्थित आईपॉली क्षेत्र में विशेष गश्त और छापेमारी की। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से काटी गयी लकड़ियों की तस्करी में लिप्त दो व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। कानूनी कार्रवाई जारी पकड़े गये तस्करों और जब्त की गयी लकड़ियों को आगे की कानूनी प्रक्रिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए फॉरेस्ट बिट देवश्री को सुपुर्द कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा के प्रति एसएसबी प्रतिबद्ध छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने स्पष्ट किया है कि भारत-भूटान सीमा पर नियमित गश्त, कड़ी निगरानी और निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। एसएसबी की इन सक्रिय गतिविधियों के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। बल के अधिकारियों ने दोहराया कि सीमा पर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सशस्त्र सीमा बल पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी तस्करी के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


# जर्नल एम्पोरियम का स्वर्ण जयंती समारोह संपन्न

**नलबाड़ी, 9 जून (ख.सं)।** नलबाड़ी शहर के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान जर्नल एम्पोरियम के संस्थापक तथा नलबाड़ी में विभिन्न समाचार पत्रों के प्रमुख वितरक सुरेंद्र चंद्र वैश्य ने वर्षों से अपने अधीन कार्यरत हॉकरों के माध्यम से लोगों तक सुबह-सुबह उनके घरों में समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की है, जब अधिकांश लोग अभी सो रहे होते हैं। उन्होंने वर्ष 1972 में जिले के आरिकुची चौक से 30 प्रतियों दैनिक असम और 10 प्रतियों द असम ट्रिब्यून के साथ समाचार पत्र व्यवसाय की शुरुआत की थी। बाद में 1975 में उन्होंने अपने इस व्यवसाय को नलबाड़ी शहर के पीएनसी रोड पर स्थानांतरित किया। उस समय समाचार पत्रों के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि ने उन्हें इस व्यवसाय के प्रति और अधिक आकर्षित किया। वैश्य का प्रकाशन संस्थान जर्नल एम्पोरियम आज असम के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों में से एक है। अब तक इस संस्थान से विभिन्न लेखकों की लगभग 850 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वैश्य द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध साहित्यकार निरुपमा बरगोहाईं की अभियात्री, अरुण शर्मा की आशीर्वादर रंग, मेदिनी चौधरी की विपन्न समय तथा महिम बोरा की एधानी माहीर हांहि जैसी पुस्तकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। इसके अतिरिक्त ये शे दोर्जी थोंगची की पापर पोखुरी को असम साहित्य सभा का सर्वोच्च विष्णुप्रसाद राभा पुरस्कार तथा मनोज कुमार गोस्वामी की समीरण बरुवा आहि आछे को कथा पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

# तेरापंथ महिला मंडल, बंगाईगांव ने आयोजित की श्री उत्सव प्रदर्शनी



**बंगाईगांव, 9 जून (ख.सं)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन एवं सक्षम नारीसशक्त नारी परियोजना के अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल, बंगाईगांव द्वारा स्थानीय तेरापंथ भवन में एक दिवसीय श्री उत्सव प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम एक कदम स्वावलंबन की ओर रही, जिसका मुख्य उद्देश्य महिला स्वावलंबन, उद्यमिता एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायिका दीप्तिमयी चौधरी ने किया। प्रदर्शनी में असम एवं राजस्थान की संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। विभिन्न स्टॉलों पर खाद्य पदार्थ, परिधान, आभूषण, कॉस्मेटिक्स, हस्तशिल्प, होम डेकोर एवं स्किनकेयर उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। सभी स्टॉलों का संचालन महिलाओं द्वारा किया गया। इस आयोजन में बंगाईगांव सहित गुवाहाटी, बरपेटा, अभयापुरी, ग्वालपाड़ा एवं बिलासीपाड़ा की महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की विशिष्ट आमंत्रित बहन शांति बैद ने आदर्श परिवार, सक्षम नारीसशक्त नारी, समृद्ध राष्ट्र विकास योजना एवं तुलसी शिक्षा परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। परियोजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगायी गयी। अपने संबोधन में शांति बैद ने कहा कि श्री उत्सव महिलाओं की प्रतिभा, आत्मनिर्भरता एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रभावी मंच है। राजस्थानी थीम के अनुरूप स्टॉल सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमें प्रथम पुरस्कार कविता सुराणा एवं भावना कोठारी को तथा द्वितीय पुरस्कार बिलासीपाड़ा की डिंपा अग्रवाल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आयोजित निःशुल्क लकी ड्रॉ ने आगंतुकों में विशेष उत्साह का संचार किया। स्थानीय नागरिकों ने महिला उद्यमियों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली। मंडल अध्यक्षा कविता कोठारी एवं सचिव पूजा कोठारी ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों, आगंतुकों एवं महिला उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी एवं सफल पहल सिद्ध हुआ।



# त्रिपुरा के मुख्यमंत्री साहा ने की शिक्षा क्षेत्र की समीक्षा




**अगरतला, 9 जून (एजें)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने राज्य की शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से चल रही पहलों का आकलन करने और भविष्य की प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार करने के लिए शिक्षा विभाग की एक गहन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से बैठक का विवरण साझा करते हुए, मुख्यमंत्री ने त्रिपुरा में प्रत्येक बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। साहा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षक-छात्र अनुपात में सुधार, शैक्षिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्कूलों में सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'प्रत्येक बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना हमारी सबसे बड़ी प्रतिबद्धता है। हम राज्य भर में शिक्षक-छात्र अनुपात में सुधार, शैक्षिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।' विभिन्न शैक्षिक पहलों की प्रगति और पूरे त्रिपुरा में शैक्षणिक मानकों, बुनियादी सुविधाओं और समग्र शैक्षिक परिणामों को और बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार पूरे राज्य में छात्रों के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित करने के लिए स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार, शिक्षा तक पहुंच का विस्तार और शिक्षण की गुणवत्ता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## गैर-वैधानिक योजनाओं का उचित उपयोग करने का आह्वान

**इटानगर, 9 जून (एजें)।** ऑल अरुणाचल प्रदेश वर्कर्स वेलफेयर सोसाइटी ने राज्य सरकार से अरुणाचल प्रदेश बिल्डिंग एंड अंडर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के तहत गैर-वैधानिक योजनाओं का उचित उपयोग करने का आग्रह किया है ताकि श्रमिक समुदाय को लाभ मिल सके। सोसाईटी के महासचिव कार्बिया सोनम तारा ने आज अरुणाचल प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि उन्होंने इस संबंध में अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव को एक ज्ञापन सौंपा है और आरोप लगाया है कि गैर-वैधानिक निधि का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से उन कथित गैर-वैधानिक योजनाओं को बंद करने का आग्रह किया, जिनका उपयोग उनके उद्देश्य के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आरटीआई आवेदन के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों की जांच से श्रम कल्याण उपकर निधि के उपयोग में कथित अनियमितताएं सामने आई हैं। सोनाम ने कहा है कि भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के तहत विभिन्न निर्माण परियोजनाओं से एकत्र किया गया 1% श्रम कल्याण उपकर का दुरुपयोग किया जा रहा है।

# मणिपुर के दो लोगों को शौर्य चक्र मिलने से गर्व की अनुभूति : मुख्यमंत्री



**इंफाल, 9 जून (एजें)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य के दो रक्षा कर्मियों को शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाना मणिपुर के लोगों के लिए गर्व की बात है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब मणिपुर के रहने वाले 11 पैरा (विशेष बल) के मेजर लीशांगथेम दीपक सिंह और 3 असम राइफल्स के राइफलमैन मंगलेम सांग वैफेई को ड्यूटी के दौरान असाधारण साहस, अद्वितीय वीरता और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना कर्तव्य निभाने के लिए सोमवार को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस बलों के कर्मियों को सात कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। शौर्य चक्र भारत का तीसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मेजर लीशांगथेम को बधाई देते हुए कहा, उनका साहस, पेशेवर दक्षता और कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण मणिपुर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है तथा युवा भारतीयों की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। सिंह ने मेजर लीशांगथेम की वीरता और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सलाम किया। उन्होंने वैफेई को भी घुसपैठ-रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस, सामरिक कौशल और विशिष्ट सेवा के लिए बधाई दी। वैफेई मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के निवासी हैं। मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, उनकी वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण मणिपुर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है तथा हमारे युवाओं को सम्मान, प्रतिबद्धता और देशभक्ति के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मणिपुर इकाई की अध्यक्ष अधिकारीमयूम शारदा देवी ने पार्टी की ओर से कहा कि मणिपुर के इन दोनों वीर सपूतों ने असाधारण साहस, कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा, गंभीर खतरे का सामना करते हुए उनकी वीरता के कार्य साहस, बलिदान और देशभक्ति की सर्वोच्च परंपराओं का प्रतीक हैं। शारदा देवी ने कहा, मणिपुर के लोग उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों पर गर्व करते हैं और निर्दोष लोगों की रक्षा तथा देश की संप्रभुता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं।

# मणिपुर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**इटानगर, 9 जून (एजें)।** मणिपुर के सेनापति एवं इंफाल पश्चिम जिले से तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं हेरोइन बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय की ओर दी गयी जानकारी के अनुसार सोमवार को सुरक्षा बलों ने सेनापति जिले के सेनापति थानांतर्गत टी. खुल्लेन नाका पोस्ट से दो लोगों को पकड़ा। इनके पास से विभिन्न सामानों के साथ 12 साबुनदानी में ब्राउन शुगर, एक ग्रैंड आई10 गाड़ी (एएस- 01एलसी-9436), जिससे प्रतिबंधित सामान बरामद हुआ और 4,000 रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उरियामघाट, देवीपुर के नसीमउद्दीन (38) और गोमारीगुरी के मोंजित (25) के रूप में की गयी है। इसके अलावा सोमवार को ही सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के न्यू केइथेलमाबी थानांतर्गत केइथेलमाबी इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच साबुनदानी में छुपाकर लाए गये 58 ग्राम हेरोइन पाउडर, एक वाहन बरामद किया गया। उसकी पहचान थोउबल जिले के सपम मामंग लीकाई के नोंगमैथेम रूपु सिंह (38) के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि सुरक्षा बल जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर ज़रूरी सामान ले जाने वाली 130 गाड़ियों की सोमवार को आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील जगहों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं और गाड़ियों की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान मणिपुर के अलग-अलग जिलों में, पहाड़ी और मैदानी दोनों इलाकों में कुल 114 नाके/चेक पॉइंट लगाए गए थे।

# मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में 13 मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत




**इंफाल, 9 जून (एजें)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार इंफाल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों दोनों में कुशल मानव संसाधन, आधुनिक बुनियादी ढांचे और उन्नत चिकित्सा तकनीक के उपयोग को सुनिश्चित करके गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।इंफाल के लैम्फेल में हेल्थ सर्विसेज डायरेक्टरेट से पहाड़ी जिलों में तैनाती के लिए 13 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी जिलों में हेल्थकेयर तक पहुंच को मजबूत करने के सरकार के वादे के तहत ये सुविधाएं दूर-दराज और कम सुविधा वाले इलाकों में रहने वाले लोगों तक जरूरी हेल्थ सर्विसेज पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी।उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि ये 13 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स कम सुविधा वाले और दूर-दराज के पहाड़ी जिलों में हेल्थकेयर डिलीवरी को मजबूत करेंगी और यह पक्का करेंगी कि अच्छी क्वालिटी की मेडिकल सर्विसेज हर नागरिक के घर तक पहुंचें। यह पहल पब्लिक हेल्थ को बेहतर बनाने, हेल्थकेयर तक पहुंच बढ़ाने और एक स्वस्थ, मजबूत और बीमारी-मुक्त मणिपुर बनाने के लिए सरकार के पक्के इरादे को सुनिश्चित करती है।मणिपुर के पहाड़ी जिलों में 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान' और 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत ये 13 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स शुरू की गई हैं। इनका मकसद आदिवासी और कमजोर आबादी तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।हेल्थ और फैमिली वेलफेयर डिपार्टमेंट के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि ये मोबाइल मेडिकल यूनिट्स कई तरह की हेल्थकेयर सर्विसेज देंगी, जिनमें आम ओपीडी कंसल्टेशन, बेसिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं, जरूरी दवाइयां बांटना और मां-बच्चे की हेल्थकेयर सर्विसेज शामिल हैं। ये डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी गैर-संक्रामक बीमारियों की स्क्रीनिंग भी करेंगी, मुंह की हेल्थकेयर सर्विसेज देंगी, हेल्थ एजुकेशन और जागरूकता प्रोग्राम आयोजित करेंगी और जरूरत पड़ने पर स्पेशलाइज्ड इलाज के लिए रेफरल सर्विसेज की सुविधा भी देंगी।कार्यक्रम में हेल्थ और फैमिली वेलफेयर के कमिश्नर-कम-सेक्रेटरी सुमंत सिंह, हेल्थ सर्विसेज के डायरेक्टर डॉ. एन. हेमंतकुमार सिंह, नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) मणिपुर के स्टेट मिशन डायरेक्टर डॉ. एम. दिनेश सिंह और हेल्थ सर्विसेज डायरेक्टरेट के अन्य सीनियर अधिकारी शामिल हुए।

# अरुणाचल : अपातानी फैशन वीक का ऑडिशन आयोजित



**इटानगर, 9 जून (एजें)।** अरुणाचल प्रदेश में फैशन और सांस्कृतिक उद्यमिता को लेकर युवाओं का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। अपातानी नेक्स्ट टॉप मॉडल 2026 के फाइनल ऑडिशन में 100 से ज्यादा उभरते मॉडल्स ने हिस्सा लिया। यह ऑडिशन सिलांग डिट्टिंग ड्री फेस्टिवल सेलिब्रेशन कमेटी और फैशन एंड डिजाइन काउंसिल ऑफ अरुणाचल प्रदेश () द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। फिजिकल और ऑनलाइन राउंड के जरिए कुल 104 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से करीब 30 प्रतियोगियों को फाइनल के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। मॉडल हंट अपातानी फैशन वीक 2026 का हिस्सा है, जो ड्री फेस्टिवल के साथ आयोजित होगा। आयोजकों का कहना है कि इस पहल का मकसद कारीगरों, बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों, डिजाइनरों और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा करना है। इसके जरिए स्वदेशी वस्त्र, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक उत्पादों को राज्य से बाहर भी बढ़ावा मिलेगा। ऑडिशन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही डिजाइनर, बुनकर, कारीगर, प्रदर्शक, स्वयं सहायता समूह और ब्रांड्स के लिए रजिस्ट्रेशन भी बंद हो चुका है। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम केवल फैशन शो तक सीमित नहीं है। इसका बड़ा उद्देश्य स्वदेशी उद्योगों को मजबूत करना और उत्पाद विकास, ब्रांडिंग व बड़े बाजारों तक पहुंच के जरिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना है। अपातानी फैशन वीक 2026 का आयोजन 1 और 2 जुलाई को होगा। इसमें नॉर्थईस्ट के डिजाइनर, कारीगर और नई प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी। 6 जुलाई तक स्वदेशी वस्त्र, हस्तशिल्प, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक उद्यमों की प्रदर्शनी भी चलेगी। इस इवेंट में मेघालय के डिजाइनर रूपर्ट वानलामबोक लिनरा अपने कलेक्शन पेश करेंगे। वह एंजी नगोबा नामचूम और डिजाइनर जेनिट खुंजुजु के साथ जूरी पैनल में भी शामिल रहेंगे। आयोजकों के मुताबिक, इस मंच के जरिए चुने गए होनहार कारीगरों, डिजाइनरों और उत्पादों को मेंटरशिप, वर्कशॉप और क्षमता-विकास कार्यक्रमों के जरिए लगातार सहयोग मिलेगा। चयनित कलेक्शन को अरुणाचल फैशन वीक में भी प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिल सके।

## त्रिपुरा ने क्वीन अनानास की खेप दिल्ली भेजी

**अगरतला, 9 जून (भा)।** त्रिपुरा ने अपनी मशहूर 'क्वीन' प्रजाति के अनानास की एक खेप मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए रवाना की।त्रिपुरा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रतन लाल नाथ ने हरी झंडी दिखाकर इस खेप को रवाना किया। उन्होंने बताया कि देश-विदेश में भारी मांग के बावजूद लगभग एक टन वजन के करीब 1,000 क्वीन अनानास दिल्ली भेजे गये हैं। उन्होंने राज्य में अनानास की खेती बढ़ाने और जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत पर भी जोर दिया।

# विधायक समेत कई लोगों के घरों पर हमला

**इटानगर, 9 जून (एजें)।** अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले के गेकू-मारियांग के विधायक ओनी पान्यांग के आवास पर सोमवार शाम बांध विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने कथित तौर पर हमला कर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया, यह घटना प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (एसयूएमपी) को लेकर चल रहे विवाद के बीच हुई। सूत्रों के अनुसार, सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (एसयूएमपी) का विरोध कर रहे लगभग 500 प्रदर्शनकारियों ने विधायक के आवास के आसपास जमा हो गए और कथित तौर पर घर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की। ये घटनाएं अपर सियांग जिले के गेकू में 110 परिवारों द्वारा एसयूएमपी की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) तैयार करने के समर्थन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के कुछ दिनों बाद हुईं। बांध विरोधी नाराज समर्थकों ने कथित तौर पर समझौते पर हस्ताक्षर करने वालों के कुछ लोगों के घरों में भी तोड़फोड़ की, जिनमें स्थानीय विधायक पान्यांग का घर भी शामिल है। एसयूएमपी को लेकर क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सरकार आर्थिक लाभ का लालच देकर उन्हें विभाजित करने की कोशिश कर रही है। माना जा रहा है कि यह घटना सियांग क्षेत्र में प्रस्तावित विशाल जलविद्युत परियोजना के प्रति बढ़ते जन विरोध और समर्थन का संकेत है। इस संबंध में विधायक ओनी पान्यांग से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने घटना की पुष्टि तो की, लेकिन किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं दी।

**तिनसुकिया मंडल में विभिन्न स्थानों पर कोहरे से सुरक्षित उपकरण का एएमसी**

निविदा सूचना संख्या : TSK/[illegible]/243, दिनांक : 03-06-2026, निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। क्र.सं.-1; निविदा संख्या : [illegible]/T-14/TSK/LOCO/07; आइटम का संक्षिप्त विवरण : तिनसुकिया मंडल में विभिन्न स्थानों पर 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए कोहरे में सुरक्षित उपकरण [illegible] एएमसी। निविदा मूल्य : ₹8,80,364.28/-; अग्रिम राशि : ₹17,600/-. निविदा के बंद करने की तिथि और समय 25-06-2026 को 13:00 बजे और खोलने की 15:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 25-06-2026 को 13:00 बजे तक उपलब्ध होंगी।

डीआरएम (इलेक्ट), तिनसुकिया
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रंगिया मंडल में अभियांत्रिकी कार्य**

निविदा सूचना संख्या : 23 ENGG RNY 2026 27 (दो पैकेट सिस्टम); दिनांक : 02 06 2026; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। क्रम संख्या-1; आइटम का संक्षिप्त विवरण: [illegible] और हरमती में एबीएसएस के तहत "[illegible], हरमती स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन" के कार्य के फेज - I को पूरा करने के लिए अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता है - [illegible], प्रवेश द्वार, शौचालय और परिचालन क्षेत्र में सुधार। निविदा मूल्य- ₹1,41,69,082.23/-, अग्रिम राशि : ₹ 22,83,400/-, निविदा के बंद करने की तिथि और समय 25-06-2026 को 15:00 बजे और खोलने की 15:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

डीआरएम (वर्क्स), रंगिया
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कर्मचारी संघ ने की समय पर डीपीसी की बैठकें करने की अपील

**इटानगर, 9 जून (एजें)।** अखिल अरुणाचल प्रदेश सरकारी विभाग कार्यरत आकस्मिक कर्मचारी संघ (एएपीजीडीडब्ल्यूसीएसए) ने राज्य सरकार से वरिष्ठता और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आकस्मिक कर्मचारियों को नियमित करने के लिए समय पर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकें आयोजित करने की अपील की है। आज अरुणाचल प्रेस क्लब (एपीसी) में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, संघ के अध्यक्ष करबा कायी तामिन ने कहा कि अधिकांश आकस्मिक कर्मचारी, जिनमें से कई 15 से 20 वर्षों की सेवा दे चुके हैं, अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (एपीएसएसबी) द्वारा नियमितीकरण के लिए आयोजित परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई का सामना करेंगे। संघ ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू से सभी सरकारी विभागों को नियमित रूप से समय पर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकें आयोजित करने का निर्देश देने का आग्रह किया, ताकि योग्य उम्मीदवारों को समय पर पदोन्नति मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि डीपीसी का आयोजन न होने के कारण राज्य भर में हजारों आकस्मिक कर्मचारियों की नियमितीकरण प्रक्रिया रुकी हुई है। एसोसिएशन ने दावा किया कि यद्यपि सरकार के भर्ती नियमों (आरआर) में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए नियमितीकरण में चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, फिर भी पात्र पीडब्ल्यूडी आकस्मिक कर्मचारियों को इस नीति के तहत मिलने वाले लाभों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आकस्मिक कर्मचारियों के पास भविष्य की सुरक्षा के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), जीवन बीमा और भविष्य निधि जैसी कोई सुविधा नहीं है। मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए, एसोसिएशन ने आरक्षण नीति के सख्त कार्यान्वयन की अपील की और अनुरोध किया कि सभी विभागाध्यक्षों को पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामलों की प्रक्रिया के दौरान अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए।

# मेघालय के सीएम ने पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत 55 ई-बसों को दिखायी हरी झंडी



**शिलांग, 9 जून (एजें)।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने 9 जून को पीएम ई-बस सेवा के तहत इलेक्ट्रिक बसों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाई और इसे राज्य में टिकाऊ, सुलभ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से विकास को साझा करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल समावेशी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को सुनिश्चित करते हुए मेघालय के हरित गतिशीलता बुनियादी ढांचे को काफी मजबूत करेगी। इस परियोजना में 55 इलेक्ट्रिक बसों का एक बेड़ा शामिल है, जिसमें 27 यात्रियों की बैठने की क्षमता वाली 25 नौ-मीटर बसें और 30 सात-मीटर बसें हैं जो 22 यात्रियों को समायोजित करने में सक्षम हैं। संगमा के अनुसार, बसों की ड्राइविंग रेंज 150 किलोमीटर से अधिक है और विकलांग व्यक्तियों और विशेष सहायता की आवश्यकता वाले अन्य यात्रियों के लिए गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए व्हीलचेयर पहुंच सुविधाओं से लैस हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'एक साथ, हम स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक कुशल गतिशीलता की ओर बढ़ते हैं।' कहा। पहल के हिस्से के रूप में, इलेक्ट्रिक बस बेड़े के संचालन और रखरखाव का समर्थन करने के लिए न्यू शिलांग के उमर्सावली में एक समर्पित ई-बस डिपो भी विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ शहरी परिवहन को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और निवासियों को कुशल सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के व्यापक प्रयासों के साथ संरेखित है। यह लॉन्च राज्य के दीर्घकालिक स्थिरता लक्ष्यों में योगदान करते हुए स्वच्छ और अधिक आधुनिक शहरी गतिशीलता समाधानों की ओर मेघालय के संक्रमण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# एनएफआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने शुरू किया पौधरोपण अभियान और पौधा वितरण




**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं)।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का पालन करते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे महिला कल्याण संगठन (एनएफआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने अध्यक्ष शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया और पांडु स्थित जागृति शिक्षा निकेतन के छात्रों के बीच पौधा वितरण किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और एक हरा-भरा व साफ़-सुथरा भविष्य बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और पौधारोपण व स्थायी तरीकों से प्रकृति की रक्षा करने के महत्व पर ज़ोर दिया। बच्चों को पौधा वितरित करते समय उन सभी को पेड़ों की देखभाल करने और स्वस्थ पर्यावरण में योगदान देने का संदेश दिया गया। वर्ष 1975 में पांडु रेलवे बस्ती में स्थापित जागृति शिक्षा निकेतन की शुरुआत एक छोटी सी पहल के रूप में हुई थी। तब से यह पांडु और मालीगांव क्षेत्र के ज़रूरतमंद बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। पिछले पांच दशकों में विभिन्न संगठनों, दानदाताओं और शुभचिंतकों के सहयोग से इस संस्थान ने निरंतर प्रगति की है। फिलहाल, एनएफआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और संरक्षण में, यह स्कूल प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 5 तक 160 से अधिक छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करता है। संस्थान में पढ़ाने वाले और अन्य कर्मचारियों की एक समर्पित टीम का सहयोग मिलता है और यह शैक्षणिक, सांस्कृतिक व पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देता है। स्कूल अपनी सेवा के शानदार 50 वर्ष पूरे कर चुका है। बच्चों के लिए सीखने के माहौल और भी बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं के विकास और अपग्रेडेशन की योजनाएं बनाई गई हैं। एनएफआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ शिक्षा से जुड़े पहलों और सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों का सहयोग करने को प्रतिबद्ध है, जो समाज के समग्र विकास में योगदान देते हैं।

**गेस्ट हाउस के लिए ई-नीलामी**

तिनसुकिया मंडल के अंतर्गत [illegible] गेस्ट हाउस के संचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी। विवरण नीचे दिए गए हैं। नीलामी सूची सं.: MS TSK GH 02; नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय (सभी लॉट): 24-06-2026 को 11:00 बजे, नीलामी बंद होने की तिथि/समय: 24-06-2026 को 11:30 बजे। दर इकाई: [illegible] शुल्क। [illegible]: 1096।

| क्र.सं. | लॉट नं./कटेगरी | विवरण |
|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] एमसीजीएसडब्ल्यू-31-25-1 [illegible] | [illegible] |

ई-नीलामी सूचा आईआरईपीएस वेबसाइट पर [illegible] 03-06-2026 [illegible]।

मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (आईसी), तिनसुकिया
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राज्य की शांति और सौहार्द को सजगतापूर्वक कायम रखने की जरूरत

महानगर के आर्यनगर में सोमवार को घटी एक घटना को असमिया बनाम बिहारी का रंग दिया जा रहा है, जबकि हकीकत कुछ और है। पुलिस इसे उगाही का मामला बता रही है, जो दो व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से गांजे के अवैध धंधे करने वालों से वसूली के प्रयास के दौरान घटी। सोमवार से यह घटना सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में रही है। आरोप लगा कि इस दौरान बिहारी समुदाय द्वारा असमिया गो बैक के नारे लगे, लेकिन पुलिस ने इस आरोप को खारिज कर दिया है तो फिर सोशल मीडिया पर इस तरह का भ्रम क्यों फैलाया गया। क्या उगाहीकर्ता इस तरह के भावनात्मक भ्रम फैलाकर उसकी आड़ में अपना बचाव करना चाह रहे थे या शरारती तत्व सचमुच इस तरह के नारे लगाये। हालांकि ऐसे नारों की अभी तक एक भी वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं मिल पायी है। यदि इसकी रिकॉर्डिंग हुई भी है तो वह अभी तक सामने नहीं आयी है। हालांकि आज के सोशल मीडिया के जमाने में ऐसा संभव नहीं है, जहां पहले से ही इस घटना के एक-एक पल की रिकॉर्डिंग की जा रही हो, वहां इस विवाद का मुख्य वाक्य असमिया गो बैक की ही रिकॉर्डिंग न की जाए। फिर भी पुलिस को इस मामले में गहराई से जांच करनी चाहिए और इस मामले के दोषियों को पता लगा उन्हें सख्त सजा देनी चाहिए, चाहे वह कोई भी हो। असमिया गो बैक के नारे लगाने वाले हों या अपनी निजी स्वार्थ के लिए इस तरह का झूठा आरोप लगा समाज को बांटने वाले हों। क्योंकि यह कुप्रयास असम की सबसे बड़ी ताकत इसकी विविधता पर हमला है। असम अपनी सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक सौहर्द के लिए पूरे देश में एक विशिष्ट पहचान रखता है। विभिन्न भाषाओं, जातियों, धर्मों और संस्कृतियों के लोग यहां लंबे समय से रहते आये हैं। किन्तु समय-समय पर कुछ शरारती तत्व अपने राजनीतिक, वैचारिक और निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए समाज में विभाजन और तनाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में एक सजग समाज की जिम्मेवारी बनती है कि वह असम की शांति और सौहार्द को उनके नापाक मंसूबों की भेंट न चढ़ने दें।

## सांझा बलिदान : आधुनिक भारत के निर्माण में सिख और हिंदू

अमृतसर की चहल-पहल भरी सड़कों पर, जहां हरिमंदिर साहिब का सुनहरा गुंबद प्राचीन मंदिरों के साथ चमकता है, या पंजाब के उपजाऊ खेतों में, जहां दोनों धर्मों के किसान कंधे से कंधा मिलाकर मेहनत करते हैं, सदियों से एक गहरा सच गूंज रहा है-सिख और हिंदू न केवल साथ रहे हैं, बल्कि उन्होंने भारत की रक्षा, निर्माण और उत्थान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। उनका सांझा सफर आपस में जुड़ी किस्मत, आपसी सम्मान और सामूहिक बलिदान का है, जिसने आधुनिक भारत की नींव मजबूत की है। यह रिश्ता 15वीं सदी में सिख धर्म के जन्म के समय से ही चला आ रहा है। हिंदू परिवार में जन्मे गुरु नानक देव जी ने एकता का संदेश दिया, जिसने सभी समुदायों के दिलों को छू लिया। सिख गुरुओं ने बेगुनाहों की रक्षा की वकालत की और अक्सर अत्याचार के खिलाफ हिंदू संतों और आम लोगों के साथ खड़े रहे। कश्मीरी पंडितों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए अपनी जान देने वाले गुरु तेग बहादुर की शहादत इस अटूट एकता की एक शानदार मिसाल है। हिंदुओं और सिखों ने मिलकर मुगलों के अत्याचार का सामना किया। ब्रिटिश शासन के खिलाफ आजादी की लड़ाई में यह सांझेदारी अपने सबसे साहसी रूप में दिखी। ऐतिहासिक रिकॉर्ड बताते हैं कि अंग्रेजों द्वारा फांसी दिये गये 121 देशभक्तों में से 93 सिख थे। उम्रकैद की सजा पाने वाले 2,626 लोगों में से 2,147 से ज्यादा सिख थे। जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद होने वालों में सिखों की संख्या सबसे ज्यादा थी। क्रांतिकारी जोश के प्रतीक भगत सिंह ने न्याय के सिख और हिंदू दोनों आदर्शों से प्रेरणा ली थी। हिंदू और सिख असहयोग आंदोलनों, अकाली अभियानों और भारत छोड़ो आंदोलन में एक साथ शामिल हुए। लाला लाजपत राय जैसे नेताओं ने सिख सुधारकों के साथ मिलकर काम किया। आजाद भारत का सपना देखने वाले गदर आंदोलन में पंजाबी हिंदुओं और सिखों ने समान रूप से उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सांझा खून-पसीने ने एक ऐसी सांझेदारी को मजबूत किया, जो धार्मिक सीमाओं से परे थी।


पंजाब को लंबे समय से देश की खड्ग भुजा कहा जाता रहा है, जहां सिख और हिंदू भारतीय सशस्त्र बलों में बहादुरी से सेवा करते रहे हैं। अपनी बेमिसाल हिम्मत के लिए मशहूर सिख रेजिमेंट्स ने, 1897 में सारागढ़ी की वीरतापूर्ण लड़ाई से लेकर 1965, 1971 और कारगिल की लड़ाइयों तक, अनगिनत वीरता पुरस्कार हासिल किए हैं। पंजाब और पूरे भारत के हिंदू सैनिक भी उतनी ही मजबूती से डटे रहे। अपनी आबादी के अनुपात में सिख समुदाय के अधिकारियों और सैनिकों की संख्या काफी ज्यादा है और कई लोग सेना प्रमुख के पद तक पहुंचे हैं। पंजाब भर के परिवारों में आज भी दोनों समुदायों के उन साथी सैनिकों की कहानियां सुनाई जाती हैं, जिन्होंने युद्ध के मैदान में एक-दूसरे की रक्षा की और भाई-भाई की भावना को साकार किया। युद्ध के मैदान से परे, सिखों और हिंदुओं ने मिलकर भारत की आर्थिक और सामाजिक नींव बनाने में सहयोग किया है। खेती के क्षेत्र में, पंजाब की हरित क्रांति की सफलता की कहानी सिख और हिंदू किसानों की कड़ी मेहनत से संभव हुई। उनकी उद्यमशीलता ने भारत को अनाज की कमी वाले देश से अनाज का अतिरिक्त उत्पादन करने वाले देश में बदल दिया। व्यापार और उद्यमिता में भी ये समुदाय मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। विदेशों में बसे समुदाय, चाहे कनाडा में सिख एनआरआई उद्यमी हों या सिलिकॉन वैली में हिंदू पेशेवर, अक्सर एक ही पंजाबी गांवों से जुड़े होते हैं और अपने देश में पैसा और विशेषज्ञता भेजते हैं। शिक्षा और जनसेवा में भी यह तालमेल दिखता है। पंजाब और पड़ोसी राज्यों के संस्थानों ने दोनों धर्मों के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और प्रशासक तैयार किये हैं। सांझे सांस्कृतिक त्यौहार, जैसे पूरे उत्साह के साथ मनायी जाने वाली बैसाखी और गुरुद्वारों व मंदिरों में दीवाली की रोशनी, इस सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। पंजाब में अलग-अलग धर्मों वाले परिवारों की कहानियां आम हैं-एक सिख पिता और हिंदू मां अपने बच्चों की परवरिश ऐसे करते हैं, जो गुरुपर्व और हिंदू रीति-रिवाजों, दोनों में भाग लेते हैं। बंटवारे के सबसे मुश्किल दिनों में, कई हिंदुओं और सिखों ने एक-दूसरे के परिवारों की रक्षा की और ऐसे गहरे आत्मीय रिश्ते बनाये जो पीढ़ियों बाद भी कायम हैं। आज भी यह सांझेदारी भारत को आगे बढ़ा रही है। स्टार्टअप, टैक्नोलॉजी, खेल, सिनेमा और सार्वजनिक जीवन में सिख और हिंदू प्रतिभाएं मिलकर काम करती हैं। किसी भी विविधतापूर्ण समाज की तरह यहां भी चुनौतियां हैं। फिर भी, सदियों से चली आ रही मिलकर बलिदान देने की परंपरा हमें सही दिशा दिखाती है। गुरु गोबिंद सिंह जी की सबको साथ लेकर चलने वाली सोच से लेकर राष्ट्र-निर्माण में आधुनिक योगदान तक, कहानी साफ है-जब सिख और हिंदू एकजुट होते हैं, तो भारत और मजबूत होता है।

**-कृष्ण भनोट**

**| संपादकीय |**

# हिंद महासागर के बीचोंबीच होगा भारत का दबदबा

**नीरज कुमार दुबे**



मोदी सरकार ने हिंद महासागर में ऐसा दांव चला है, जिसने चीन की सबसे बड़ी रणनीतिक चिंता बढ़ा दी है। ग्रेट निकोबार में बनने वाला भारत का नया सैन्य और आर्थिक हब अब दुश्मनों के लिए खुली चेतावनी बन चुका है। जिस समुद्री रास्ते से दुनिया का सबसे बड़ा तेल और व्यापार गुजरता है, वहां अब भारत अपनी ताकत का स्थायी पहरा बैठाने जा रहा है। साफ है कि मोदी सरकार हिंद महासागर में भारत को सिर्फ मजबूत नहीं, बल्कि सबसे प्रभावशाली ताकत बनाने की तैयारी में जुट चुकी है।

हम आपको याद दिला दें कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष जिस हरित क्षेत्र हवाई अड्डे को मंजूरी दी थी, वह अगले पांच वर्षों में तैयार होने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हवाई अड्डा भारतीय नौसेना के संचालन नियंत्रण में रहेगा। यानी यह केवल नागरिक उड़ानों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि हिंद महासागर में भारत की सैन्य शक्ति का नया अग्रिम मोर्चा बनेगा। यह दोहरे उपयोग वाला हवाई अड्डा भारत की समुद्री निगरानी क्षमता, सैन्य पहुंच और त्वरित कार्रवाई की ताकत को कई गुना बढ़ा देगा।

हम आपको बता दें कि ग्रेट निकोबार की यह परियोजना चार बड़े स्तंभों पर आधारित है। इनमें अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, आधुनिक नगर, ऊर्जा संयंत्र और नौसैनिक हवाई अड्डा शामिल हैं। यह पूरा ढांचा भारत को उस समुद्री क्षेत्र में स्थायी उपस्थिति देगा, जहां से दुनिया के दो तिहाई तेल व्यापार और आधा कंटेनर यातायात गुजरता है। ग्रेट निकोबार केवल चालीस किलोमीटर दूर स्थित है उस सिक्स डिग्री चैनल से, जो अदन की खाड़ी से मलक्का जलडमरूमध्य तक फैले समुद्री व्यापार मार्ग का सबसे संवेदनशील हिस्सा माना जाता है। यही वह इलाका है, जहां चीन लगातार अपनी घुसपैठ बढ़ा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में कई बाहरी ताकतें आर्थिक और सैन्य दबदबा बनाने में जुटी हैं। ऐसे में मोदी सरकार का यह कदम भारत को दक्षिण पूर्वी हिंद महासागर में निर्णायक बढ़त देगा। यानि अब भारत इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार और संकट के समय सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाली ताकत के रूप में उभरेगा।

रक्षा सूत्रों का साफ कहना है कि यह परियोजना तीस वर्ष पहले ही पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन पिछली सरकारों की सुस्ती और दूरदृष्टि की कमी के कारण भारत ने बहुमूल्य समय गंवा दिया। अब मोदी सरकार उस रणनीतिक भूल को सुधार रही है। यह परियोजना भारत को अपने सैन्य संसाधनों की तेज आवाजाही, अग्रिम रसद आपूर्ति और समुद्री निगरानी में अभूतपूर्व क्षमता देगी। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रेट निकोबार के आसपास समुद्र में विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार भी हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ऐतिहासिक साबित होगी। यानी यह केवल सैन्य ताकत का सवाल नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी बड़ा आधार बनेगी।

साथ ही मोदी सरकार ने उन आलोचनाओं को भी करारा जवाब दिया है, जिनमें इस परियोजना को केवल व्यावसायिक योजना बताकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही थी। रक्षा सूत्रों ने साफ कहा है कि इसे केवल कारोबारी परियोजना कहना भौगोलिक अज्ञानता का प्रमाण है। यह परियोजना सामरिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भारत के भविष्य की धुरी है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं पूरी पारदर्शिता और विधिवत ठेका प्रक्रिया के तहत संचालित की जा रही हैं।

हम आपको बता दें कि परियोजना के विभिन्न हिस्सों पर तेजी से काम चल रहा है। कंटेनर बंदरगाह के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नगर परियोजना पर व्यय वित्त समिति की बैठक हो चुकी है, जबकि द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आधारित ऊर्जा संयंत्र की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गयी है। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि जमीन पर तेजी से अमल भी कर रही है।

इसके साथ ही पर्यावरण को लेकर उठे सवालों पर भी सरकार ने तथ्यात्मक जवाब दिया है। पर्यावरण प्रभाव आकलन के अनुसार पूरे द्वीप के केवल 166.1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को विकास के लिए चिन्हित किया गया है, जबकि 81.74 प्रतिशत क्षेत्र राष्ट्रीय उद्यान, जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र, वन और जनजातीय संरक्षण क्षेत्रों के रूप में सुरक्षित रहेगा। वन क्षेत्र के उपयोग में भी आधे से अधिक हिस्से को हरित क्षेत्र के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा, जहां पेड़ों की कटाई नहीं होगी।

इसके साथ ही वन्यजीवों, प्रवाल भित्तियों और मैंग्रोव संरक्षण के लिए तीस वर्षों में दो हजार दो सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक का विशेष संरक्षण कार्यक्रम भी तैयार किया गया है। लेदरबैक कछुए, निकोबार मेगापोड और मगरमच्छों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस तरह स्पष्ट है कि ग्रेट निकोबार परियोजना मोदी सरकार का केवल विकास अभियान नहीं, बल्कि भारत की समुद्री शक्ति का नया शंखनाद है। यह वह मास्टरस्ट्रोक है, जो आने वाले दशकों में हिंद महासागर की रणनीतिक तस्वीर बदल सकता है। भारत अब अपने समुद्री हितों की रक्षा केवल तटों से नहीं करेगा, बल्कि समुद्र के बीचोंबीच अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराएगा।

# नाम भले कॉकरोच हो लेकिन एप्रोच में संजीदा होना होगा..

**अजय बोकिल**

दो सवाल देश में समानांतर तैर रहे हैं। पहला तो सोशल मीडिया जनित कॉकरोच जनता पार्टी का एक राजनीतिक दल और उसके द्वारा प्रणीत कॉकरोच आंदोलन का भविष्य क्या है और दूसरा, विपक्षी इंडिया अलायंस नयी परिस्थितियों में क्या नये सिरे से दम मारेगा या फिर यह भी एक प्रतिपक्ष की खानापूर्ति ही है?

ताजा घटनाक्रम में भाजपा और मोदी सरकार के लिए चिंता का विषय यह है कि भले ही देश में मुख्य धारा की राजनीतिक पार्टियां कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ अभी खुलकर नहीं आयी हैं, लेकिन दिल्ली में इंडिया गठबंधन की 7वीं बैठक में शामिल 23 पार्टियों ने सीजेपी की उस मांग को दोहराया है, जिसमें नीट पेपर लीक घोटाले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की बात कही गयी है।

यह भी संभव है कि कॉकरोच आंदोलन अपनी वर्चुअल सीमा को लांघ कर एक्चुअल में बदल जाए तो विपक्षी दल उसके साथ खुलकर आ जाएं। कुछ दल तो इसे अभी भी नैतिक समर्थन दे रहे हैं।

धर्मेंद्र प्रधान पर इंडिया अलायंस के स्टैंड से मोदी सरकार पर कुछ दबाव तो बनेगा, बावजूद इस सच्चाई के कि भाजपा में नैतिक आधार पर इस्तीफे नहीं होते। जिसे मंत्रिमंडल से बाहर करना होता है, वह किसी फेरबदल में एक झटके में बाहर कर दिया जाता है।

जाहिर है कि धर्मेंद्र प्रधान के कामकाज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्या आकलन है, यह तभी पता चलेगा, जब केंद्रीय मंत्रिमंडल में बहुप्रतीक्षित विस्तार या फेरबदल होगा। धर्मेंद्र प्रधान खुद इस्तीफा नहीं देंगे। यह भी संभव है कि उन्हें शिक्षा मंत्रालय से हटाकर किसी दूसरे विभाग में भेज दिया जाए।

जहां तक शिक्षा क्षेत्र में संघ का एजेंडा लागू करने की बात है तो धर्मेंद्र प्रधान यह काम पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता पर जिस ढंग से दाग लग रहे हैं, उससे विभाग पर उनकी पकड़ और परफार्मेंस पर सवालिया निशान लग रहे हैं। इस स्थिति को पीएम भी अफोर्ड शायद ही कर पाएं। क्योंकि इससे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी हमारी शिक्षा प्रणाली की साख को संदेह की निगाह से देखा जाने लगा है।

अब सवाल सीजेपी (कॉजपा) का। सीजेपी के संयोजक अभिजीत दिपके ने अमेरिका से लौटते ही 6 जून को जंतर मंतर पर अपने कुछ साथियों के साथ प्रदर्शन किया। उनकी मुख्य मांग भी धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ही है। दिपके ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर एक हफ्ते के भीतर प्रधान का त्यागपत्र न हुआ तो वो अपने आंदोलन को देशभर में फैलाएंगे।

दिपके नीट परीक्षा में पेपर लीक के साथ-साथ बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे स्थायी मुद्दे भी उठा रहे हैं, जिनसे आज का युवा परेशान है। जमीनी स्तर पर इस आंदोलन से भारत में युवा खासकर जेन जी कितनी तादाद में जुड़ेंगे, यह अभी देखने की बात है। बकौल दिपके सोशल मीडिया पर उनके 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बन चुके हैं और 2 लाख से अधिक युवाओं ने सीजेपी की सदस्यता के लिए नाम रजिस्टर कराया है।

सरकार भी सीजेपी के इस उभार और गतिविधि को बहुत चौकस नजरों से देख रही है। क्योंकि यह आंदोलन पारंपरिक राजनीति करने वालों को कितना हिट करेगा अथवा कितना सपोर्ट करेगा, इसका आकलन आसान नहीं है। दूसरे, अगर इस आंदोलन ने सचमुच विराट रूप ले लिया तो विश्व में जनआंदोलनों के इतिहास का यह नया अध्याय होगा, जिसकी एक झलक हम नेपाल और श्रीलंका में देख चुके हैं।

फिलहाल सचाई यह है कि इस कॉकरोच आंदोलन को लेकर लोकतंत्र के दोनो प्रमुख घटक सत्तापक्ष और विपक्ष दोनो ही चौकन्ने हैं।

सरकार को डर है कि अगर यह मुहिम युवाओं के जनआंदोलन में बदलने लगी तो सत्ता में बने रहने की जुगत और विकास का रोड मैप ही बदलना पड़ेगा। हालांकि सरकार अभी इस आंदोलन की गंभीरता, गहराई और व्यापकता को समझने की कोशिश कर रही है, इसलिए उस पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।

जबकि कई विपक्षी दलों और खासकर कांग्रेस में चिंता इस बात की है कि आंदोलन का परोक्ष उद्देश्य देश में कांग्रेस और राहुल गांधी की सुधरती छवि को डेंट करना है।

राहुल भक्तों की राय में राहुल गांधी के कमजोर होने का मतलब समूचे विपक्ष का कमजोर होना है। वाम और आप के कुछ नेताओं तथा सिविल सोसाइटी के कुछ लोगों ने कॉकरोच आंदोलन को अपना समर्थन इस उम्मीद में दिया है कि युवा मन के आक्रोश की यह चिंगारी देर-सवेर ज्वाला बनकर धधकेगी, जिसका इस्तेमाल केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार को बेदखल करने में किया जा सकता है। हालांकि डर उनके मन में भी है कि कॉकरोच आंदोलन को यह सपोर्ट कहीं भस्मासुर न बन जाए।

बहुत से कांग्रेसी इसकी तुलना दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाये गये अन्ना आंदोलन से कर रहे हैं, जिसे बाद में भाजपा हाई जैक कर लिया जबकि दिल्ली में उसकी राजनीतिक फसल आम आदमी पार्टी ने काट ली। इस सोच में यह शंका भी निहित है कि इस आंदोलन से युवाओं की मांगे पूरी हों न हों, लेकिन यह कॉकरोच पार्टी कांग्रेस जैसे दल की राजनीतिक पूंजी को ही चट न कर जाए। जहां तक कॉकरोच जनता पार्टी के एक जनआंदोलन में बदलने की संभावना का सवाल है तो इसमे वक्त लगेगा।

भले ही इसके प्रणेता अभिजीत दिपके ने कहा हो कि वो इस आंदोलन को सभी गांव-शहरों तक ले जाएंगे। लेकिन बगैर किसी स्पष्ट विचारधारा और उद्देश्य, वैकल्पिक विचार, दूरगामी लक्ष्य, प्रभावी संगठन और समर्पित कार्यकताओं की फौज के बगैर कोई आंदोलन किसी क्रांतिकारी सैलाब में तब्दील नहीं हो सकता। वैसे भी उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी से प्रभावित युवाओं का एक सीमित वर्ग है।

बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जरूर ऐसा मुद्दा हो सकता है, जो लाखों युवाओं को जोड़े। लेकिन भारत में भ्रष्टाचार का विरोध अमूमन तभी तक होता है, जब तक कि दूसरों को इसका मौका न मिले। वैसे भी राजनीतिक आंदोलन कोई टीवी रिमोट कंट्रोल का बटन नहीं है, कि जब चाहा चैनल बदल दिया। जेन जी की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि उसमें सातत्य की कमी है। वह बहुत ज्यादा जल्दी में दिखती है और बहुत तेजी से आगे बढ़ना चाहती है।

किसी एक मुद्दे, विचार, पसंद या आग्रह पर धैर्य के साथ टिके रहना और उसके लिए संघर्ष करने की फितरत उसमें अपवादस्वरूप ही देखने को मिलती है। ज्यादा दूर क्यों जाएं, शादी की बारात में कानफोड़ शोर के साथ बेतरतीब नाचते युवा किसी एक गाने पर भी दो घड़ी टिकना नहीं चाहते। बुद्धि से कुशाग्रतर होने के बाद भी आचरण में एक सतहीपन और कॉकटेल सोच उनकी जिंदगी पर तारी है, जो जज्बात से लेकर जीवन के हर व्यवहार में साफ झलकता है।

ऐसे में पारंपारिक राजनीतिक औजारों के बगैर महज कॉकरोच मानसिकता के साथ कोई देशव्यापी आंदोलन खड़ा करना बेहद कठिन है। फिलहाल जो संवेग बना है, उसे मजबूत करने और गति देने के लिए दिपके को संगठन का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना होगा। आंदोलन की दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। अगर ऐसा होता है तो संभव है कि पारंपरिक राजनीतिक दल भी उसमें शामिल हो जाएं।

यानी नाम भले ही कॉकरोच हो, लेकिन एप्रोच में उसे संजीदा यानी बिज्जू (हनी बैजर) की तरह होना होगा। ऐसा हो सका तो यकीनन सरकारों और कई राजनीतिक पार्टियों की मुश्किलें बढ़ेंगी।

# इंडिया ब्लॉक की बैठक : समय, संदेश व राजनीतिक संकेत

**सत्येंद्र प्रताप सिंह**




करीब दो वर्ष के अंतराल के बाद इंडिया ब्लॉक की बैठक का आयोजन कई राजनीतिक सवाल खड़े करता है। गठबंधन की पिछली आधिकारिक बैठक 1 जून 2024 को नयी दिल्ली में हुई थी, जब लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके थे और परिणामों की घोषणा बाकी थी। ऐसे में मौजूदा बैठक का समय और उसका राजनीतिक महत्व स्वाभाविक रूप से चर्चा का विषय बन गया है।

इंडिया ब्लॉक के अधिकांश घटक दल समय-समय पर यह कहते रहे हैं कि उनका सहयोग मुख्य रूप से लोकसभा चुनावों तक सीमित है। अगले आम चुनाव में अभी तीन वर्ष का समय है, इसलिए यह बैठक केवल संगठनात्मक औपचारिकता से कहीं अधिक महत्व रखती दिखायी देती है।

बैठक ऐसे समय हुई है जब विपक्षी राजनीति कई स्तरों पर पुनर्संयोजन के दौर से गुजर रही है। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस नयी राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है।

दूसरी ओर विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों के बीच सहयोग और प्रतिस्पर्द्धा, दोनों की स्थितियां एक साथ मौजूद हैं। ऐसे परिदृश्य में इस बैठक को विपक्षी एकजुटता के प्रदर्शन और भविष्य की रणनीति पर विमर्श के प्रयास के रूप में भी देखा जा सकता है।

बैठक में 23 दलों की भागीदारी विपक्षी एकता का संदेश देने की कोशिश थी, लेकिन कुछ प्रमुख सहयोगियों की अनुपस्थिति भी ध्यान आकर्षित करती है। विशेष रूप से डीएमके और आम आदमी पार्टी का शामिल न होना यह संकेत देता है कि विपक्षी गठबंधन के भीतर राजनीतिक समीकरण पहले जैसे नहीं रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों का अलग होना भी इसी चुनौती की ओर इशारा करता है।

बैठक की एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि आगामी विधानसभा चुनाव हैं। अगले वर्ष उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने हैं। पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी प्रतिद्वंद्वी की भूमिका में हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का प्रश्न भविष्य में फिर चर्चा का विषय बन सकता है। इसके बावजूद बैठक में इन राज्यों के चुनावी खाके पर कोई स्पष्ट संकेत सामने नहीं आया।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्यों में मजबूत क्षेत्रीय दलों की भूमिका को स्वीकार करने की बात कही। इसे विपक्षी राजनीति में क्षेत्रीय दलों के बढ़ते महत्व के संदर्भ में देखा जा सकता है। वहीं राहुल गांधी ने भाजपा के मुकाबले विपक्षी दलों के बीच विश्वास और समन्वय को आवश्यक बताया।

दोनों नेताओं के वक्तव्यों से यह स्पष्ट होता है कि विपक्षी एकता की अवधारणा को लेकर विभिन्न दलों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन भाजपा के मुकाबले साझा मंच बनाये रखने की आवश्यकता पर व्यापक सहमति है।

ममता बनर्जी ने चुनावी प्रक्रिया और राजनीतिक वातावरण से जुड़े मुद्दे उठाये तथा सहयोगी दलों से सार्वजनिक आलोचना से बचने की अपील की। बैठक में लिए गये निर्णयों में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी गयी।

इससे यह संकेत मिलता है कि विपक्ष भविष्य में चुनावी सुधार और निर्वाचन प्रक्रिया को एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दे के रूप में उठाने की तैयारी कर रहा है।

इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष शायद कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं, बल्कि विपक्षी दलों का एक मंच पर फिर से एकत्र होना है। गठबंधन के भीतर मतभेद, क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएं और चुनावी प्रतिस्पर्धा अपनी जगह मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद संवाद की प्रक्रिया जारी रखना विपक्ष के लिए राजनीतिक आवश्यकता बन गया है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की यह टिप्पणी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस वह गोंद है, जो इंडिया ब्लॉक को एक साथ जोड़े हुए है।

यह टिप्पणी केवल कांग्रेस की भूमिका का उल्लेख नहीं करती, बल्कि विपक्षी गठबंधन की उस मूल चुनौती को भी रेखांकित करती है कि विविध राजनीतिक हितों और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बीच एक साझा राष्ट्रीय मंच को कैसे बनाये रखा जाए।

फिलहाल इतना स्पष्ट है कि यह बैठक केवल वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों की प्रतिक्रिया नहीं थी, बल्कि 2029 के आम चुनावों की दिशा में विपक्षी राजनीति के दीर्घकालिक समीकरणों का भी एक संकेत थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कट और ट्रिपिंग जारी, गर्मी से नहीं मिल रही राहत

**मेरठ, एजेंसी।** भीषण गर्मी में बिजली का संकट लगातार लोगों को परेशान कर रहा है। सोमवार को भी गर्मी के बीच बिजली की कटौती होने से लोग बिलबिला गए। ब्रह्मपुरी क्षेत्र में रूक-रूक कर बिजली की कटौती से लोग परेशान रहे। इसी तरह से माधवपुरम बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की ट्रिपिंग होती रही। मरम्मत कार्य के चलते पीएल शर्मा एवं लेडीज पार्क बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली कटौती हुई। इनके अलावा मलियाना, रेलवे रोड, खड़ौली, माधवपुरम प्रथम और द्वितीय बिजलीघरों से जुड़े क्षेत्रों में भी मरम्मत कार्य होने के कारण लगभग एक घंटे बिजली नहीं आई। वेदव्यासपुरी बिजलीघर पर आइसोलेटर की स्थापना होने के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। सरधना रोड स्थित सरस्वती विहार निवासी संजीव मलिक ने बताया कि उनके क्षेत्र में दिन-रात बिजली की ट्रिपिंग हो रही है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खैरनगर के दवा व्यापारी रजनीश कौशल ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही बिजली की कटौती फिर शुरू हो गई है। इस कारण लोग परेशान है। मानसरोवर कॉलोनी एडवोकेट निवासी डॉ. गौरव मित्तल ने बताया कि सिविल लाइन बिजलीघर से जुड़े इलाकों में प्रतिदिन बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोगों के विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेजी गई है। पीवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता से भी शिकायत की गई है।

### रोडवेज बस पर पथराव कर शीशे तोड़े कांच लगने से कई यात्री घायल

**मेरठ, एजेंसी।** गंगानगर थाना क्षेत्र में उत्तराखंड के कोटद्वार डिपो की रोडवेज बस पर चार आरोपियों ने सोमवार देर रात 11:30 बजे पथराव कर दिया। पथराव के दौरान बस के कई शीशे टूट गए। कांच लगने से कई यात्री भी जख्मी हो गए। परिचालक प्रदीप कुमार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। बिजनौर निवासी परिचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार को वह अपने चालक के साथ दिल्ली से कोटद्वार यात्रियों को लेकर जा रहा था। देर रात जब बस मवाना रोड पर गंगानगर के नाले के पास पहुंची। वहां पहले से ही चार युवक मौजूद थे। चारों युवकों ने सड़क के बीचों-बीच जाकर जबरन बस को रुकवा लिया। आरोपियों ने बस में घुसने का प्रयास किया। उसने बस का गेट नहीं खोला। इस पर आरोपियों ने परिचालक के साथ गाली गलौज कर दी। आरोप है कि युवकों ने बस पर पथराव कर दिया। पथराव के दौरान बस में सवार सवारी में चीख पुकार मच गई। बस के शीशे टूट गए। शीशे टूटकर कुछ सवारियों को लग गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। सूचना पर डायल 112 व गंगानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान शाहपुर निवासी जयंत व सदर बाजार निवासी ध्रुव, लकी व पुलकित के रूप में हुई। सीओ सदर बिहार सुधीर सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मंगलवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी।

### आगरा कॉलेज से करें एआई में बीटेक शुरू होंगे तीन नए कोर्स, एआई और डाटा साइंस पर फोकस

**आगरा, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते दौर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए शहर में ही अब बेहतर विकल्प हैं। आगरा कॉलेज फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफईटी) में शैक्षणिक सत्र 2026 से ही एआई आधारित तीन नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) से मंजूरी मिल चुकी है। संयोजक डॉ. यादवेंद्र शर्मा ने बताया कि उद्योगों की मांग भी नई तकनीकों के अनुरूप बढ़ रही है। इसी को देखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। कंप्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुज पाराशर ने बताया कि स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, डाटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में एआई विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में छात्रों के लिए यह पाठ्यक्रम बेहतर करिअर बनाएंगे। अब तक एफईटी में कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई होती थी। इस सत्र से एआई इन मशीन लर्निंग, एआई इन डेटा साइंस और एआई इन बायोटेक्नोलॉजी जैसी नई शाखाएं भी शामिल हो गई हैं। इससे छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एफईटी में प्रवेश के लिए जेईई मेन के माध्यम से काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। वहीं, जिन छात्रों ने 12वीं उत्तीर्ण कर ली है, वे पहले विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कराएंगे।

### एएनएमएमसी के प्रसूति विभाग के ठीक सामने कचरे का ढेर

# 2 साल से अल्ट्रासाउंड की सुविधा बंद



**गयाजी, एजेंसी।** गयाजी का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कचरे का ढेर लगा है। सिर्फ इतना ही नहीं यहां पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा 2 साल से बंद पड़ी है। नाम ना छापने की र्शत पर मरीज के परिजन ने कहा है कि यहां पर स्टॉफ मरीज को एक वार्ड से दूसरे में शिफ्ट करने के लिए पैसे की डिमांड करते हैं।

बता दें यह मगध प्रमंडल का सबसे बड़ा चिकित्सा केंद्र है। यहां रोज हजारों गरीब मरीज इस उम्मीद के साथ आते हैं कि उन्हें बेहतर इलाज मिलेगा। लेकिन, अस्पताल परिसर में संक्रमण फैलाने वाला कचरे का अंबार लगा हुआ है।

एक तरफ केंद्र और राज्य सरकारें 'स्वच्छ भारत अभियान' के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, तो दूसरी तरफ एएनएमएमसीएच के प्रसूति विभाग के ठीक सामने गंदगी का समंदर उफन रहा है। अस्पताल परिसर में खुलेआम फेंके गए मेडिकल वेस्ट और कूड़े के कारण पूरे इलाके में भारी दुर्गंध फैली हुई है।

सबसे संवेदनशील माने जाने वाले प्रसूति विभाग के पास इस तरह की गंदगी सीधे तौर पर नवजात बच्चों व प्रसूता महिलाओं की जान जोखिम में डाल रही है। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि यहां सांस लेना तक दूभर है। गंदगी के इस आलम से अस्पताल में भर्ती मरीजों को नई बीमारियां और संक्रमण होने का पूरा खतरा बना हुआ है। जब इस गंभीर लापरवा ही को लेकर अस्पताल के कार्यकारी अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल से सीधा सवाल किया गया, तो उनका जवाब बेहद चौंकाने वाला था। उन्होंने साफ कहा- मुझे इस मामले की जानकारी अब तक नहीं थी। मीडिया के माध्यम से अब यह बात सामने आई है। तुरंत जीविका समूह और संबंधित सफाईकर्मियों से बात करके वहां सफाई कराने का निर्देश जारी करूंगा।

अस्पताल की बदहाली सिर्फ गंदगी तक सीमित नहीं है। आरोप है कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रात के समय सीनियर डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। जूनियर डॉक्टरों या स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे पूरी इमरजेंसी छोड़ दी जाती है। जिसके कारण सही इलाज न मिलने से रोजाना कई बेकसूर मरीजों जान आफत में आ जाती है। कभी कभी तो हादसा भी हो जाता है।

सूत्रों का कहना है कि रात ढलती है तो इमरजेंसी वार्ड में दलालों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। ये दलाल, अस्पताल के ही कुछ भ्रष्ट वार्ड बॉय और ट्रॉली मैन के साथ मिलकर एक सुगठित नेटवर्क चलाते हैं।

गरीब मरीजों के परिजनों को डराया जाता है कि यहां डॉक्टर नहीं हैं, लापरवाही के कारण आपके मरीज की जान जा सकती है। मौत का यह खौफ दिखाकर सीधे-साधे ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर चुपके से निजी अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया जाता है।

अस्पताल में मुफ्त इलाज का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। अस्पताल के भीतर कदम-कदम पर अवैध वसूली का खेल जारी है। नाम नहीं छापने की शर्त पर मरीजों के परिजनों का कहना है कि इमरजेंसी से थाने में पीसी भेजने के नाम पर वार्ड बॉय की ओर से 500 से 1000 रुपये तक की वसूली की जा रही है।

फोलिस (पेशाब का बैग) लगाने का भी शुल्क लिया जाता है। इसके लिए मरीजों से अवैध रूप से 200 रुपये वसूले जाते हैं। वार्ड ट्रांसफर का भी पैसा लिया जाता है। मरीज को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में ले जाने के लिए ट्रॉली मैन या स्टॉफ 100 रुपये की डिमांड करते हैं।

इतना ही नहीं, हड्डी वार्ड की स्थिति यह है कि गरीब मरीजों को 25 से 45 दिनों तक बेड पर पाला जाता है, लेकिन उनका ऑपरेशन नहीं किया जाता। लाचार मरीज दर्द से कराहते रहते हैं और उनके पास निजी अस्पताल जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता।

सरकार की नाकामी का इससे बड़ा सबूत क्या होगा कि मगध के इस सबसे नामी सरकारी अस्पताल में पिछले लगभग दो साल से अल्ट्रासाउंड की सुविधा बंद है। अस्पताल में मशीनें होने के बावजूद मरीजों को जांच के लिए बाहर के प्राइवेट सेंटरों पर जाना पड़ता है, जिससे उनकी जेब पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

## बिहार में भीषण सड़क हादसा, श्रद्धालुओं से भरी कार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर



**औरंगाबाद, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद में सड़क हादसा हो गया है। यहां गोह थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 120 पर श्रद्धालुओं से भरी कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन महिला श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक ये सभी अरवल जिले के मेहंदिया में मधुशर्मा मलमास मेले में स्नान करके वापस आ रहे थे। हादसे के बाद सभी घायलों को मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी ले जाया गया है। तीनों मृत महिलाएं औरंगाबाद की रहने वाली हैं।

मृतकों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के छिछन बिगहा गांव निवासी उपेंद्र कुमार की 45 वर्षीय पत्नी ममता कुमारी, उनकी 18 वर्षीय पुत्री चुलबुल कुमारी और उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी स्वर्गीय विनोद यादव की 17वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के रूप में हुई है।

वहीं घायलों में उपेंद्र कुमार की 14 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी, उनके 12 वर्षीय पुत्र समर कुमार और स्वर्गीय विनोद यादव की 40 वर्षीय पत्नी संगीता देवी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल मुस्कान और समर को बेहतर इलाज के लिए गयाजी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, ये सभी लोग अरवल जिले के मेहंदिया स्थित मधुशर्मा मेले से पवित्र स्नान कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच 120 पर दधपि गांव के पास तेज रफ्तार बेलगाम बालू लदे ट्रैक्टर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।घटना के संबंध में एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## बिरला हॉस्टल में बनने वाली ऊंची दीवार के खिलाफ छात्रों का विरोध-प्रदर्शन



**वाराणसी, एजेंसी।** बिरला हॉस्टल में बनने वाली ऊंची दीवार के खिलाफ छात्रों ने सोमवार को विरोध-प्रदर्शन किया। सेंट्रल ऑफिस में अधिकारियों के सामने नारेबाजी कर छात्रों ने कहा कि छात्रावास के मेंटेनेंस का विरोध नहीं, लेकिन मूलभूत भवन के साथ छेड़छाड़ न हो।

बिरला हॉस्टल में बनाई जाने वाली ऊंची चहारदीवारी को लेकर छात्रों ने सड़क पर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कई छात्र सेंट्रल ऑफिस पहुंचे और नारेबाजी कर विरोध किया। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोका और ज्ञापन सौंपने को कहा, लेकिन वह तैयार नहीं हुए। कुछ देर तक बहसबाजी भी हुई। जिम्मेदार अधिकारी को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे। कुछ देर बाद वहां पहुंचे छात्र अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार को ज्ञापन दिया और अपना गुस्सा जताया। कहा कि छात्रावास के मेंटेनेंस का कोई विरोध नहीं लेकिन और भी कई समस्याएं हैं जिन पर चर्चा नहीं लेकिन दीवार खड़ी करनी है। पानी, खराब खाना, गंदगी जैसी कई समस्याएं हैं। कई साल से हॉस्टल में मेस नहीं है, मगर मूलभूत समस्याओं के बजाय बेवजह की दीवार बनाई जा रही है।

छात्र नेता अभिषेक सिंह काली ने कहा कि बिरला छात्रावास भारत के बड़े उद्योगपति रहे राजा बलदेव दास जुगल किशोर बिरला जी के अनुदान से बना है। किसी सरकारी सहायता से नहीं। विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि चहारदीवारी छात्रावास के मूल स्वरूप के अनुसार ही रखी जाए। कोई छेड़छाड़ न किया जाए। छात्र नेता अभय सिंह ने कहा कि बिरला स हॉस्टल की सामने की दीवार तोड़ दी गई है। अब यहीं से नई दीवार बननी है।

छात्र हर्ष त्रिपाठी ने कहा कि यह बिरला छात्रावास को छात्रावास ही रहने दिया जाए, इसे कैदखाना न बनाया जाए। छात्र रजत सिंह, अभिषेक पाठक और शुभम ने कहा विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की मांगों को गंभीरता से नहीं लेता है तो हम जल्द आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## परीक्षा देने जा रही युवतियों के साथ की गंदी हरकत पुलिस की गोली लगी तो निकल गई सारी हवस





**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ से सिपाही भर्ती परीक्षा देने रायबरेली जा रहीं दो युवतियों को सोमवार तड़के ऑटो चालक हसीब सुनसान जगह पर ले गया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने एक युवती को बाल पकड़कर पीटा। शोर मचाने पर राहगीर मदद के लिए दौड़ा तो आरोपी भाग निकला। बताया गया कि आरोपी हसीब मूल रूप से हरदोई के कछौना का रहने वाला है।

मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की। देर रात पता चला कि आरोपी पारा थाना क्षेत्र के मुन्नूखेड़ा के पास मौजूद है। पुलिस पहुंची और मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**आलमबाग बस अड्डे के लिए ऑटो में बैठीं महिला अभ्यर्थी :** डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के मुताबिक, दोनों अभ्यर्थी लखीमपुर खीरी से ट्रेन से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची थीं। वहां से वे आलमबाग बस अड्डे के लिए ऑटो में बैठीं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि शॉर्टकट का बहाना बनाकर चालक उन्हें पारा के डॉक्टरखेड़ा ले गया। वहां उसने दोनों के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर राहगीर को आता देख आरोपी ऑटो लेकर मौके से भाग गया।

पुलिस दोनों को परीक्षा दिलाने रायबरेली ले गई। मौके पर पहुंची पारा पुलिस को युवतियों ने परीक्षा में देरी होने की बात कही। पुलिस उन्हें अपने साथ रायबरेली परीक्षा केंद्र तक ले गई। परीक्षा देकर लौटने के बाद युवतियों ने पारा थाने में आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

**30 सीसीटीवी खंगाले, आरोपी को किया ट्रेस :** घटना के बाद पुलिस ने चारबाग, आलमबाग, मानकनगर और पारा क्षेत्र में लगे करीब 30 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के जरिये आरोपी को ट्रेस कर लिया गया।

डीसीपी ने बताया कि देर रात पुलिस को आरोपी के मुन्नूखेड़ा में होने की जानकारी मिली। चेकिंग के दौरान पुलिस को आरोपी आता दिखा। रुकने के इशारे पर आरोपी ने ऑटो भगाते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद हुआ है। पूछताछ में हसीब ने बताया कि 2024 में हरदोई के संडीला में युवती से दुष्कर्म किया था। इस मामले में वह जेल जा चुका है।

## जब अंबेडकरनगर में 4 बजे तक ओपीडी तो बाकी मेडिकल कॉलेजों में क्यों नहीं? मरीजों को राहत कब?




**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अंबेडकरनगर जिले के दोस्तपुर निवासी सुंदर लाल (55) महामाया राजकीय एलोपैथी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। घुटने में दर्द की शिकायत पर डॉक्टर ने एक्सरे कराने के लिए कहा। एक्सरे कराकर लौटे तो 3 बज चुके थे। उन्हें लगा कि कल फिर आना पड़ेगा लेकिन ओपीडी में डॉक्टर मिले। एक्सरे दिखाया और दवा लिखवाकर सुकून से घर लौटे।

यह संभव हुआ मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई 4 बजे ओपीडी चलाने की व्यवस्था से। इससे हर दिन करीब 150-200 मरीजों को फायदा मिल रहा है। पहले इन मरीजों को एक दिन इलाज तो दूसरे दिन जांच रिपोर्ट दिखाने आना पड़ता था। अब एक ही दिन में पूरा इलाज मिल रहा है। यही नहीं, पर्चा काउंटर पर सुबह 7 बजे से लगने वाली भीड़ भी कम हुई है।

वहीं, प्रदेश के बाकी सभी मेडिकल कॉलेजों में 2 बजे तक ओपीडी चल रही है। अंबेडकरनगर के मेडिकल कॉलेज में ओपीडी 4 बजे तक करने पर मिले अच्छे नतीजों से सवाल उठ रहा है कि बाकी मेडिकल कॉलेज यह सुविधा शुरू क्यों नहीं कर रहे?

**क्या हैं एनएमसी के नियम :** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के बायोमीट्रिक अटेंडेंस (एईबीएएस) के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी और सीनियर रेजीडेंट का अधिकारिक ड्यूटी समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक है। इसे लागू करना कॉलेज प्रशासन और राज्य सरकार का जिम्मा है। हर यूनिट में दो से तीन डॉक्टर होते हैं। ओपीडी से बचे समय में फैकल्टी को वार्ड में राउंड और क्लीनिकल क्लास लेने होते हैं। ऐसे में 2 बजे के बाद भी संबंधित यूनिट के एक से दो डॉक्टर ओपीडी में रह सकते हैं लेकिन ज्यादातर फैकल्टी मेंबर 2 बजे के बाद ओपीडी से सीधे घर चले जाते हैं।

**हर मरीज के बचेंगे 200 रुपये :** प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। ज्यादातर स्वशासी मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में चल रहे हैं। अगर 4 बजे तक ओपीडी चले तो रोज हजारों मरीजों को फायदा मिलेगा। पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बद्री विशाल बताते हैं कि अगर मरीज 20 किमी दूर से आता है तो आने-जाने का खर्चा करीब 50 रुपया पड़ता है। कुछ नाश्ता खर्च और दिहाड़ी 100 रुपया मान ली जाए तो कुल 200 रुपये खर्च हुए। अगर 4 बजे तक डॉक्टर मिलें तो उसे दूसरे दिन यह रकम खर्च नहीं करनी पड़ेगी।

महामाया राजकीय एलोपैथी मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर के प्रधानाचार्य प्रोफेसर मुकेश कुमार यादव ने बताया कि 4 बजे तक ओपीडी चलाने का फायदा मरीज ही नहीं फैकल्टी और रेजीडेंट को भी मिलता है। कॉलेज में ज्यादा मरीज आएंगे तो संबंधित विभाग की फैकल्टी को शोध सैंपल बड़ा मिलेगा। रेजीडेंट को काम सीखने का मौका मिलेगा।

## जीडीए का कर्मचारी बताकर 2.50 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर , एजेंसी।** मानबेला क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जी गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) का पत्र देकर आवास के नाम पर 2.50 लाख रुपये की ठगी के आरोपी विजय प्रताप को पुलिस ने क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने स्वयं को जीडीए कर्मचारी बताता था। आरोपी की पहचान सहजनवा थाना क्षेत्र के भरपुरवा भीटीरावत निवासी विजय प्रताप के रूप में हुई है। उसके कब्जे से फर्जी आवंटन पत्र भी बरामद किया गया है।

अजय नगर, रसूलपुर वार्ड नंबर 55 निवासी असगर अली ने सदर सांसद को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनकी मुलाकात विजय प्रताप से हुई थी, जिसने खुद को जीडीए का कर्मचारी बताते हुए मानबेला में आवास दिलाने का आश्वासन दिया। इसके एवज में उसने 2.50 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित के अनुसार, अलग-अलग तिथियों में उनके साले की ओर से ऑनलाइन माध्यम से धनराशि भेजी गई। इसके बाद आरोपी ने जीडीए के नाम से फर्जी आवंटन पत्र तैयार कर सौंप दिया और जल्द आवास आवंटित होने का भरोसा दिलाया। शिकायत में यह भी आरोप था कि आरोपी ने उपाध्यक्ष के नाम पर भी अतिरिक्त धनराशि की मांग की थी। बाद में जब आवंटन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी तो पीड़ित ने पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया गया। विरोध पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी थी।

एसपी सिटी निमिष पाटील ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने और ठगी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

### मुठभेड़ में तीन शातिर गिरफ्तार, बाइकों व सामान बरामद

# दो के पैर में लगी गोली, जिला अस्पताल रेफर



**कानपुर, एजेंसी।** इटावा जिले के बकेवर थाना क्षेत्र में पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार तीन बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जबाबी कार्यवाई में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों बदमाशों को दबोच लिया। घायल बदमाशों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से दोनों जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना पर एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र व सीओ भरथना रामदवन मौर्य मौके पर पहुंचे।

एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र ने बताया एडीजी कानपुर के निर्देशन में एसएसपी इटावा ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। बकेवर थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक मय फोर्स क्षेत्र के इकनौर तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बकेवर थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि दो बाइकों पर सवारतीन व्यक्ति इकनौर तिराहे की ओर आ रहे। इसी दौरान दो बाइकें आती दिखीं, जिस पर पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया।

**दो को लगी गोली, तीन गिरफ्तार**

इस पर बाइकों पर सवार लोगों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया और ग्राम इकनौर की ओर भागने लगे। इस पर दूसरी तरफ से पुलिस ने घेराव किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस की दोनों टीमों ने जबाबी फायर किए। इस मुठभेड़ में आशीष कुमार उर्फ भोला (22) और राज उर्फ कौशल (22) के पैर में गोली लगी, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े। पुलिस ने तीसरे साथी शिवा (19) को भी धर दबोचा।

**दो बाइकों समेत ये सामान बरामद :** पकड़े गए बदमाशों के पास से तीन तमंचा 315 बोर, चार खोखा, छह जिंदा कारतूस, 315 बोर व एक मिस हुआ कारतूस बरामद हुआ है। घायल बदमाशों आशीष उर्फ भोला और राज उर्फ कौशल को अस्पताल भिजवाया गया। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक ने बताया कि पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की दो बाइकें बरामद हुई हैं। साथ ही, लखना तिराहा के पास से चुराई गई नगदी के 15 हजार रुपये बरामद हुए, जिसका मामला बकेवर थाने में दर्ज है।

## मैं कुंवारा हूं कहकर महिला आरक्षी को फंसाया संबंध भी बनाए; शादीशुदा सिपाही सस्पेंड

**बरेली, एजेंसी।** महिला आरक्षी से प्रेम संबंध में खुद को कुंवारा बताने वाले शादीशुदा सिपाही अमित चौधरी को एसएसपी अनुराग आर्य ने निलंबित कर दिया। उसके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कराई है। धोखे की जानकारी होने पर महिला आरक्षी ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की थी।

**शादी का झांसा देकर बनाए संबंध :** शाही थाने के आरक्षी अमित चौधरी ने खुद के शादीशुदा होने की बात छिपाकर एक रिक्रूट महिला आरक्षी से दोस्ती बढ़ाई। आरोप है कि महिला आरक्षी को शादी का झांसा देकर उससे प्रेम संबंध बनाए। कुछ दिन पहले महिला आरक्षी को अमित चौधरी के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी मिली। अमित से पूछताछ में स्थिति स्पष्ट होने के बाद अवसाद में आई महिला आरक्षी ने 31 मई को एक साथ कई दवाइयां खा लीं। उसकी हालत बिगड़ी तो स्टाफ ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

**प्रारंभिक जांच में साबित हुए आरोप :** शाही थाना प्रभारी ने एसएसपी को घटनाक्रम की जानकारी दी। तब एसएसपी ने सीओ मीरगंज अजय कुमार को प्रारंभिक जांच सौंप दी। इसमें आरक्षी अमित चौधरी पर लगे आरोपों को गंभीर माना गया। सीओ की रिपोर्ट के बाद एसएसपी ने अमित चौधरी को निलंबित कर दिया। उन्होंने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि आरक्षी के इस कृत्य से पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है।

**शाही थाने में फैला लवेरिया, पर्ची वायरल :** अमित चौधरी के निलंबन के साथ ही शाही थाने से जुड़े प्रेम प्रसंग के कई और किस्से भी सोशल मीडिया के जरिये सामने आ रहे हैं। एक पर्ची व्हाट्सएप पर वायरल हो रही है, जिसमें थाने के कई सिपाहियों के नाम लिखे हैं। सिपाहियों के नाम के आगे महिला पुलिसकर्मी या कस्बे की निवासी लड़कियों के नाम लिखे हैं। एक सिपाही का नाम कस्बा की निवासी लड़की से जोड़कर लिखा है कि उसका ट्रांसफर शाही से बहेड़ी थाने हो गया था। उसने जुगाड़ से अपनी तैनाती शाही थाने की पीआरवी पर करवा ली है। सूत्र बता रहे हैं कि सोशल मीडिया के जरिये ये मामले अधिकारियों की जानकारी में भी पहुंच रहे हैं।

# विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में भीषण विस्फोट

**विशाखापत्तनम, 9 जून (भा)।** विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के नाम से जाने जाने वाले राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड में कल अचानक हुए भीषण विस्फोट में आठ श्रमिकों की मौत हो गयी और छह अन्य श्रमिक घायल हो गए। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की एक विज्ञप्ति के अनुसार विस्फोट इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्ट शॉप-1 में शाम करीब सवा चार बजे हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया कि लैडल में रखे गर्म कच्चे इस्पात को टंडिश में डालने के लिए स्लाइड गेट खोलने से पहले अचानक भीषण विस्फोट हुआ। इस इस्पात को आगे कास्टर में ले जाया जाना था। गंभीर रूप से घायल होने के कारण आठ लोगों ने दम तोड़ दिया। छह अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के बाद आग का भीषण गोला छत तक उठा और ऊपर लगी क्रेन में आग लग गयी। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरआईएनएल (राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड) दुर्घटना की जांच कर रहा है। इसके अलावा बोकारो के निदेशक प्रभारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय बाहरी जांच समिति को भी दुर्घटना की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस हादसे में लोगों की मौत होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में हुए हादसे में श्रमिकों की मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में हुई दुर्घटना से व्यथित हूं। अपनों को खोने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। स्थानीय अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि इस्पात संयंत्र में हुए हादसे से वह बेहद स्तब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुझे यह जानकर दुख हुआ कि इस दुर्घटना में कई श्रमिकों की मौत हो गयी है। मैंने संबंधित अधिकारियों से बात की है और उन्हें सभी सरकारी विभागों के साथ समन्वय कर राहत उपाय करने का निर्देश दिया है। विशाखापत्तनम के जिलाधिकारी एम. अभिषिक्त किशोर के अनुसार छह घायलों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि शेष खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि घायल श्रमिकों को बंदरगाह शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## आठ श्रमिकों की मौत

किशोर ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और प्रभावित इकाई में अन्य कामकाज रोक दिया गया है, जिससे आगे किसी और दुर्घटना की गुंजाइश नहीं है। पुलिस के अनुसार पिघला हुआ लोहा श्रमिकों पर गिर गया। पुलिस ने कहा कि पिघले हुए लोहे का तापमान करीब 1,600 डिग्री सेल्सियस था। इस्पात राज्य मंत्री बी. श्रीनिवास वर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी आधी रात तक यहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में आज की दुर्घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम एक-दो दिन में इन कारणों का पता लगाने की कोशिश करेंगे कि विस्फोट कैसे हुआ या क्या लैडल टूट गया था। उन्होंने कहा कि वह भी बंदरगाह शहर जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल दुर्घटनास्थल पर जाना निषिद्ध है। उन्होंने कहा कि वह संयंत्र की स्थिति की समीक्षा करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करने की कोशिश करेंगे। इस बीच, इस्पात संयंत्र के श्रमिकों के एक प्रतिनिधि ने एक क्षेत्रीय टेलीविजन चैनल को बताया कि ब्लास्ट फर्नेस से लाया गया पिघला हुआ लोहा सामान्य तौर पर अत्यधिक उच्च तापमान पर फिर गर्म किया जाता है और फिर उसे प्रसंस्करण के लिए लैडल में दूसरी इकाई तक ले जाया जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान लैडल से पिघला हुआ इस्पात गिर गया, जिससे भीषण आग लग गयी और आसपास मौजूद श्रमिकों को भागना पड़ा। उन्होंने कहा कि तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गयी और कुछ घायलों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। दुर्घटना पाली बदलने के समय हुई, जिससे घटना के समय क्षेत्र में मौजूद कर्मियों की सही संख्या का तुरंत पता लगाना मुश्किल हो गया है। इस बीच मुख्यमंत्री नायडू ने इस्पात संयंत्र हादसे के कारण राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को तिरुपति में होने वाली जनसभा स्थगित कर दी।

# राम मंदिर के बारे में अफवाह फैला कर झूठ गढ़ने का असफल प्रयास कर रहे अखिलेश : पाठक

**लखनऊ, 9 जून (भा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और अन्य विपक्षी नेताओं द्वारा अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावे में करोड़ों रुपये के गबन के आरोप लगाये जाने के बाद उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार और पार्टी संगठन ने कल इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इन आरोपों को खारिज कर दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह राम मंदिर को लेकर अफवाह फैलाकर झूठ गढ़ने का असफल प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की आंतरिक लेखा-परीक्षा (ऑडिट) का उल्लेख करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा अब भगवान के चढ़ावे को भी नहीं बख्श रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया था कि अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में आये करोड़ों रुपये गायब हो गृये हैं। संजय सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि प्रभु श्रीराम के नाम पर चंदा चोरी और जमीन घोटालों के बाद अब दानपात्र के चढ़ावे में भी लगभग सात करोड़ रुपये की बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोयला, गैस, बिजली, स्कूल, अस्पताल और मध्याह्न भोजन का पैसा खाने वाली भाजपा अब भगवान के चढ़ावे को भी नहीं बख्श रही है। झांसी दौरे पर पहुंचे पंकज चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह सरकार का नहीं, बल्कि ट्रस्ट का विषय है। चौधरी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर के नाम पर यदि किसी प्रकार की चोरी या अनियमितता सामने आती है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बाद में एक कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान चौधरी ने दोहराया कि सपा अध्यक्ष द्वारा लगाये गये आरोपों की जांच ट्रस्ट अपने स्तर पर कर रहा है तथा चढ़ावे से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रविवार को कहा था कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का समय-समय पर आंतरिक ऑडिट होता रहता है। इस प्रक्रिया में ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। ऑडिट की प्रक्रिया कई दिनों तक चलती है। फिलहाल भी यही प्रक्रिया जारी है और अभी तक कोई विशेष अनियमितता सामने नहीं आयी है। इस बीच उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कभी उच्चतम न्यायालय के निर्णय का सम्मान नहीं किया। उनकी सोच बाबरवादी है। पाठक ने कहा कि श्रीराम मंदिर के भूमि पूजन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक आपने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। अब राम मंदिर को लेकर अफवाह फैलाकर झूठ गढ़ने का असफल प्रयास किया जा रहा है। पाठक ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत सनातन संस्कृति का वाहक राष्ट्र है। सनातन संस्कृति के विरुद्ध सोच रखने का राजनीतिक परिणाम समाजवादी पार्टी को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ेगा। वहीं, बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि राम मंदिर निर्माण और रखरखाव से जुड़ी चिंताओं की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

# रास चुनाव : कांग्रेस को सताने लगा सेंधमारी का डर, विधायकों को कर्नाटक ले जाने की तैयारी

**भोपाल, 9 जून (भा)।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 18 जून को होने वाले मतदान में क्रॉस वोटिंग से बचने और अपने खेमे को एकजुट रखने के मकसद से कांग्रेस ने अपने विधायकों को पार्टी शासित कर्नाटक ले जाने का फैसला किया है। पार्टी के एक विधायक ने आज यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पार्टी के सभी विधायकों को किसी कांग्रेस शासित प्रदेश में ले जाया जाएगा, क्योंकि भाजपा उनके विधायकों को कथित तौर पर खरीदने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुछ विधायकों ने उन्हें बताया है कि भाजपा के लोग नोटों से भरी थैली लेकर उनसे संपर्क करने आये थे, लेकिन उन्होंने उन्हें लौटा दिया। सिंघार ने दावा किया कि 18 तारीख को मतदान के दिन भाजपा का सारा षड्यंत्र विफल होगा। सौंसर विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने बाद में कहा कि सभी विधायक भोपाल से बेंगलुरु जा रहे हैं। उन्होंने भी दावा किया कि भाजपा खरीद फरोख्त के प्रयास कर रही है। इसलिए पार्टी के शीर्ष नेताओं ने विधायकों को एक साथ किसी कांग्रेस शासित राज्य में रखने का फैसला किया है। एक अन्य कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह और बाबू जंडेल ने भी विधायकों को कर्नाटक ले जाए जाने की पुष्टि की। सिंह ने कहा कि कुछ विधायक बाहर ले जाए जाने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन यह पार्टी आलाकमान का फैसला है, इसलिए सभी जा रहे हैं। राज्य में खाली हुई जिन तीन सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें से दो पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत तय मानी जा रही है जबकि संख्या बल के लिहाज से तीसरी सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी है। लेकिन राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने तीसरी सीट पर भी उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को पेचीदा बना दिया है। भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और राज्य इकाई के सचिव रजनीश अग्रवाल को मैदान में उतारा है और तीसरी सीट पर मध्यप्रदेश मछुआरा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश केवट पर दांव लगाया है। कांग्रेस ने पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला केवट से होना निश्चित है। चुघ और अग्रवाल ने शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि नटराजन और केवट ने कल नामांकन दाखिल किया।

# टीएमसी नेता जहांगीर खान 5 दिन की पुलिस हिरासत में

**डायमंड हार्बर (पश्चिम बंगाल), 9 जून (भा)।** तृणमूल कांग्रेस के नेता जहांगीर खान को यहां की एक अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। खान को वसूली और अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। खान को कल उत्तरी बंगाल के पानीटंकी इलाके में भारत-नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया था। खान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में फाल्टा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस सीट पर 21 मई को दोबारा मतदान होने से कुछ दिन पहले से ही खान को दक्षिण 24 परगना जिले के उनके निर्वाचन क्षेत्र में नहीं देखा गया था। डायमंड हार्बर की एक अदालत ने सरकारी पक्ष की अपील पर, फाल्टा पुलिस थाने में खान के खिलाफ दर्ज सात प्राथमिकियों के सिलसिले में उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 26 मई को खान को मिला अंतरिम संरक्षण हटा दिया था। खान के खिलाफ दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा पुलिस थाने में सात प्राथमिकी दर्ज की गयी थीं। उच्च न्यायालय ने 18 मई को दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा दी थी, ताकि खान 21 मई को फाल्टा में दोबारा मतदान में हिस्सा ले सकें। फाल्टा में हुए चुनाव के नतीजे 24 मई को घोषित किये गये। खान ने हालांकि पुनः चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने और उसके लिए प्रचार करने के वास्ते 18 मई को उच्च न्यायालय से अंतरिम सुरक्षा की मांग की थी और वह उसे मिल भी गयी थी, लेकिन ठीक अगले ही दिन उसने सार्वजनिक रूप से चुनाव से हटने की घोषणा कर दी। खान को भारी पुलिस और केंद्रीय बल की तैनाती के बीच अदालत में पेश किया गया।

# तेजस मार्क 1ए की आपूर्ति में देरी के बीच राजनाथ सिंह ने की एचएएल परियोजनाओं की समीक्षा

**नयी दिल्ली, 9 जून (भा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कल हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में भारतीय वायुसेना को तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ओर से हो रही अत्यधिक देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। सिंह ने सरकारी एयरोस्पेस कंपनी द्वारा वर्तमान में लागू की जा रही सभी प्रमुख परियोजनाओं के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन एस राजा सुब्रमणि, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) रवि कोटा शामिल हुए। ऐसा बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्री सिंह ने एचएएल के शीर्ष अधिकारियों से कहा कि विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं के लिए व्यावहारिक समयसीमा तय की जानी चाहिए। मामले से अवगत अधिकारियों ने बताया कि तेजस मार्क 1ए विमानों की आपूर्ति में देरी के संदर्भ में सिंह ने सुझाव दिया कि एचएएल और भारतीय वायुसेना लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए बैठकर बात करें। विमानों की आपूर्ति में इसलिए भी देरी हुई है, क्योंकि भारतीय वायुसेना ने कहा है कि निर्मित विमान कुछ तकनीकी मानकों को पूरा नहीं करते। विमानों की आपूर्ति में देरी का एक प्रमुख कारण यह भी रहा कि जीई एयरोस्पेस ने इन विमानों को शक्ति देने वाले इंजनों की आपूर्ति समयसीमा में नहीं की।

# पृष्ठ 1 का शेष

**दोनों तरफ का...**

भावनाओं, रीति-रिवाजों और सबसे बढ़कर वहां की स्थानीय भाषा का सम्मान करे। आज के समय में गलतफहमियों को दूर करने और आपसी रिश्ते को मजबूत करने के लिए हमें जमीनी स्तर पर कुछ आसान कदम उठाने होंगे। बाहर से आकर बसे लोगों को असम के महान नायक वीर लाचित बरफुकन के शौर्य और श्रीमंत शंकरदेव के सांस्कृतिक योगदान को दिल से समझना चाहिए। इसके साथ ही दैनिक जीवन में असमिया भाषा के कुछ बुनियादी शब्द सीखना और उनका इस्तेमाल करना बातचीत की दूरी को पाट सकता है। लोगों को बिहू जैसे लोक उत्सवों में न केवल शामिल होना चाहिए, बल्कि वहां के समाज की सांस्कृतिक संवेदनशीलता का पूरा ध्यान भी रखना चाहिए। हाल के विवादों को केवल एक झगड़े के रूप में देखने के बजाय हमें इससे एक सीख लेनी चाहिए। अतिथि देवो भव की भावना रखने वाली असम की धरती सबको अपनाती है, लेकिन वहां रहने वाले हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्थानीय लोगों के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचाए। यह भाईचारा केवल कानूनों से नहीं बल्कि दिल से निभ सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो असम की धरती, असमिया भाषा और वहां के मूल निवासियों का सम्मान करना ही इस राज्य की शांति, खुशहाली और तरक्की का इकलौता रास्ता है।

**भारत-यूरोप...**

पार्टिसिपेंट बनने के नए मौके खुल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि असम को बढ़ती भारत-ईयू पार्टनरशिप में योगदान देने और यूरोपियन एक्सपर्टीज़ और भारत के पूर्वी ग्रोथ कॉरिडोर में उभरते मौकों के बीच एक ब्रिज का काम करने पर गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि इसलिए, ब्लू वैली क्लस्टर का लांच एक नयी पहल से कहीं ज़्यादा है। उन्होंने कहा कि यह पहल बढ़ती पार्टनरशिप का एक ठोस नतीजा होगी और यह दिखाएगी कि कैसे स्ट्रेटेजिक सहयोग बिजनेस, एंटरप्रेन्योर, रिसर्चर और कम्युनिटी के लिए मौके बना सकता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि ब्लू वैली क्लस्टर रीजनल लेवल पर साझा लक्ष्यों को एक्शन में बदलने की दिशा में एक जरूरी कदम है। खास सेक्टर्स पर फोकस करते हुए, यह पहल बायोडायवर्सिटी, नेचुरल चीज़ों और वेलनेस ट्रेडिशन में असम की ताकत का इस्तेमाल करने में एक फोर्स-मल्टीप्लायर होगी, साथ ही यूरोपियन और इंडियन एंटरप्राइजेज, इंस्टीट्यूशन्स और स्टार्टअप्स के बीच रिसर्च, इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और इंडस्ट्रियल कोलेबोरेशन को बढ़ावा देगी। यूरोपियन संघ के रिप्रेजेंटेटिव्स के सामने असम को प्रेजेंट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम पॉलिसी की निश्चितता और बिजनेस करने में असली आसानी के लिए खड़ा है। सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम ने 2.5 मिलियन से ज़्यादा अप्रूवल आसान किये हैं, क्योंकि सरकार ने एक लाख एकड़ से ज़्यादा इंडस्ट्रियल ज़मीन डेवलप की है, 65 इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाये हैं और प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सेक्टर-स्पेसिफिक इंडस्ट्रियल पार्क बनाये हैं। उन्होंने कहा कि ब्लू वैली क्लस्टर पहल का मेन मकसद यह पक्का करना है कि बायोडायवर्सिटी से खुशहाली आये, इनोवेशन से रोजी-रोटी बने और सस्टेनेबिलिटी कॉम्पिटिटिव एडवांटेज का सोर्स बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, एआई, बायोटेक्नोलॉजी वगैरह जैसे दूसरे उभरते सेक्टर में यूरोपियन सहयोग का फ़ायदा उठाने के लिए तैयार है, ताकि युवाओं के लिए हाई क्वालिटी मौके बनाये जा सकें और इन रास्तों की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा किया जा सके। उन्होंने इस मौके पर यूरोपियन संघ के एंबेसडर हर्वे डेल्फ़िन और पूरी ईयू टीम की कोशिशों की भी तारीफ़ की, जिन्होंने असम के साथ करीबी रिश्ते बनाने और ब्लू वैली क्लस्टर पहल को असलियत में बदलने में गहरी दिलचस्पी दिखायी, जिससे उनके मुताबिक भारत-ईयू के रिश्ते और मज़बूत होंगे।

**यूरोपीय संघ के...**

है। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा, हरित एवं टिकाऊ अवसंरचना, स्वास्थ्य सेवाएं, औषधि उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और सेमीकंडक्टर उद्योग प्रमुख हैं। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल राज्य की पारंपरिक और विशिष्ट आर्थिक शक्तियों जैसे चाय उद्योग, कृषि प्रसंस्करण, प्राकृतिक फ्लेवर एवं फ्रेगरेंस उद्योग तथा आयुष क्षेत्र में भी निवेश और सहयोग की संभावनाओं का मूल्यांकन कर रहा है। अपने दौरे के दौरान यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों के साथ भी बैठकें कर रहा है। इन चर्चाओं का उद्देश्य क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं का आकलन करना और आर्थिक सहयोग को नयी गति देना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की उच्चस्तरीय बातचीत से भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और असम को पूर्वोत्तर भारत में निवेश, नवाचार और सतत विकास के एक उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब असम तेजी से औद्योगिक विकास, अवसंरचना विस्तार और वैश्विक निवेश आकर्षित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में यह दौरा राज्य और यूरोपीय संघ के बीच भविष्य के आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**यूरोप असम में...**

में शामिल रहा है और उसे समर्थन कर रहा है। ईयू एंबेसडर हर्वे डेल्फिन ने आज गुवाहाटी में ब्लू वैली क्लस्टर लांच किया। मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संदेश सीधा है, यूरोप यहां असम के संसाधनों को लेने और उन्हें कहीं और प्रोसेस करने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि असम भारत के भौगोलिक रूप से किनारे पर नहीं है, बल्कि यह देश के आर्थिक सेंटर की ओर बढ़ रहा है। डेल्फ़िन ने कहा कि असम में जो बात अलग है, वह है प्रकृति से मिलने वाले संसाधन, लोगों की गुणवत्ता उनकी प्रतिभा, मेहमाननवाज़ी और राज्य को विकसित करने के लिए ज़बरदस्त लीडरशिप और यही वह चीज़ है, जो असम को यूरोपियन बिज़नेस के लिए पसंदीदा जगह बनाती है। उन्होंने कहा कि असल में हम ईयू-भारत इकोसिस्टम और इकोनॉमी को करीब लाना चाहते हैं और ब्लू वैली क्लस्टर-फ्लेवर्स, फ्रेगरेंस और आयुष का लांच राज्य लेवल पर इसे पूरा करने की दिशा में एक कदम है। प्रतिनिधिमंडल कल से असम के दो दिन के दौरे पर है और अपने दौरे के आखिरी दिन असम का पहला ब्लू वैली क्लस्टर फ्रेगरेंस, फ्लेवर, आयुष और फूड प्रोसेसिंग पर फोकस करने वाला एक नया इंडस्ट्रियल हब लांच किया गया। असम में ब्लू वैली क्लस्टर पायलट प्रोजेक्ट से लोकल बायोडायवर्सिटी, इनोवेशन और एंटरप्राइज को इंटरनेशनल वैल्यू चेन और मार्केट के मौकों से जोड़कर सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन का एक नया मॉडल दिखाने की उम्मीद है। ईयू के एंबेसडर ने कहा कि असम में ज़बरदस्त बायो-डायवर्सिटी, मेडिसिनल और एरोमैटिक पौधे हैं, जो वैल्यू बना सकते हैं। यही वजह है कि यूरोपियन कंपनियां यहां आ रही हैं और इस क्लस्टर में इन्वेस्ट करने और इसे डेवलप करने के लिए तैयार हैं। डेल्फिन ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम बस आते हैं, इन्वेस्ट करते हैं और पैकेज बनाते हैं यह एक इंटीग्रेटेड अप्रोच है। हम रिसर्च, इनोवेशन, स्किलिंग, इन्वेस्टमेंट, मार्केटिंग और प्रोडक्शन को एक साथ लाना चाहते हैं। यूरोपियन कंपनियां और इन्वेस्टर दुनिया भर में अलग-अलग जगहों पर देखते हैं, जहां मौके हैं और यह साफ है कि असम के पास कुछ खास फायदे हैं। एंबेसडर ने कहा कि ब्लू वैली क्लस्टर-फ्लेवर्स, फ्रेगरेंस और आयुष यूरोप में 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मार्केट है, जो इस सेक्टर के लिए एक लीडिंग जगह है और असम इसका फायदा उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। 4पी (पब्लिक-प्राइवेट-पीपल-पार्टनरशिप) क्लस्टर यूरोप, नॉर्थईस्ट इंडिया और भूटान को जोड़ने की कोशिश करेगा, जिससे इनोवेशन, रिसर्च, सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग और बिजनेस कोलेबोरेशन को बढ़ावा मिलेगा। असम सरकार के नेतृत्व वाला यह पायलट प्रोजेक्ट, ब्लू वैलीज़ पहल के साथ जुड़ा हुआ है, जिसे इस साल की शुरुआत में हुए ईयू-भारत समिट में पेश किया गया था। डेल्फ़िन ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के अलावा ईयू के लिए दिलचस्पी के दूसरे एरिया ग्रीन एनर्जी और डिजिटल टेक्नोलॉजी का उभरता हुआ इकोसिस्टम हैं, जिसके लिए डेलीगेशन सोमवार को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के जगीरोड प्लांट का दौरा करेगा। डेल्फ़िन ने कहा कि पिछले साल एडवांटेज असम समिट 2.0 के दौरान असम में आकर उन्हें गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि हम नॉर्थ-ईस्ट पर फोकस कर रहे हैं और तीन साल पहले शिलांग में भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ कनेक्टिविटी की अहमियत पर एक जॉइंट कॉन्फ्रेंस हुई थी। यह असम सरकार और यूरोपियन संघ की एक ज्वाइंट पहल है, जिसका मकसद राज्य की बायोडायवर्सिटी पर आधारित इंडस्ट्रीज़ को यूरोपियन मार्केट्स के साथ जोड़ना है।

**आर्यनगर घटना...**

के आरोपों से जुड़ा पाया गया है। डीसीपी के अनुसार इस घटना से जुड़े कुछ व्यक्तियों, जिनमें जितेंद्र सालोई भी शामिल हैं, के खिलाफ पहले भी धन उगाही जैसे मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि घटना से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किये जा चुके हैं और जांच जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक ऐसी कोई ठोस पुष्टि नहीं हुई है, जिससे यह साबित हो सके कि घटना के दौरान असमिया गो बैक जैसे नारे लगाये गये थे। हालांकि इस संबंध में भी जांच की जा रही है। पत्रकारों के साथ कथित मारपीट के आरोपों सहित मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार रविवार को आर्य नगर क्षेत्र में कथित रूप से अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ स्थानीय लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। शुरुआत में यह प्रदर्शन नशे के कारोबार के विरोध तक सीमित था, लेकिन बाद में स्थिति तनावपूर्ण हो गयी और दो समूहों के बीच टकराव की नौबत आ गयी। झड़प के दौरान कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आयी, जिनमें एक पुलिस अधिकारी और कुछ मीडिया कर्मी भी शामिल थे। घटना के दौरान एक वाहन को भी नुकसान पहुंचाया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार विवाद उस समय बढ़ गया जब नशीले पदार्थों के कारोबार को लेकर एक विशेष समुदाय पर आरोप लगाये गये, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया। कुछ लोगों द्वारा विवादित नारे लगाये जाने की भी खबरें सामने आयीं, हालांकि पुलिस ने अभी तक इन दावों की पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया तथा पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा और तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**भारत ने पहली...**

पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 8.9 प्रतिशत अधिक है। रक्षा खर्च के मामले में भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, रूस और जर्मनी हैं। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयात करने वाला देश : 2021-25 के दौरान भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक भी रहा। वैश्विक हथियार आयात में भारत की हिस्सेदारी 8.2% रही। यूक्रेन, भारत, सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान की संयुक्त हिस्सेदारी 35% रही। दोनों देश बड़े स्तर पर परमाणु आधुनिकीकरण कार्यक्रम चला रहे हैं। चीन का परमाणु भंडार भी बढ़कर 600 से 620 हथियारों तक पहुंच गया है। भारत के पास 190, पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। भारत लंबी दूरी के ऐसे हथियार बनाने पर फोकस बढ़ा रहा है, ताकि उनकी पहुंच चीन के आखिरी छोर तक हो सके। दरअसल भारत एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर संतुलित रणनीतिक क्षमता बनाये रखने की कोशिश कर रहा है। 2020 की हिंसक गलवान झड़प के बाद भारत-चीन सीमा पर भारतीय सैन्य निगरानी भी बढ़ी है। भारत नये परमाणु डिलीवरी सिस्टम पर भी काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है। तकनीक यानी मल्टीपल इंडिपेंडेन्टली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल। इस तकनीक के जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल कई परमाणु हथियार ले जा सकती है और अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर अरिहंत, अब देश की सेकेंड स्ट्राइक कैपेसिटी का बड़ा आधार बन रही हैं। एसआईपीआरआई का अनुमान है कि भारत अब शांति काल में भी सीमित संख्या में परमाणु हथियारों को बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों पर तैनात करने लगा है। इससे दुश्मन के पहले हमले के बाद भी जवाबी कार्रवाई की क्षमता बनी रहती है।

**ईरान से होने वाला...**

भरोसा नहीं करेगा, बल्कि हर दावे की जांच करेगा। इसी वजह से नये समझौते में निगरानी पर खास जोर दिया गया है। वेंस ने यह भी कहा कि उनके हिसाब से ईरान अब युद्ध जारी नहीं रखना चाहता और बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। इसलिए वह अमेरिका के सामने नये प्रस्ताव रख रहा है।

**नीट परीक्षा प्रबंधन...**

आयोग अधिनियम, 2019 के तहत नीट परीक्षाओं के संचालन' विषय पर चर्चा करेगी। यह विचार-विमर्श स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित नियामक संस्थाओं की संगठनात्मक संरचना, अधिकार क्षेत्र और कार्यकुशलता की विस्तृत समीक्षा का हिस्सा होगा। बैठक में नीट परीक्षा के संचालन, परीक्षा प्रबंधन, संस्थागत जवाबदेही और नियामक व्यवस्था की प्रभावशीलता जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। एनटीए और एनएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों से परीक्षा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली जा सकती है। यह बैठक ऐसे समय आयोजित होने जा रही है, जब नीट परीक्षा की सुरक्षा, पारदर्शिता और संचालन को लेकर लगातार निगरानी बढ़ायी गयी है। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनटीए मुख्यालय का दौरा कर परीक्षा तैयारियों की समीक्षा की थी और सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये थे।

**मीनाक्षी नटराजन...**

जत्थे को आज शाम को बेंगलुरु जाना था। मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीट के लिए 18 जून को चुनाव होना है। कल नामांकन की आखिरी तारीख थी, जबकि आज नामांकन पत्रों की जांच की गयी। भाजपा प्रत्याशी महेश केवट के अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तेलंगाना की एक अदालत में नटराजन के खिलाफ एक आपराधिक मामला लंबित है और शपथपत्र में इसका उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक शपथपत्र में सभी आपराधिक मामलों का उल्लेख किया जाना जरूरी है, लेकिन नटराजन ने जानबूझकर इसे छुपाया। गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ने इसी आधार पर नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया है। राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसे न्याय की जीत बताया और कहा कि भाजपा ने संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज करायी थी। गुप्ता ने बताया कि नटराजन ने इस आपराधिक मामले में अदालत में अपना जवाब भी दाखिल किया है, लेकिन शपथ पत्र में इसका उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस जानकारी को जानबूझकर छुपाया गया है। उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों के मुताबिक शपथ पत्र में आपको यह जानकारी देनी होती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने नटराजन के नामांकन को निरस्त किये जाने पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह अब वोट चोरी का मामला नहीं रहा, बल्कि सीट चोरी का मामला बन गया है। राज्यसभा सदस्य तन्खा ने कहा कि उन्होंने स्वयं नामांकन पत्रों की जांच की है और उसमें ऐसी कोई भी जानकारी छिपायी नहीं गयी थी, जिसे घोषित किया जाना आवश्यक हो। उन्होंने कहा कि उनके (नटराजन) खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं थी। केवल दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 223 के तहत एक नोटिस था, जिसमें एक आवेदक ने दावा किया था कि उन्हें और अन्य लोगों को 10 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। मीनाक्षी नटराजन ने उस नोटिस पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा था कि यह नोटिस उन्हें भेजा ही नहीं जा सकता, क्योंकि उनका उस मामले से कोई संबंध नहीं है। तन्खा ने कहा कि न कोई अपराध दर्ज था, न कोई प्राथमिकी थी और न ही कोई विधिक प्रकरण लंबित था। ऐसे में वे आखिर कौन-सी बात एफआईआर या न्यायिक प्रकरण के रूप में घोषित किया गया, केवल किसी अदालत द्वारा नोटिस जारी कर देना अपने आप में कोई मामला या अपराध सिद्ध नहीं करता। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बिना किसी विधिक प्रकरण के एक ऐसी असामान्य स्थिति बना दी गयी, जिसके आधार पर भोपाल के निर्वाचन अधिकारी ने एक राष्ट्रीय पार्टी के विजयी उम्मीदवार को पराजित कर दिया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद है। यह लोकतंत्र की हत्या है। तन्खा ने कहा कि मौजूदा परिस्थिति में चुनाव याचिका दायर की जा सकती है, लेकिन विशेष परिस्थितियों में पार्टी को सीधे उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि इस पूरे मामले को बेनकाब करना चाहिए और जिम्मेदार लोगों को उजागर करना चाहिए। यदि लोकतंत्र में इस प्रकार नामांकन पत्रों को निरस्त करने का सिलसिला शुरू हो गया, तो इस देश में लोकतंत्र नहीं बचेगा। यह लोकतंत्र के अंत की शुरुआत होगी। राज्य में राज्यसभा की खाली हुई जिन तीन सीट पर चुनाव चुनाव हो रहे हैं, उनमें से दो पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत तय मानी जा रही है, जबकि संख्या बल के लिहाज से तीसरी सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी है। भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और राज्य इकाई के सचिव रजनीश अग्रवाल को मैदान में उतारा है और तीसरी सीट पर मध्यप्रदेश मछुआरा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश केवट पर दांव लगाया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश की कुल 230 सदस्यीय विधानसभा में सदस्यों की संख्या 229 है। इनमें भाजपा के 164 और कांग्रेस के 64 विधायक हैं, जबकि एक सीट भारत आदिवासी पार्टी के पास है।

**तृणमूल में बगावत...**

के 80 विधायकों में से अधिकतर ने पहले ही राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में रिताब्रता बनर्जी के नेतृत्व में एक अलग समूह का गठन कर लिया है। विधानसभा चुनाव में तृणमूल की हार और चुनाव के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और सांसद अभिषेक बनर्जी पर कथित हमलों के बाद बनर्जी और सोनिया गांधी के बीच पहली बार बंद कमरे में मुलाकात हुई।

**मणिपुर : अपहृत 14...**

गया। यूएनसी के अध्यक्ष एनजी लोरहो ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों, गिरजाघर संगठनों तथा शीर्ष जनजातीय संगठन की अपील के बाद बंधकों को मुक्त किया गया। लोरहो ने कहा कि नगा सुसंस्कृत लोग हैं। हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं। हमने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नगालैंड के मुख्यमंत्री एन. रियो को दिये गये इस आश्वासन को भी ध्यान में रखा कि लापता छह नगा लोगों का पता लगाया जाएगा। कांगपोकपी जिले में घात लगाकर किये गये हमले में गिरजाघर के तीन नेताओं की हत्या के कुछ घंटों बाद 13 मई को कांगपोकपी और सेनापति जिलों में सशस्त्र समूहों ने 50 से अधिक लोगों का अपहरण कर उन्हें बंधक बना लिया था। इनमें से 31 लोगों को पहले ही मुक्त कर दिया गया था, जिनमें कोंसाखुल गांव की 12 नगा महिलाएं और कांगपोकपी जिले के 16 कुकी लोग शामिल थे। हालांकि छह नगा पुरुष अब भी बंधक हैं और इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वे इस समय कहां है। लोरहो ने बताया कि यूएनसी ने सभी हितधारकों से चर्चा के बाद 14 कुकी लोगों की सुरक्षित रिहाई में मदद की और उन्हें जिला प्रशासन, पुलिस एवं सुरक्षा बलों को सौंप दिया। मुक्त किये गये लोगों में शामिल ताफौ कुकी गांव के पाओतिनकाई चोंगलोई ने कहा कि हमें नगा विलेज गार्ड के तहत 27 दिन तक हिरासत में रखा गया। हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया गया और अच्छा भोजन दिया गया। मुख्यमंत्री ने बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में नगा समाज की भूमिका की सराहना की और इसे करुणा, जिम्मेदारी और मानव जीवन के प्रति चिंता की भावना बताया। सिंह ने कहा कि मौजूदा संकट के कारण पीड़ितों और उनके परिवारों को भारी कष्ट झेलना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार 14 कुकी लोगों को एक जून को ही मुक्त किया जा सकता था, लेकिन यूएनसी ने पूर्वोत्तर राज्य के आदिवासी समुदाय के कुछ युवा नेताओं और हितधारकों के साथ मतभेद के बाद उनकी निर्धारित रिहाई स्थगित कर दी थी। यह राज्य तीन साल से हिंसा की चपेट में है। मणिपुर में मई 2023 से मेइती समुदाय और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा में कम से कम 260 लोग मारे गये हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

**पाक को जबावदेह...**

वाले कश्मीर में पुलिस की भारी बर्बरता की खबरें हैं, जिसमें कई प्रदर्शनकारी मारे गये हैं और कई घायल हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और ज्यादतियों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। वह प्रेस वार्ता में पूछे गये सवाल का जवाब दे रहे थे। भारत की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के मानवाधिकार निकाय के उस बयान के एक दिन बाद आयी है, जिसमें उसने पीओके में हिंसक झड़पों के दौरान जारी हिंसा पर गहरी चिंता जतायी है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने तथाकथित क्षेत्रीय सरकार के उस फ़ैसले पर भी गंभीर चिंता जतायी है, जिसके तहत आतंकवाद-रोधी क़ानून के तहत ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) पर प्रतिबंध लगाया गया है। जेएएसी लंबे समय से पीओके की तथाकथित विधानसभा में 12 शरणार्थी सीट को खत्म करने की मांग कर रहा है। ये सीट कश्मीर के उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो 1947 के बाद पाकिस्तान में बस गये थे। जेएएसी का आरोप है कि पाकिस्तान की मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियां अक्सर मुजफ्फराबाद में सरकार गठन की प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए इन सीट का इस्तेमाल करती थीं। भारत ने हाल में हुए चुनाव को लेकर पाकिस्तान के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है और कहा है कि पीओके पर पाकिस्तान ने गैर-कानूनी और जबरन कब्जा कर रखा है।

**बजट के बाद...**

कृत्रिम बाढ़ एक बड़ी समस्या है और इससे निपटने के लिए आम जनता का सहयोग मिलना बेहद जरूरी है। जनता ने पहले भी प्रशासन का पूरा सहयोग किया है और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी लोग सरकार का साथ देंगे। वे इस जलभराव की समस्या को हमेशा के लिए सुलझाने के लिए अपनी तरफ से पूरी ताकत लगा देंगे। वहीं सहकारिता विभाग की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों की आर्थिक मदद के लिए सहकारिता क्षेत्र बेहद जरूरी है। पिछले समय में सहकारिता विभाग की स्थिति काफी खराब थी, लेकिन मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में इस विभाग को नया जीवन मिला है और इसमें काफी बेहतरीन काम हुआ है, जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

# भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार सतीश पूनिया अलका सिंह गुर्जर ने दाखिल किया नामांकन

**जयपुर, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया और अलका सिंह गुर्जर ने सोमवार को राजस्थान से राज्यसभा की दो सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के तौर पर अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अपना नॉमिनेशन फाइल करने से पहले, सतीश पूनिया ने जयपुर के मशहूर श्री गोविंद देव जी मंदिर में पूजा-अर्चना की और पिंक सिटी के मुख्य देवता का आशीर्वाद लिया। इस पल को एक्स पर शेयर करते हुए पूनिया ने लिखा कि जयपुर के मुख्य देवता, श्री गोविंद देव जी महाराज के दरबार में पूजा-अर्चना करने के बाद, मैंने उनका आशीर्वाद लिया।

पूनिया के नॉमिनेशन फाइल करने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेम चंद बैरवा, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, पार्टी के वरिष्ठ नेता, जन प्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

डॉ. अल्का सिंह गुर्जर ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और





पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपने नॉमिनेशन पेपर फाइल किए।

इससे पहले दोनों उम्मीदवारों ने नॉमिनेशन फाइल करने से पहले भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की।

सीएम भजन लाल शर्मा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भाजपा राज्यसभा प्रत्याशी सतीश पूनिया और अलका सिंह गुर्जर के नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दोनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में आप दोनों राज्यसभा में राजस्थान की आकांक्षाओं, जनभावनाओं एवं प्रदेश के विकास संबंधी मुद्दों का प्रभावी और सशक्त प्रतिनिधित्व करेंगे।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत और कांग्रेस सांसद नीरज डांगी का कार्यकाल 21 जून को खत्म हो रहा है। राजस्थान विधानसभा में पार्टियों की मौजूदा संख्या के आधार पर भाजपा का दो सीटें जीतना लगभग तय है, जबकि कांग्रेस को तीसरी सीट मिलने की उम्मीद है। राजस्थान की तीन सीटों के लिए वोटिंग 18 जून को होगी।

राजनीतिक जानकारों का मानना ??है कि पूनिया (एक प्रमुख जाट नेता) और गुर्जर (एक अच्छी पकड़ वाले गुर्जर चेहरे) को चुनना राजस्थान में चुनावी रूप से अहम दो समूहों के बीच समर्थन मजबूत करने की एक सोची-समझी कोशिश है। जाट और गुर्जर समुदाय कई विधानसभा क्षेत्रों में असर रखते हैं और भाजपा का यह कदम इन समूहों के कांग्रेस के मजबूत नेताओं का मुक़ाबला करने के लिए है।

यह सामाजिक संतुलन पार्टी की 2028 के राज्य चुनावों की तैयारियों से भी जुड़ा है।

राजस्थान विधानसभा में भाजपा के पास मजबूत बहुमत है, इसलिए उम्मीद है कि सतीश पूनिया और अलका सिंह गुर्जर दोनों ही आने वाले राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे।

## साइबर फ्रॉड केस में ईडी का बड़ा एक्शन, सात ठिकानों पर छापेमारी

**जयपुर, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जयपुर स्थित जोनल ऑफिस ने 5 जून को किशनगढ़ (अजमेर), नागौर, जोधपुर और लुधियाना (पंजाब) में 7 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002' के तहत एक मलेशियाई नागरिक द्वारा किए गए साइबर फ्रॉड के सिलसिले में की गई। इस मामले में पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) वेंडरों ने धोखाधड़ी से भारतीय मोबाइल नंबर एक्टिवेट किए और उन्हें मलेशियाई नागरिक को सौंपे, जिनका इस्तेमाल बाद में कंबोडिया से भारत में साइबर फ्रॉड करने के लिए किया गया। ईडी ने पीओएस वेंडरों द्वारा सिम कार्ड के गलत इस्तेमाल को लेकर साइबर पुलिस स्टेशन डीसीपी (क्राइम), जोधपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि सिम वेंडरों ने भारत में धोखाधड़ी से हजारों भारतीय मोबाइल नंबर एक्टिवेट किए थे। इन नंबरों का इस्तेमाल कंबोडिया से व्हाट्सएप कॉल करके भारत के अलग-अलग राज्यों में साइबर फ्रॉड करने के लिए किया गया।

ईडी की ओर से लगभग 2.3 लाख नंबरों के विश्लेषण से पता चला कि करीब 36,000 सिम कार्ड कंबोडिया में एक्टिव थे। इनमें से लगभग 5,300 सिम कार्ड भारत भर में सैकड़ों करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड मामलों में शामिल पाए गए।

तलाशी के दौरान यह जानकारी मिली कि राहुल कुमार झा, मोहम्मद शरीफ और संदीप भट्ट ने अन्य सिम वेंडरों - प्रकाश भील, रामावतार राठी, हरीश मलाकार और हेमंत पंवार के साथ मिलकर मलेशियाई नागरिकों को सैकड़ों सिम कार्ड सप्लाई किए।

## स्कूलों की छुट्टियां 7 दिन बढ़ीं : इस बार 43 दिन का रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश, प्रिंसिपल को फिर मिली 2 लोकल लीव की पावर

**बीकानेर।** भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे राजस्थान के स्कूली बच्चों और शिक्षकों के लिए राहत की एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने तपिश को देखते हुए स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां 7 दिन और आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने सोमवार (08 जून 2026) को इसके आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं। इस नए आदेश के बाद अब प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 20 जून की जगह 28 जून 2026 तक अवकाश रहेगा। सभी स्कूल अब 29 जून से विधिवत रूप से खुलेंगे।

**इस बार 43 दिन का महा-अवकाश, शिक्षक संगठनों की मांग पर लगी मुहर** शिक्षा विभाग ने पूर्व में जारी किए गए शिविरा पंचांग के अनुसार 20 जून तक ही गर्मियों की छुट्टियां घोषित की थीं। चूंकि 21 जून को रविवार था, इसलिए स्कूल 22 जून से खुलने तय थे। लेकिन प्रदेश में लगातार पारा 45 डिग्री के पार जाने और भीषण उमस के चलते शिक्षक संगठनों ने सरकार से छुट्टियां बढ़ाने की पुरजोर मांग की थी।

## अजमेर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 4 दिन 900 कि.मी पीछा और 300 सीसीटीवी खंगाल कर अंतरराज्यीय महिला चोर को किया गिरफ्तार

**अजमेर, एजेंसी।** पुलिस संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर



अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर रही हैं। इसी क्रम में, अजमेर पुलिस ने उत्कृष्ट पुलिसिंग एवं जांच का परिचय देते हुए अजमेर के नया बाजार स्थित ज्वेलरी शोरूम में 30 मई को चोरी की वारदात का बड़ा खुलासा किया है। अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक श्री हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर से महिला चोर 50 वर्षीय मनोरमा राजौरिया उर्फ कंचन को गिरफ्तार कर दो सोने की चेन बरामद की हैं।

श्री अग्रवाला ने बताया 30 मई 2026 को अजमेर शहर के नया बाजार स्थित लालवानी जेम्स एंड ज्वेलर्स शोरूम में ग्राहक बनकर आए 3 आरोपियों ने दुकानदार एवं कर्मचारियों का ध्यान भटकाकर लगभग 5 लाख रुपये मूल्य की दो सोने की चेन चोरी कर ली थीं।

घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एव मुख्यालय श्री हिमांशु जांगिड़, पुलिस उप अधीक्षक वृत उत्तर शहर श्री शिवम जोशी के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली श्री अनिल देव पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया।

दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के जरिए अपराधियों की पहचान सुनिश्चित की। इसके बाद विशेष टीम द्वारा लगभग 900 किलोमीटर पीछा करते हुए ग्वालियर में 4 दिनों तक गुप्त निगरानी की गई।

## रेस्टोरेंट और घरों में बिजली चोरी का खुलासा, 4 मामलों में 4.32 लाख का जुर्माना

**जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम की सतर्कता शाखा ने सोमवार को सांगानेर उपखण्ड में सतर्कता जांच की जिसमें 4 अलग-अलग जगहों पर विद्युत का अनाधिकृत उपभोग किया जाना पाया और करीब 4 लाख 32 हजार का जुर्माना लगाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतर्कता महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सांगानेर के ग्राम सीतारामपुरा स्थित एक अघरेलू परिसर में मीटर से पहले सर्विस लाईन में कट लगाकर विद्युत चोरी कर रेस्टोरेन्ट का संचालन किया जा रहा था, जिस पर वीसीआर भरी जाकर करीब एक लाख 93 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। इसी तरह ग्राम सीतारामपुरा में ही एक अन्य घरेलू उपभोक्ता और ग्राम शिकारपुरा में दो घरेलू उपभोक्ताओं ने एलटी पोल से तार जोडकर विद्युत चोरी की जा रही थी, जिस पर वीसीआर भरी जाकर करीब 2 लाख 39 हजार रूपए का जुर्माना लगाया।

## मौसम का डबल अटैक : 5 जिलों में हीटवेव तो 7 में आंधी-बारिश का अलर्ट ; देश में सबसे गर्म रहा श्रीगंगानगर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में प्री-मानसून की गतिविधियों के बीच मौसम का बेहद अजीब और दोहरा रंग देखने को मिल रहा है। राज्य में एक तरफ जहाँ तीखी धूप और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है, वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग ने आज (09 जून 2026, मंगलवार) राज्य के कई हिस्सों में आंधी-बारिश और हीटवेव (लू) का 'डबल अलर्ट' जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, आज प्रदेश के 7 जिलों में धूलभरी आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 5 जिलों में झुलसाने वाली लू (हीटवेव) चलने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही 11 जून से राज्य में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके बाद आंधी-बारिश का दौर एक बार फिर रफ्तार पकड़ेगा। देश में सबसे गर्म रहा श्रीगंगानगर, 45.6 डिग्री पहुंचा पारा सोमवार को पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में सूरज ने जमकर आग उगली। श्रीगंगानगर, जैसलमेर और बीकानेर में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर नंबर-1 पर: कल 45.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रिकॉर्ड किया गया। दिनभर चली शुष्क और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

**अगले 48 घंटे: जोधपुर-बीकानेर संभाग में बढ़ेगा पारा**

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश जिलों में आगामी 2-3 दिनों तक आसमान पूरी तरह साफ रहेगा। धूप तेज होने के कारण यहाँ के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी देखी जा सकती है, जिससे कई इलाकों में भीषण लू (हीटवेव) चलने के आसार हैं।

## जयपुर में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: अतिक्रमण हटाए 8 कैंटर सामान जब्त, 4 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर, एजेंसी।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जगतपुरा कच्ची बस्ती, एकता नगर टोंक रोड़, सीताबाड़ी, गौशाला श्योपुर रोड़, कृष्ण नगर गोपालपुरा बाईपास, रिद्धी-सिद्धी चैराहा, मध्यम मार्ग वीटी रोड़ एवं इस्कान रोड़, अजमेर रोड सिविल लाईन मेट्रो स्टेषन, न्यू सांगानेर रोड़ पिल्लर नं 70-74 एवं 79 से गुर्जर की थड़ी, फूस का बंगला पित्रेष्वर महादेव मंदिर रेलवे स्टेषन, सिंधी कैम्प, संजय सर्किल, चांदपोल बाजार, बगरू वालों का रास्ता, श्री गोपीनाथ मंदिर चांदपोल, पुरानी बस्ती ब्रह्मपुरी, जोरावर सिंह गेट,



बंगाली बाबा की बगीची, पुरानी चुंगी दिल्ली बाईपास से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 8 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जगतपुरा कच्ची बस्ती, एकता नगर टोंक रोड़, सीताबाड़ी, गौशाला श्योपुर रोड़, कृष्ण नगर गोपालपुरा बाईपास, रिद्धी-सिद्धी चैराहा, मध्यम मार्ग वीटी रोड़ एवं इस्कान रोड़, अजमेर रोड सिविल लाईन मेट्रो स्टेषन, न्यू सांगानेर रोड़ पिल्लर नं 70-74 एवं 79 से गुर्जर की थड़ी, फूस का बंगला पित्रेष्वर महादेव मंदिर रेलवे स्टेषन, सिंधी कैम्प, संजय सर्किल, चांदपोल बाजार, बगरू वालों का रास्ता, श्री गोपीनाथ मंदिर चांदपोल, पुरानी बस्ती ब्रह्मपुरी, जोरावर सिंह गेट, बंगाली बाबा की बगीची, पुरानी चुंगी दिल्ली बाईपास से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 8 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## पुरुषोत्तम मास में भक्तिरस की अविरल धारा, जयपुर में जारी है श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**जयपुर, एजेंसी।** पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जयपुर स्थित ठाकुर श्री श्यामबिहारी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 7 जून से प्रारंभ हुई यह दिव्य कथा 14 जून तक चलेगी, जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. अनुप जोशी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का रसपान करा रहे हैं। भगवान श्री श्यामबिहारी जी की कृपा से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा स्थल पर पहुंच रहे श्रद्धालु भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के संदेशों को आत्मसात कर रहे हैं। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस कथा को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



### कलश यात्रा के साथ हुआ था शुभारंभ

कथा महोत्सव का शुभारंभ 7 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। जय गणेश मंदिर, नाहरगढ़ थाने के सामने से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धार्मिक जयघोष और भजनों के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया।

### श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का हो रहा वर्णन

आचार्य पं. अनुप जोशी कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के गूढ़ आध्यात्मिक संदेशों से परिचित करा रहे हैं। कथा में परीक्षित चरित्र, विदुर-कपिल संवाद, ध्रुव चरित्र, जड़भरत प्रसंग, प्रह्लाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार और रामावतार जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है।

इसके साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, नंदोत्सव, कृष्ण लीलाएं, गिरिराज पूजन, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, उद्धव संवाद और भगवान के स्वधाम गमन जैसे भावपूर्ण प्रसंग भी कथा के दौरान सुनाए जा रहे हैं। इन प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्शों की प्रेरणा मिल रही है।

### श्रद्धालुओं से कथा श्रवण का आह्वान

आयोजक श्री श्यामबिहारी महिला भक्त मंडल एवं श्री श्यामबिहारी हितकारिणी समिति ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया है। कथा का आयोजन मंदिर ठा. श्री श्यामबिहारी मंदिर प्रांगण, नवग्रह मंदिर के पास, आखिरी चौराहा, दीनानाथ जी का रास्ता, जयपुर में किया जा रहा है।

## नकली नोटों के डिजाइन व एडिटिंग करने वाला मुख्य आरोपी गुलशन गिरफ्तार

**दौसा, एजेंसी।** सदर थाना पुलिस ने नकली नोट की डिजायन व एडिटिंग करने वाले मुख्य आरोपी गुलशन को गिरफ्तार कर लिया। गुलशन राजस्थान में नकली नोट सप्लाई करने का भी अपराधी है। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि कोतवाली में दर्ज नकली करेन्सी मामलें में नकली नोट की डिजायन तैयार कर छापने वाला मुख्य आरोपी गुलशन को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दरअसल, 28 मई को कोतवाल भगवान सहाय ने 40 हजार के नकली नोटों के साथ अभियुक्त आयुष कुमार मीना को गिरफ्तार किया था। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान विधि से संघर्षरत किशोर को निरूध कर 47 हजार रुपए की नकली भारतीय करेन्सी बरामद की गई थी। तत्पश्चात् प्रकरण में नकली करेन्सी छापने व विक्रय करने के मुख्य सरगना संतोषसिंह वाल्मिकी सहित उसके साथी विशाल उपाध्याय को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्तों के कब्जे से 24 लाख 37 हजार रुपये के नकली नोट कागज पर प्रिन्ट किये हुये तथा नोट छापने के लिये भारी मात्राव में कागज,



पेपर, स्याही, वाटर मार्क डाई, लेपटॉप, प्रिन्टर व अन्य उपकरण जब्त किये गये थे। इसके बाद अभियुक्त गुलशन को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त नकली नोट की डिजायन व एडेटिंग कर नकली छापने का कार्य करता था। अभियुक्त गुलशन पुत्र प्रेमनाथ निवासी 68बी, गली नं. 01. जैन नगर, सेक्टर- 38 पुलिस थाना कंझावला जिला रोहिणी, देहली ने नकली नोट राजस्थान मे बेचे हैं। आरोपी गुलशन व विशाल से नकली करेन्सी के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है।

चोरी हुये डम्पर को किया बरामद

थाना रामगढ पचवारा पुलिस द्वारा चोरी हुये डम्पर को बरामद किया है। थानाधिकारी मदन लाल ने बताया कि परिवादी सावंलराम का डंपर 22 जनवरी 2025 की रात्रि को सोनड से चोरी हो गया था।

## पुलिस का यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर वज्र प्रहार; 2 दिनों में 16,656 वाहनों पर बड़ी कार्यवाही

**अवैध हूटर, काली फिल्म, प्रेशर हॉर्न और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के खिलाफ डीजीपी के निर्देश पर प्रदेशव्यापी धरपकड़ अभियान जारी**

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और वीआईपी कल्चर का रौब झाड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक विशेष महा-अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पांचवें और छठे दिन प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ बड़े स्तर पर नाकेबंदी और चेकिंग की गई। इन दो दिनों के भीतर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 16,656 से अधिक वाहनों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही को अंजाम दिया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ बी एल मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने वाहनों में किए गए अवैध संशोधन, अनधिकृत लाल-नीली बत्तियां, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा वाहनों पर लिखे गए अनधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

### काली फिल्म और दोषपूर्ण नंबर प्लेटों पर सबसे ज्यादा गाज

अभियान के दौरान पुलिस ने सबसे ज्यादा कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर शीशों पर काली फिल्म चढ़ाने वाले और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों पर नाम, पद या अनाधिकृत चिन्ह लिखवाने वाले चालकों पर की है। दो दिनों में काली फिल्म के कुल 6,406 मामले और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के 4,621 मामले पकड़े गए।



### श्रेणीवार दो दिवसीय संयुक्त कार्यवाही का विवरण :

* वाहन के शीशों पर काली फिल्म (ब्लैक फिल्म): 6,406 वाहन
* नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट एवं पंजीयन चिन्हः 4,621 वाहन
* वाहन पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखनः 2,228 वाहन
* वाहन की संरचना (बॉडी/चेसिस) में अवैध परिवर्तनः 1,533 वाहन
* अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर व स्टोब लाइटः 998 वाहन
* ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न / एयर हॉर्नः 870 वाहन

### कोटा सिटी और झालावाड़ पुलिस की सबसे बड़ी कार्यवाही

आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, कोटा शहर पुलिस पूरे प्रदेश में सबसे आक्रामक मोड में दिखाई दी। कोटा सिटी पुलिस ने दोनों दिनों में कुल 1,899 वाहनों पर चालान व जब्ती की कार्यवाही की। इसके अलावा झालावाड़ पुलिस ने छठे दिन को रिकॉर्ड रफ्तार पकड़ते हुए एक ही दिन में 813 वाहनों पर कार्रवाई की। वहीं, राजधानी जयपुर में DCP ट्रैफिक जयपुर की टीम ने दोनों दिनों में मिलकर 1,268 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त एक्शन लिया।

### 'नियम तोड़ेंगे तो भुगतना पड़ेगा'

एडीजी डॉ मीणा ने बताया कि यह अभियान केवल सांकेतिक नहीं है, बल्कि सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाने का एक निरंतर प्रयास है। वाहनों में अवैध रूप से बत्तियां लगाकर खुद को कानून से ऊपर दिखाने की कोशिश करने वालों, सड़कों पर तेज प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों और काली फिल्म की आड़ में संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सिराजः टी-20 सीरीज से बाहर

● आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ हुआ था चयन ● BCCI ने प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बताया कि सिराज को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को दोनों टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला टीम मैनेजमेंट और मेडिकल टीम के साथ चर्चा के बाद लिया गया है। मोहम्मद सिराज को लंबे अंतरराष्ट्रीय सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त रिकवरी का समय देने के लिए आराम दिया गया है। बीसीसीआई ने इसे एहतियाती कदम बताया है ताकि वह आने वाले मुकाबलों के लिए पूरी तरह फिट रह सकें। मोहम्मद सिराज पिछले कुछ समय से भारतीय टीम के अहम तेज गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। उन्होंने अपनी रफ्तार, स्विंग और आक्रामक गेंदबाजी से टीम के लिए कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में योगदान दिया है। हालांकि, लगातार क्रिकेट खेलने के कारण खिलाड़ियों के वर्कलोड को मैनेज करना टीम मैनेजमेंट की प्राथमिकता बनी हुई है। मोहम्मद सिराज की जगह टीम में शामिल किए गए प्रसिद्ध कृष्णा लंबे समय से भारतीय टीम के साथ जुड़े रहे हैं। उनकी तेज गेंदबाजी और उछाल भरी पिचों पर प्रभावी प्रदर्शन करने की क्षमता को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें मौका दिया है। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20सीरीज के लिए भारतीय टीम में कई युवा खिलाड़ियों को भी जगह दी गई है। टीम की कमान श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है, जबकि तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, इशान किशन, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और अब प्रसिद्ध कृष्णा टीम का हिस्सा होंगे। भारतीय टीम का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को मौका देने के साथ-साथ आगामी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मजबूत संयोजन तैयार करना होगा।




### आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ T20- सीरीज के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

# पंड्या की वापसी का रास्ता साफ

BCCI की मंजूरी के बाद अफगानिस्तान सीरीज में खेलना तय



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया और उसके फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पूरी तरह फिट हो गए हैं और उन्हें BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्पोर्ट्स साइंस टीम ने आगामी अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की ODI सीरीज में खेलने के लिए मंजूरी दे दी है। चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में कुछ मुकाबलों से बाहर रहने के बाद हार्दिक पंड्या ने फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और अब वह 50 ओवर के क्रिकेट की चुनौती के लिए तैयार हैं। 32 साल के हार्दिक पंड्या की आईपीएल में पीठ में ऐंठन (back spasms) के कारण मुंबई इंडियंस के लिए कई मैच नहीं खेल पाए थे। वह दो जून 2026 से बेंगलुरु में छ्श्ष में हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्र के हवाले से लिखा, CoE में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिनों में उन्होंने कई मैच सिमुलेशन किए और 10 ओवर (पूरा कोटा) गेंदबाजी भी की। सूत्र ने बताया, हार्दिक पंड्या को कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनके फिटनेस डेटा को मंजूरी दे दी है।

सोमवार आठ जून 2026 को भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास हार्दिक पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है।

# खतरे में स्टोक्स की कप्तानी

● न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद नाइट क्लब में बवाल

### एटकिंसन भी थे साथ




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के तौर पर बेन स्टोक्स का भविष्य संकट में है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सोमवार सुबह एक नाइट क्लब में हुई घटना की जांच कर रहा है। स्टोक्स के साथ गस एटकिंसन भी थे। वह भी जांच की घेरे में हैं। ईसीबी ने इस घटना को 'टीम प्रोटोकॉल का उल्लंघन' बताया है, जो लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की 115 रन की जीत के बाद हुई। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि मामला इतना गंभीर है कि स्टोक्स की कप्तान जा सकती है। ईसीबी ने सोमवार शाम को कहा कि इस घटना को क्रिकेट नियामक को भेज दिया गया है और जांच के कारण स्टोक्स और एटकिंसन 17 जून को द ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। इस घटना में किसी भी खिलाड़ी को चोट नहीं आई। माना जा रहा है कि इस घटना में सारासेन्स रग्बी क्लब के खिलाड़ी शामिल थे, जो अपने सीजन के आखिर के जश्न में मौजूद थे।

### ईसीबी का बयान

घटना एटकिंसन और एक अनजान एकेडमी के खिलाड़ी के बीच हुए झगड़े की वजह से हुई। ईसीबी ने बयान में कहा, 'ईसीबी अभी न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के खत्म होने के बाद टीम प्रोटोकॉल के उल्लंघन की जांच कर रहा है। बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन सोमवार सुबह एक नाइट क्लब में मौजूद थे, जब यह घटना हुई। हम अभी और जानकारी ढूंढ रहे हैं और दूसरे टेस्ट के लिए टीम के बारे में सही समय पर घोषणा की जाएगी। क्रिकेट नियामक को बता दिया गया है और जब भी मुमकिन होगा हम आगे जानकारी देंगे।'

# अर्जुन तेंदुलकर का ऑलराउंड प्रदर्शन

3 विकेट झटके, 194 के स्ट्राइक रेट से ठोके 66 रन, अंधेरी जीता



**नई दिल्ली।** दिग्गज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने आर्क्स अंधेरी को सोमवार (8 जून) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 मुंबई लीग 2026 में बांद्रा ब्लास्टर्स को 9 विकेट से शानदार जीत दिलाई। अर्जुन ने पहले तीन ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए,जिसमें एक मेडन भी शामिल था। इससे बांद्रा ब्लास्टर्स 9 विकेट पर 144 रन बना सका।

फिर अर्जुन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 194 के स्ट्राइक रेट से रन ठोके। 145 रन का पीछा करते हुए आर्क्स अंधेरी ने दिव्यांश सकसेना (26) का तेज शुरुआत के बाद विकेट जल्दी खो दिया, लेकिन अर्जुन और मुशीर खान ने इसके बाद विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 116 रन की साझेदारी की, जिसमें अर्जुन ने 34 गेंदों पर नाबाद 66 रन और मुशीर ने 38 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाए।

### अर्जुन और मुशीर के बीच 68 गेंद पर 116 रनों की साझेदारी

अर्जुन और मुशीर के बीच 68 गेंद पर 116 रनों की साझेदारी हुई। इससे आर्क्स अंधेरी ने 9 विकेट और 37 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और एक बड़ी जीत हासिल की। अर्जुन ने अपनी पारी में 4 चौके और 5 छक्के लगाए। मुशीर ने 7 चौके और एक छक्का लगाया। आर्क्स अंधेरी अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। उसने 4 में से 3 मैच में जीत दर्ज की है। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 4 मैच में 4 जीत के साथ अंतिम-4 में जगह सुनिश्चित कर ली है।

### सूर्यकुमार फिर गरजे, 200 के स्ट्राइक रेट से ठोके 72 रन

ट्रायम्फस नाइट्स एमएनई के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सोमवार (9 जून) को एमएससी मराठा रॉयल्स के खिलाफ 36 गेंद पर 13 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 72 रन बनाए।

20 साल में पहली बार हुए ऐतिहासिक चुनाव में दर्ज की जीत

# 2030 तक रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट बने रहेंगे पेरेज

**मैड्रिड।** फ्लोरेंटिनो पेरेज 2030 तक रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट बने रहेंगे। दो दशकों में पहली बार हुए चुनाव में पेरेज ने शानदार जीत हासिल करते हुए अपनी कुर्सी बचाए रखी है। क्लब के इलेक्टोरल बोर्ड द्वारा सोमवार सुबह जारी आधिकारिक डेटा के मुताबिक, 79 साल के पेरेज ने कुल गिने गए वोटों में से 65 प्रतिशत वोट हासिल करके शानदार जीत हासिल की। पेरेज की उम्मीदवारी को क्लब के मेंबर-ओनर्स (सोसियोस) से 21,741 वोट मिले। पेरेज के चैलेंजर, 37 साल के रिन्यूएबल एनर्जी एंटरप्रेन्योर एनरिक रिक्वेल्मे को 11,814 वोट मिले, जो वोटर्स का 35 प्रतिशत है।

रियल मैड्रिड के इलेक्टोरल बोर्ड ने घोषणा करते हुए बताया कि 100 प्रतिशत इन-पर्सन और मेल-इन वोटों की गिनती के साथ, मिस्टर फ्लोरेंटिनो पेरेज की टीम ने रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव जीत लिए हैं। पेरेज को 21,741 वोट मिले, जो कुल वोटों का 65 प्रतिशत है। वहीं, एनरिक रिक्वेल्मे की टीम को 11,814 वोट मिले, जो 35 प्रतिशत वोटों के बराबर हैं।

रविवार को रियल मैड्रिड सिटी बास्केटबॉल पवेलियन में इन-पर्सन और मेल-इन बैलेट के जरिए कुल 33,555 सदस्यों ने वोटिंग की।



दोबारा से प्रेसिडेंट चुने जाने के बाद पेरेज ने अपने भाषण में कहा, 'हम चुनाव जीत गए हैं और खिताब जीतते रहने के लिए काम करते रहेंगे। हम सभी पोलिंग स्टेशन पर जीते हैं और रियल मैड्रिड के चुनावों के इतिहास में दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल किया है। यह एक बहुत बढ़िया नतीजा है। 'फ्लोरेंटिनो पेरेज की जीत के बाद अब रियल मैड्रिड में बड़े बदलाव की तैयारी है। उनकी जीत का मतलब है कि सोमवार को जोस मोरिन्हो को क्लब का नया मैनेजर आधिकारिक रूप से घोषित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मोरिन्हो को टीम से जोड़ने के लिए रियल मैड्रिड पुर्तगाली क्लब बेनफिका को 1.5 करोड़ यूरो (15 मिलियन यूरो) की रिलीज फीस का भुगतान करेगा। अपने चुनाव अभियान के दौरान, पेरेज ने मोरिन्हो को वापस लाने का वादा किया था, जिनके रियल मैड्रिड में तीन वर्षों में क्लब ने एक ला लीगा टाइटल, एक कोपा डेल रे और एक स्पैनिश सुपर कप जीता।

# राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए असम टीम घोषित

**गुवाहाटी, 9 जून (ख.सं.)।** चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कैडेट और जूनियर जूडो प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए असम की टीम पूरी तरह तैयार है। चंडीगढ़ में 10 से 13 जून तक राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप और उसके तुरंत बाद 13 से 16 जून तक जूनियर रैंकिंग जूडो टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। इन दोनों ही बड़े आयोजनों में असम के प्रतिभावान लड़के-लड़कियों और पुरुष-महिला वर्ग के खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी चुनौती पेश करेंगे। असम जूडो एसोसिएशन द्वारा इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुने गये राज्य के प्रमुख खिलाड़ियों की सूची भी जारी कर दी गयी है। कैडेट लड़कों के वर्ग में अंडर-55 किलोग्राम भारवर्ग में देवरपन मेधि असम की तरफ से दांव-पेच दिखाते नजर आएंगे। वहीं, लड़कियों के कैडेट वर्ग में अंडर-40 किलोग्राम में फरहाना अहमद, 48 किलोग्राम भारवर्ग में अनामिका मोरान, 52 किलोग्राम में स्नेहा थापा और 57 किलोग्राम भारवर्ग में भवानी मोरान को टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही जूनियर वर्ग की बात करें तो लड़कों के अंडर-55 किलोग्राम भारवर्ग में एक बार फिर देवरपन मेधि चुनौती पेश करेंगे, जबकि 60 किलोग्राम भारवर्ग में राज देउरी और ज्योतिषमान बोड़ो को असम टीम में जगह मिली है। जूनियर लड़कियों के वर्ग में भी अंडर-40 किलोग्राम में फरहाना अहमद, 48 किलोग्राम में अनामिका मोरान, 52 किलोग्राम में स्नेहा थापा और 57 किलोग्राम भारवर्ग में भवानी मोरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। असम के इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन के गुर सिखाने और टीम की कमान संभालने की जिम्मेदारी अनुभवी प्रशिक्षक और प्रबंधक पी परमेश्वरन को सौंपी गयी है, जिनके मार्गदर्शन में टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो रही है।

FIFA World Cup

# 22 संस्करण में केवल 6 मेजबानों ने जीते हैं फुटबॉल वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप वर्ल्ड कप का पहली बार आयोजन 1930 में हुआ था और अब तक के 22 संस्करण हुए हैं और सिर्फ छह देशों ने अपनी मेजबानी में यह खिताब जीता है। इसमें मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना भी शामिल है। अपनी मेजबानी में पहली बार फीफा वर्ल्ड कप उरुग्वे ने जीता था।

उसने फाइनल में अर्जेंटीना को हराकर 1930 का वर्ल्ड कप जीता था।1934 में अगले वर्ल्ड कप में भी मेजबान ने ही खिताब जीता। इटली ने जीत दर्ज की थी। इसे आज भी इतिहास का टूर्नामेंट का सबसे भ्रष्ट संस्करण माना जाता है। उस समय के इतालवी प्रधानमंत्री बेनिटो मुसोलिनी ने इसमें खुलकर दखल दिया था। इसके बाद1966 तक किसी मेजबान देश ने वर्ल्ड कप नहीं जीता। 1966 इंग्लैंड ने अपनी मेजबनी में आज तक अपना एकमात्र खिताब जीता। 1970 के दशक में दो मेजबान देशों ने अपनी सरजमीं पर टूर्नामेंट जीता।

**चार दशक का सूखा अब खत्म हो सकता है-** 1974 में पश्चिम जर्मनी और 1978 में अर्जेंटीना ने खिताब जीता। 1998 में फ्रांस अपने देश में वर्ल्ड कप जीतने वाला आखिरी देश बना। लगभग चार दशक का सूखा अब खत्म हो सकता है। 2026 और 2030 के वर्ल्ड कप को 9 देश मिलकर मेजबानी करेंगे। ऐसे में मेजबान देश के टूर्नामेंट जीतने की संभावना बढ़ सकती है। हालांकि, एक बात का ध्यान रखना होगा कि कोई देश अब सह-मेजबान के तौर पर टूर्नामेंट जीत सकता है।



### अपनी मेजबानी में फुटबॉल विश्व कप जीतने वाले देश

- **उरुग्वे (1930):** मोंटेवीडियो के एस्टाडियो सेंटेनारियो में फाइनल में अर्जेंटीना को हराकर पहला विश्व कप जीता।
- **इटली (1934):** रोम में चेकोस्लोवाकिया को हराकर अपना पहला खिताब जीता।
- **इंग्लैंड (1966):** वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में पश्चिम जर्मनी को हराने के बाद आज तक का अपना एकमात्र विश्व कप जीता।
- **पश्चिम जर्मनी (1974):** म्यूनिख फाइनल में नीदरलैंड को हराकर अपना दूसरा खिताब हासिल किया।
- **अर्जेंटीना (1978):** ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोन्यूमेंटल में एक्स्ट्रा टाइम में नीदरलैंड को हराकर अपना पहला विश्व कप जीता।
- **फ्रांस (1998):** सेंट-डेनिस में स्टेड डी फ्रांस में फाइनल में ब्राजील को हराकर खिताब जीती।



# तापसी पन्नू को नहीं मिल रहे खास तरह के रोल, शाहरुख को लेकर कही बड़ी बात

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं।

इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।

आगे तापसी पन्नू कहती हैं, साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।

तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं। इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

तापसी पन्नू की हाल ही में एक फिल्म *अस्सी* रिलीज हुई, इसमें उन्होंने एक वकील का रोल किया। यह फिल्म दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध को लेकर एक बड़ी बहस छेड़ती है। तापसी पन्नू *वो लड़की है कहां* और *गांधारी* जैसी फिल्मों में भी नजर आएंगी।

# कॉकटेल-2 के लिए शाहिद कपूर ने ली रश्मिका मंदाना से तीन गुना ज्यादा फीस

शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की अदाकारी वाली फिल्म *कॉकटेल 2* 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अब सबकी नजरें फिल्म के बजट और इसकी स्टार कास्ट की फीस पर टिकी हैं।

खबरों के मुताबिक, शाहिद कपूर इस फिल्म के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने रश्मिका मंदाना से लगभग तीन गुना और कृति सेनन की फीस से लगभग दो गुना ज्यादा पैसे लिए हैं।



*कॉकटेल 2* के मुख्य कलाकारों की फीस पर कुल 35 करोड़ रुपये खर्च किए गए। शाहिद कपूर ने इसके लिए 21 करोड़ रुपये लिए। जबकि कृति सेनन को 8 करोड़ रुपये और रश्मिका मंदाना को 6 करोड़ रुपये मिले।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, *कॉकटेल 2* को 150 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। इसमें से 35 करोड़ रुपये मुख्य कलाकारों की फीस के लिए रखे गए थे, जबकि लगभग 20 करोड़ रुपये फिल्म के प्रिंट और एडवरटाइजिंग कैंपेन पर खर्च किए गए। बाकी बचे 95 करोड़ रुपये फिल्म के प्रोडक्शन और सपोर्टिंग कास्ट की फीस में खर्च हुए।

*कॉकटेल 2* में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं। उन्होंने ही 2012 की रोमांटिक कॉमेडी *कॉकटेल* का भी निर्देशन किया था। इसमें दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी थे। *कॉकटेल 2* को मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान प्रोड्यूस कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह एक नई कहानी पेश करेगा।

## देखो हंस न देना.....

*राजू :* आज पहली बार बर्तन धोने का फायदा हुआ।
*सुरेश :* वो कैसे?
*राजू :* पड़ोसन मुझे बर्तन धोता देख पति से बोली, काश, ये मेरे पति होते, उसके बाद पत्नी मुझसे बोली-आज के बाद आप बर्तनों से दूर रहोगे......मुझे फोन रखना था, इसलिए झूठ बोलना पड़ा...!

# हफ्ते में कितनी बार ब्रेड खाना सुरक्षित?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेड नाश्ते का एक आसान और लोकप्रिय विकल्प बन चुकी है। कई लोग सुबह की जल्दी में ब्रेड-बटर, सैंडविच या टोस्ट खाकर दिन की शुरुआत करते हैं। हालांकि, स्वाद और सुविधा के कारण रोजाना ब्रेड खाना आम बात हो गई है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इसका आपके स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ सकता है?

विशेषज्ञों के अनुसार, सीमित मात्रा में ब्रेड का सेवन नुकसानदायक नहीं है, लेकिन जरूरत से ज्यादा ब्रेड खाने से शरीर को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि हफ्ते में कितनी बार ब्रेड खाना सुरक्षित माना जाता है और अगर आप हर दिन ब्रेड का सेवन करते हैं तो इसके क्या नुकसान हैं।



*1. वजन बढ़ सकता है*

व्हाइट ब्रेड रिफाइंड मैदा से बनाई जाती है, जिसमें फाइबर और अन्य पोषक तत्व काफी कम मात्रा में होते हैं।

इसे खाने के बाद शरीर तेजी से कार्बोहाइड्रेट को ग्लूकोज में बदल देता है, जिससे अतिरिक्त कैलोरी फैट के रूप में जमा होने लगती है।

यदि आप नियमित रूप से अधिक मात्रा में ब्रेड खाते हैं और शारीरिक गतिविधि कम करते हैं, तो वजन बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है।

खासतौर पर ब्रेड के साथ मक्खन, जैम या प्रोसेस्ड स्प्रेड का सेवन कैलोरी को और बढ़ा देता है।

*2. ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकता है*

व्हाइट ब्रेड का ग्लाइसेमिक इंडेक्स अपेक्षाकृत अधिक होता है, ऐसे में ये शरीर में जल्दी पचकर रक्त में शुगर की मात्रा बढ़ा सकती है।

बार-बार अधिक मात्रा में ब्रेड खाने से इंसुलिन के स्तर पर असर पड़ सकता है।

डायबिटीज या प्रीडायबिटीज से जूझ रहे लोगों को ब्रेड का सेवन सीमित मात्रा में करने की सलाह दी जाती है।

इसके बजाय फाइबर युक्त होल व्हीट या मल्टीग्रेन ब्रेड बेहतर विकल्प हो सकती है।

*3. पाचन संबंधी समस्याएं*

स्वस्थ पाचन के लिए फाइबर बेहद जरूरी होता है, लेकिन व्हाइट ब्रेड में फाइबर की मात्रा बहुत कम होती है। लगातार अधिक ब्रेड खाने से कब्ज, गैस और पेट फूलने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

जिन लोगों का पाचन तंत्र संवेदनशील है, उन्हें विशेष रूप से अपने ब्रेड सेवन पर ध्यान देना चाहिए।

संतुलित आहार में फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करने से इन समस्याओं को कम किया जा सकता है।

अब जान लें कि हफ्ते में कितनी बार ब्रेड खाना सही है?

पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, यदि आप संतुलित आहार लेते हैं तो हफ्ते में 2 से 3 बार ब्रेड खाना सामान्य माना जाता है। हालांकि रोजाना बड़ी मात्रा में व्हाइट ब्रेड खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता।

# कहीं आम ही तो नहीं बन रहा आपके वेट लॉस में बाधा?

गर्मियों का मौसम भले ही आपको पसंद हो या नापसंद पर इन दिनों में मिलने वाले फल आपके जरूर पसंदीदा होंगे। गर्मियों में मिलने वाला आम ऐसा ही फल है, जिसे हम सभी बड़े चाव के साथ खाते हैं। आम सिर्फ स्वाद से ही भरपूर नहीं होता बल्कि इसे सेहत के लिए भी काफी लाभकारी माना जाता है। न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स बताते हैं कि आम विटामिन, मिनरल्स और एंटी ऑक्सीडेंट्स का खजाना है जिसकी शरीर को नियमित रूप से जरूरत होती है।

हालांकि आम का सीजन आते ही कई तरह के सवाल भी हमें घेरकर खड़े हो जाते हैं। क्या आम खाने से ब्लड शुगर लेवल और वजन बढ़ जाता है? क्या आम वास्तव में फायदेमंद है या फिर ये सेहत के लिए उल्टे मुश्किलें बढ़ा देता है? अगर आपके मन में भी इस तरह के सवाल हैं तो आइए इसके जवाब जान लेते हैं। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, आम बहुत लाभकारी फल है। इसके सेवन से आप आसानी से शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। ये विटामिन-ए और सी से भरपूर होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करते हैं। विटामिन-ए आंखों की रोशनी के लिए जरूरी है, वहीं विटामिन-सी आपकी इम्युनिटी को बढ़ाकर शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक होता है।

इसके अलावा आम में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत देता है। इसमें पोटैशियम भी पाया जाता है जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

आम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम करते हैं, जो कई क्रॉनिक बीमारियों का घर माना जाता है। 100 ग्राम आम में लगभग 60 कैलोरी प्रति होती है। इसलिए अक्सर लोगों के मन में डर रहता है कि आम खाने से वेट बढ़ सकता है।

आहार विशेषज्ञ डॉ पारुल शर्मा कहती हैं, यह धारणा काफी हद तक गलत है कि आम खाने से सीधे वजन बढ़ता है। अगर आप सीमित मात्रा में आम खाते हैं तो वजन बढ़ाने को लेकर टेंशन की जरूरत नहीं है।

आम वजन बढ़ाने नहीं बल्कि कम करने में सहायक हो सकता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है, जिससे ओवरईटिंग कम होती है।

अध्ययनों से पता चलता है कि सीमित मात्रा में आम खाने से मेटाबोलिक हेल्थ को फायदा होता है, इंसुलिन सेंसिटिविटी बेहतर हो सकती है और प्री-डायबिटीज वाले लोगों में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। हालांकि आम में प्राकृतिक रूप से शुगर होती है जिससे ब्लड शुगर बढ़ सकता है।

# अनिल कपूर को अब सेट पर खुशी नहीं मिलती : फराह खान

फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान ने हाल ही में अपने कुकिंग व्लॉग के लिए वरुण धवन, डेविड धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर को अपने घर पर आमंत्रित किया। इस दौरान फराह और डेविड ने फिल्म निर्माण के पुराने दिनों को याद किया और चर्चा की कि समय के साथ फिल्म सेट पर काम करने का तरीका कैसे बदल गया है। इस दौरान फराह ने यह भी बताया कि अभिनेता अनिल कपूर ने हाल ही में उनसे कहा कि उन्हें अब सेट पर काम करते समय पहले जैसी खुशी नहीं मिलती।




बातचीत के दौरान फराह खान ने डेविड धवन से उन अभिनेताओं के साथ काम करने के बारे में बात की जो अक्सर सेट पर कई घंटे देर से आते थे। हालांकि, डेविड ने कहा कि उनके साथ काम करना फिर भी मजेदार था।

फराह खान ने फिर अनिल कपूर द्वारा फिल्म सेटों के मौजूदा माहौल के बारे में कही गई बात साझा करते हुए कहा, अनिल ने मुझसे कहा, फराह, आजकल मैं सेट पर जाता हूं ना, सेट पर रहने का वो मजा अब नहीं है। वो पूरा मजा अब गायब है।

इस पर डेविड धवन ने कहा, मैंने इन लोगों के साथ काम किया है, ये कमाल के लोग हैं। सलमान, गोविंदा, संजय दत्त और अनिल कपूर भले ही देर से आते थे, पर जब वो शॉट देते थे तो इंसान खुश होकर घर जाता था। कहीं भी इनके साथ काम कर लेते थे। लोकेशन की दिक्कत हो रही है? कोई नहीं यहां कर लेते हैं।

डेविड द्वारा निर्देशित हालिया रिलीज फिल्म *है जवानी तो इश्क होना है* इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इस फिल्म में डेविड धवन के बेटे वरुण धवन प्रमुख भूमिका में हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी प्रमुख किरदारों में हैं।

इसके अलावा फिल्म में जिम्मी शेरगिल, मौनी रॉय, मनीष पॉल, चंकी पांडे और राकेश बेदी भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया ही हासिल हो रही है। इसे डेविड धवन की बतौर निर्देशक आखिरी फिल्म भी बताया जा रहा है।



# धुरंधर के लिए काफी एक्साइटेड थे राकेश बेदी, चंकी पांडे का खुलासा



राकेश बेदी को इस साल मार्च में रिलीज हुई *धुरंधर : द रिवेंज* के लिए खूब सराहना मिली, जिसके बाद उनकी पॉपुलैरिटी एक बार फिर बढ़ गई। फिलहाल वे *है जवानी तो इश्क होना है* में नजर आ रहे हैं। उनके को-स्टार चंकी पांडे ने बताया कि शूटिंग के दौरान राकेश अक्सर *धुरंधर* के बारे में बात करते थे और इसे लेकर काफी एक्साइटेड रहते थे।

इंटरव्यू में चंकी ने राकेश को बहुत क्यूट बताया और स्कॉटलैंड में शूटिंग के दौरान बिताए समय को याद किया। उन्होंने कहा कि वे अक्सर साथ में पब जाते थे और घंटों बातें करते थे।

राकेश की फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट याद करते हुए चंकी ने कहा, वो इस फिल्म को लेकर बहुत एक्साइटेड थे। मैं उनके लिए आज बहुत खुश हूं। स्कॉटलैंड में शूटिंग के दौरान वो बार-बार कहते थे कि फिल्म बहुत खास है। उन्होंने कहानी तो नहीं बताई, लेकिन कहते थे कि डायरेक्टर ने एक खूबसूरत दुनिया बनाई है। उनकी आंखों में एक्साइटमेंट साफ दिखती थी।

चंकी ने यह भी बताया कि फिल्म देखने के बाद उन्होंने राकेश की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हमेशा से हमारी अच्छी बॉन्डिंग रही है। वो इंडस्ट्री के सबसे प्यारे लोगों में से एक हैं। फिल्म देखने के तुरंत बाद मैंने उन्हें फोन किया। मैं उनके लिए बहुत खुश था क्योंकि उन्होंने कमाल का काम किया है।

फिलहाल दोनों एक्टर्स *है जवानी तो इश्क होना है* फिल्म में नजर आ रहे हैं, जो 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े लीड रोल में हैं।

# ऋतिक रोशन अब निभाना चाहते हैं ग्रे शेड के किरदार

ऋतिक रोशन अब अपनी अच्छे एक्टर वाली छवि को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इशारा किया है कि वह अब सीधे-साधे और हमेशा सही रहने वाले किरदारों से हटकर कुछ अलग और गंभीर यानी ग्रे शेड की भूमिकाएं करना चाहते हैं। ऋतिक ने माना कि डायरेक्टर अक्सर उन्हें सिर्फ पॉजिटिव रोल ही ऑफर करते हैं, जिससे वे थोड़े निराश हैं।

ऋतिक ने पेरिस की एक खूबसूरत सड़क से अपनी एक सेल्फी शेयर की, जिसके बैकग्राउंड में एफिल टावर दिख रहा है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, मुझसे अभी पूछा गया कि मैं किस तरह का रोल करना चाहता हूं। जब मुझे इसका जवाब मिला, तो मैं खुद भी हैरान रह गया। क्या आपको फिल्म *लक बाय चांस* का *जफ्फर* याद है? मुझे वैसा ही रोल चाहिए।

ऋतिक ने आगे लिखा, अगर मुझे ऐसा कोई मौका मिला, तो मैं उसे तुरंत अपना लूंगा। लेकिन दुख की बात है कि डायरेक्टर मुझे सिर्फ अच्छे इंसान के रोल में ही देखना चाहते हैं। साल 2009 में आई निर्देशक जोया अख्तर की फिल्म *लक बाय चांस* में ऋतिक ने *जफ्फर* नाम के एक मतलबी और घमंडी सुपरस्टार का छोटा सा रोल निभाया था।

# गर्मी में सिर्फ त्वचा नहीं, आंखों की सेहत पर भी दीजिए ध्यान

गर्मी के मौसम में कई लोग आंखों में जलन, लालपन, सूखापन या धुंधलापन जैसी समस्याओं को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विशेषज्ञ बताते हैं कि आंखों में होने वाले कुछ बदलाव सिर्फ मौसम का असर नहीं, बल्कि किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकते हैं। इसलिए आंखों के संकेतों को समझना बेहद जरूरी है।

गर्मी का असर आपको शरीर पर साफ नजर आता है, लेकिन उन्हें देखने वाली आंखों का क्या? असल में बढ़ते तापमान, धूल और तेज धूप के कारण आंखों की नमी कम होने लगती है, जिससे जलन, खुजली और चुभन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में इस मौसम में आंखों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है, ताकि संक्रमण और एलर्जी से बचा जा सके।

*आंखों को सीधी धूप से बचाएं*

दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तापमान सबसे ज्यादा गरम होता है। इस समय सूरज की तेज रोशनी और हानिकारक यूवी रेज आंखों पर सीधा असर डालती हैं। ऐसे में लंबे समय तक तेज धूप में रहने से आंखों में जलन, लालिमा, खुजली, पानी आना, सूखापन और धुंधला दिखाई देने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही आंखों की रोशनी पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए कोशिश करें कि इस समय बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें।

*यूवी रेज का आंखों पर असर*

20 से 25 प्रतिशत लोगों को तेज धूप और यूवी किरणों के संपर्क में रहने से आंखों में सूखापन, जलन और लालिमा की समस्या हो सकती है।

लंबे समय तक धूप में रहने से मोतियाबिंद और कॉर्निया को नुकसान होने का खतरा 2 से 3 गुना बढ़ जाता है।

बाहर काम करने वाले लगभग 30 प्रतिशत लोगों में आंखों की बीमारियों या नजर कमजोर होने का जोखिम पाया जाता है।

*आंखों को कैसे रखें सुरक्षित?*

1. साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान

इस मौसम में आंखों की सफाई भी बेहद जरूरी है, क्योंकि धूल, पसीना और प्रदूषण आंखों को नुकसान पहुंचाते हैं। दिन में कई बार साफ और ठंडे पानी से आंखों को धोना फायदेमंद माना जाता है। इससे आंखों को ठंडक मिलती है और जलन व थकान कम हो जाती है। हालांकि आंखों को बार-बार हाथों से नहीं छूना चाहिए, क्योंकि हाथों में मौजूद गंदगी और बैक्टीरिया आंखों तक पहुंचकर संक्रमण का कारण बन सकते हैं।

2. डिहाइड्रेशन से बचना जरूरी

शरीर में पानी की कमी आंखों में आंसू की मात्रा कम कर देती है, जिससे रूखापन और असुविधा बढ़ सकती है। इसलिए रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पिएं। साथ ही छाछ, नारियल पानी और नींबू पानी जैसी चीजें भी शरीर में पानी की कमी को पूरा करने और सुरक्षात्मक आंसू बनाने में मदद करती हैं। ये आंखों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को भीतर से मजबूत बनाते हैं।



3. चश्मे, टोपी और छाते का करें प्रयोग

यदि बाहर जाना आवश्यक है तो टोपी या छाते का इस्तेमाल करें। हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (यूवीआर) से फोटोकेराटाइटिस या फोटो कंजंक्टिवाइटिस हो सकता है। इसके अलावा इससे मोतियाबिंद और टेरिगियम होने का जोखिम रहता है। इसलिए आंखों की सुरक्षा के लिए यूवीए और यूवीबी प्रोटेक्टेड धूप के चश्मे जरूर पहनें।

4. पर्याप्त नींद और आराम भी आवश्यक

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त नींद और आराम भी बेहद जरूरी है। साथ ही मोबाइल और लैपटॉप स्क्रीन का इस्तेमाल करते समय बीच-बीच में आंखों को ब्रेक देते रहें।

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग नरूला बताते हैं कि गर्मी के मौसम में आंखों की समस्याएं उन लोगों में अधिक देखने को मिलती हैं, जो लंबे समय तक बाहर रहते हैं। बच्चे, बुजुर्ग, कॉन्टैक्ट लेंस का उपयोग करने वाले और पहले से आंखों की बीमारी से पीड़ित लोग ज्यादा जोखिम में रहते हैं। यदि आंखों में लगातार जलन, लालिमा, देखने में परेशानी या अधिक ड्राइनेस हो तो तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टर की सलाह से आई ड्रॉप्स का उपयोग करना लाभकारी हो सकता है।

# नमस्कार अपर असम

## प्रात: खबर

बुधवार, 10 जून 2026

| मौसम | स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|
| | जोरहाट | 30° | 19° |
| | डिब्रुगढ़ | 29° | 17° |
| | तिनसुकिया | 30° | 18° |
| | शिवसागर | 30° | 19° |

### माजुली के माजोर सापोरी में खुले में घूम रहे गैंडे से मचा हड़कंप

**खबर संवाददाता**

**माजुली, 9 जून।** माजुली के माजोर सापोरी क्षेत्र में खुले में विचरण कर रहे एक गैंडे ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है। गैंडे ने वन विभाग के वाहन को जोरदार टक्कर मारने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी भयभीत कर दिया है। गैंडे के हमले से बचने के लिए एक महिला को अपनी जान बचाने के लिए पेड़ पर चढ़कर शरण लेनी पड़ी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वन विभाग स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है, लेकिन गैंडे की खुली आवाजाही से स्थानीय लोग चिंतित हैं।

Ph. : 2548109 2730431
L. GOPAL JEWELLERS
9-11-14, Kuber A.C. Market
Guwahati - 781001
शुद्ध चांदी के बर्तनों एवं शुद्ध चांदी की सिल्ली व चांदी के सिक्कों का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान
22/22 KDM Gold Jewellery, Hallmark Gold Jewellery Branded Diamond Jewellery, Platinum & Silver Utensils & Articles

0361-2601385
9678211156
D. M. Jeweller's
(As You Like We are)
7/8 (L) Akram's Business Fancy Bazar, Guwahati-1
शुद्ध सील चांदी के बर्तन एवं असली सिक्कों का प्रतिष्ठित स्थान
We also deal in 22/22 KDM hallmark Jewelleries

# वरिष्ठ पत्रकार किशोर गोस्वामी को देवकुमार बोरा स्मृति मीडिया फेलोशिप

**खबर संवाददाता**



**जोरहाट, 9 जून।** अखिल असम पत्रकार संस्था (आजु) की जोरहाट जिला समिति एवं पत्रकार कल्याण निधि द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित देवकुमार बोरा स्मृति मीडिया फेलोशिप-2026 के लिए कामरूप जिले के सुवालकुची निवासी तथा दैनिक जनमभूमि के वरिष्ठ उप-संपादक किशोर गोस्वामी का चयन किया गया है। यह जानकारी आजु की जोरहाट जिला समिति के अध्यक्ष योगेश ओझा एवं पत्रकार कल्याण निधि के सचिव नवज्योति बरुआ ने एक संयुक्त विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 से स्वर्गीय देवकुमार बोरा की स्मृति में उनके परिवार के सहयोग से राज्य के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं स्वतंत्र पत्रकारों को विभिन्न विषयों पर शोध एवं अध्ययन के लिए यह मीडिया फेलोशिप प्रदान की जा रही है। इस वर्ष राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों में से किशोर गोस्वामी के शोध प्रस्ताव को उपयुक्त मानते हुए उनका चयन किया गया। फेलोशिप के अंतर्गत उन्हें 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्हें छह माह के भीतर अपना शोध प्रतिवेदन जमा करना होगा। आगामी दिसंबर में आजु एवं पत्रकार कल्याण निधि की जोरहाट में आयोजित वार्षिक सभा में उन्हें औपचारिक रूप से यह सम्मानजनक फेलोशिप प्रदान की जाएगी। वर्ष 1981 में जन्मे किशोर गोस्वामी ने कॉटन विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है। वे वर्ष 2006-07 से बीते लगभग 20 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत आजिर असम समाचारपत्र में उप-संपादक के रूप में की थी। इसके बाद वर्ष 2011 से अप्रैल 2019 तक नियमिया बार्ता में उप-संपादक के रूप में कार्य किया। मई 2019 से वे दैनिक जनमभूमि में वरिष्ठ उप-संपादक के रूप में कार्यरत हैं। लेखन और साहित्यिक गतिविधियों से लंबे समय से जुड़े गोस्वामी की अनेक कविताएं, लेख एवं रचनात्मक लेखन विभिन्न समाचारपत्रों और पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वर्ष 2022 में उन्हें विशिष्ट रंगकर्मी जगत चंद्र गोगोई स्मृति युवा पत्रकार पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने होमेन बरगोहाईं के प्रधान संपादन में प्रकाशित नियमिया बार्ता के स्वास्थ्य परिशिष्ट स्वास्थ्य बार्ता का संपादन भी किया है। उन्हें असम सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 का मीडिया फेलोशिप भी प्राप्त हो चुका है।। यह जानकारी आजु की जोरहाट जिला समिति के सचिव बिजू कुमार तुनवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# विधायक धीराज गोवाला ने तिताबर नगरपालिका के पदेन सदस्य के रूप में ली शपथ



**खबर संवाददाता**

**तिताबर, 9 जून।** तिताबर के नव-निर्वाचित विधायक धीराज गोवाला ने आज तिताबर नगरपालिका के पदेन सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। नगरपालिका के सभागार में पालिका उपाध्यक्ष डंबरूधर सैकिया की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में तिताबर सम-जिला आयुक्त विपांक्षी दत्त ने विधायक धीराज गोवाला को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी, वार्ड सदस्य और स्थानीय लोग उपस्थित थे। पदेन सदस्य का दायित्व संभालते हुए विधायक ने कहा कि तिताबर शहरवासियों की मुख्य समस्याओं शुद्ध पेयजल आपूर्ति, जल निकासी, यातायात जाम, वाहन पार्किंग और स्ट्रीट लाइट की समस्या के समाधान के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। धीराज गोवाला ने यह भी कहा कि तिताबर को एक सुंदर और समृद्ध नगर बनाने के लिए नगरपालिका को योजनाएं तैयार करनी होंगी, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री से भी सहयोग मांगेंगे।

# तिताबर में मारवाड़ी सम्मेलन का रक्तदान शिविर विधायक ने की नेक काम की शुरुआत

**खबर संवाददाता**

**तिताबर 9 जून।** पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की तिताबर शाखा के तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह मानवीय एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ा कार्यक्रम तिताबर स्थित पतासी देवी तेजावत विवाह भवन में आयोजित हुआ, जिसमें लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक धीराज ग्वाला ने स्वयं रक्तदान कर किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। रक्तदान से जीवन बचाने के पवित्र संदेश को आत्मसात करते हुए क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वेच्छा से शिविर में भाग लिया। शिविर को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजकों ने बताया कि रक्त की आवश्यकता को देखते हुए समाज के लोगों को जागरूक करने तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। सफल आयोजन के लिए सम्मेलन की तिताबर शाखा ने सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# जोरहाट में मध्यदेशीय वैश्य महासभा की नई कार्यकारिणी गठित

**खबर संवाददाता**

**जोरहाट 9 जून।** मध्यदेशीय वैश्य महासभा, जोरहाट की प्रथम कार्यकारिणी बैठक गत रविवार को अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद गुप्ता के आवास पर उनकी अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी समिति के पूर्ण गठन की घोषणा की गई। इसके साथ ही युवा समिति एवं महिला समिति ने भी अपनी-अपनी समितियों के गठन की जानकारी सभा के समक्ष प्रस्तुत की। जिला समिति में अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष कुल्लु गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता एवं मोहन गुप्ता (मरियानी), महामंत्री राजकुमार गुप्ता, मंत्री गुड्डू गुप्ता (विनोद), संतोष गुप्ता, विशाल गुप्ता एवं राजेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष चंदन गुप्ता, संगठन मंत्री दीनदयाल गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री अनुप गुप्ता, अनुज गुप्ता, आशीष गुप्ता एवं रोहित गुप्ता, क्रीड़ा मंत्री द्वय उमेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता और प्रचार सचिव आशीष गुप्ता सहित अन्य 13 सदस्यों को लेकर 31 सदस्यीय पूर्णांग समिति का गठन किया गया। इसके बाद बैठक में कुलगुरु बाबा गणिनाथ जी की पूजा एवं जन्मोत्सव आगामी 19 सितंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आयोजन के लिए जिला पुस्तकालय परिसर को संभावित स्थल के रूप में चुना गया है तथा इसके लिए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र संपर्क करने का निर्णय लिया गया। सभा में संगठन के बैंक खाते के संचालन से जुड़े पदाधिकारियों के हस्ताक्षर में आवश्यक परिवर्तन कराने हेतु जल्द बैंक से संपर्क करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके अलावा गत 24 मई को आयोजित आमसभा में पारित प्रस्ताव के अनुसार संगठन के बैनर में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के स्थान पर मध्यदेशीय वैश्य महासभा नाम अपनाने के विषय पर पुन: चर्चा की गई, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिला समिति के अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकता और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# मिसा गोल्फ क्लब के 'मॉनसून कप में चैंपियन बने जोरहाट के अतिरिक्त जिला आयुक्त पंकज बोरा

**खबर संवाददाता**

**जोरहाट, 9 जून।** जोरहाट जिला प्रशासन के अतिरिक्त जिला आयुक्त पंकज बोरा ने मिसा गोल्फ क्लब में आयोजित प्रतिष्ठित 'मॉनसून कप गोल्फ टूर्नामेंट' में पहला स्थान हासिल कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उन्होंने 63 का सर्वश्रेष्ठ नेट स्कोर बनाया। अतिरिक्त जिला आयुक्त बोरा की इस असाधारण और गौरवशाली खेल उपलब्धि पर जोरहाट जिला प्रशासन परिवार अत्यंत प्रसन्न और गौरवान्वित है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता की सराहना करते हुए 'जोरहाट जिला प्रशासन कर्मचारी संघ' की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई दी गई है। संघ के सभी कर्मचारियों ने बोरा के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में आने वाले दिनों में और अधिक सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।




# शिवसागर पहुंचे अभिभावक मंत्री बिमल बोरा विकास योजनाओं की प्रगति की ली समीक्षा

**खबर संवाददाता**

**शिवसागर, 9 जून।** असम सरकार के सांस्कृतिक कार्य, उद्योग, वाणिज्य एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री तथा शिवसागर जिले के नव नियुक्त अभिभावक मंत्री बिमल बोरा ने सोमवार को पहली बार जिले का दौरा कर जिला आयुक्त कार्यालय के चुकाफा सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने अधिकारियों से सेवा भाव के साथ जनता के हित में कार्य करने, लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने तथा शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने सरकार और प्रशासन को आम जनता के और अधिक करीब लाने पर भी विशेष जोर दिया। समीक्षा के दौरान उद्योग, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, सिंचाई, जल संसाधन, बिजली, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। मंत्री ने सड़क एवं परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने, निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने तथा कृषि और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए समन्वित योजनाएं लागू करने के निर्देश दिए। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी रखने, राहत सामग्री का पर्याप्त भंडारण करने तथा आपातकालीन बचाव योजनाओं को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश भी दिए।बैठक से पूर्व जिला आयुक्त मृदुल यादव ने मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर नाजिरा विधायक मयूर बरगोहाई, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पापरी चेतिया, जिला विकास आयुक्त पवित्र कुमार दास सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।

# बारिश की फिसलन से अनियंत्रित बोलेरो पलटी, बाल-बाल बचे सवार

खबर संवाददाता

जोरहाट/टियोक, 9 जून। जोरहाट जिले के निकटवर्ती हाथीगढ़ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागालैंड के मोन से जोरहाट की तरफ आ रहा यह वाहन बारिश से पैदा हुई फिसलन के चलते हादसे का शिकार हो गया। यह हादसा हाथीगढ़ फ्लाई ओवर पर हुआ। गनीमत रही कि वाहन मे सवार लोगों को कोई चोट नही आई। बारिश के मौसम मे इन दिनों फ्लाईओवर पर गाद जमा होने से इस पर फिसलन का खतरा होता है। नियमित सफाई के अभाव में यह हादसों की वजह बनता है। मिट्टी ढोंने वाले डंपर जब यहां से गुजरते है तो उससे



गिरने वाली मिट्टी से स्थिति बद से बद्तर हो जाती है। स्थानीय लोगों ने नियमित रखरखाव की मांग के साथ ही मानसून के मौसम में वाहन चालकों को एहतियात बरतने की अपील की है।

# दुमदुमा में अफ्रीकन स्वाइन बुखार का प्रकोप जिला प्रशासन ने उठाए आपातकालीन कदम

**संवाददाता**

**दुमदुमा 9 जून।** तिनसुकिया जिला के दुमदुमा सम-जिला के रूपाई साइडिंग औगुरी गांव में अफ्रीकन स्वाइन बुखार की पुष्टि होने के बाद, जिला प्रशासन ने बीमारी को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाए हैं। जिला आयुक्त एवं जिला दंडाधिश सुमित सत्तावन ने आज इस संबंध में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत एक आदेश जारी कर कई प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों के अनुसार, दुमदुमा सम जिला के औगुरी गांव को अफ्रीकन स्वाइन बुखार का केंद्र मानते हुए, इस क्षेत्र के 1 किमी के दायरे को 'संक्रमित क्षेत्र' और 10 किमी के दायरे तक के क्षेत्र को 'निगरानी क्षेत्र' घोषित किया गया है। राष्ट्रीय कार्य योजना के मुताबिक, आगामी 9, 10 और 11 जून को संक्रमित क्षेत्र में सूअरों की कलिंग की जाएगी। यह प्रक्रिया पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में पूरी की जाएगी और इसका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा। यह प्रतिबंध 30 दिनों के लिए लागू रहेगा और इस अवधि के दौरान दुमदुमा सम -जिला की सभी सूअर के मांस की दुकानें बंद रहेंगी। दुमदुमा से अन्य जिला तथा अरुणाचल प्रदेश में सूअर मांस या सूअर मांस से बने उत्पादों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। साथ ही दुकानों या बाजारों में भी सूअर के मांस की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी । उल्लेखनीय है कि यह बीमारी इंसानों में नहीं फैलती है, लेकिन सूअरों के लिए यह बेहद संक्रामक और जानलेवा है। इसलिए जनता से अपील की गई है कि वे घबराएं नहीं और इस बीमारी की रोकथाम के लिए प्रशासन का सहयोग करें। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, नागरिक इस संबंध में पशुपालन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1962 और जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 0374-2331000 पर संपर्क कर सकते हैं । इसकी जानकारी जिला तथ्य और जनसंयोग विभाग ने दी है।

# बोगापानी में दर्दनाक सड़क हादसा, पेड़ से टकराई कार दो युवकों की मौके पर मौत

**डिगबोई, 9 जून (सं)।** डिगबोई सम-जिला के बोगापानी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-38 पर सोमवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 1390 नंबर की एक वेगनआर कार डिगबोई की ओर आ रही थी कि बोगापानी क्षेत्र में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से अत्यंत तेज गति से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान डिगबोई निवासी साहिल हुसैन तथा ज्योतिष्मान दत्ता के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों युवकों को बचाया नहीं जा सका। इस दर्दनाक हादसे से डिगबोई क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतकों के परिजनों और शुभचिंतकों में गहरा दुख व्याप्त है।

# शिवसागर मारवाड़ी महिला समिति की मासिक बैठक संपन्न, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**खबर संवाददाता**

**शिवसागर, 9 जून।** शिवसागर मारवाड़ी महिला समिति, असम प्रांत अंतर्गत अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की द्वितीय मासिक बैठक 8 जून को मिलन मंदिर (निचला तल्ला) में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षा सरिका देवड़ा ने की, जबकि संचालन सचिव प्रीति केजरीवाल एवं कोषाध्यक्ष संगीता झुरिया के सहयोग से संपन्न हुआ। बैठक के दौरान संस्था ने कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। बाल विकास प्रमुख रेणु अग्रवाल एवं सह-प्रमुख कंचन रामुका के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में जयंत केड़िया, तनुष चितावत, यथार्थ अग्रवाल, यश अग्रवाल, सीरत खंडेलिया एवं पृथ्वी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। वहीं, डॉ. दृष्टि अग्रवाल को राजा राजेश्वरी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त करने पर संस्था की ओर से विशेष सम्मान प्रदान किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आगामी सेवा एवं सामाजिक परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सृजन शाखा शिवसागर के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई, जिसकी संयोजिका पायल अग्रवाल होंगी। इसके अलावा 22 जुलाई को प्रस्तावित भव्य सावन मेले की तैयारियों एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्था के सामाजिक एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह जानकारी संस्था की जनसंपर्क अधिकारी पायल अग्रवाल द्वारा दी गई है।

# धौला बाजार अग्निकांड में दुकान सहित घर जलकर खाक

**संवाददाता**

**दुमदुमा, 9 जून।** तिनसुकिया जिला के सैखोवाघाट धौला थाना अंतर्गत बरमुड़ा मीरी पथार गांव में आग लगने से एक दुकान सह घर जल कर राख हो गए। बरमुड़ा मीरी पथार गांव के सैखोवा हायर सेकेंडरी स्कूल के रास्ते के समीप स्थित राजन शाह की दुकान और घर देखते ही देखते पल भर में जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कल रात लगभग सात बजे राजन साह के घर पर आग लग गई। आग लगने के बाद घर के अंदर मौजूद गैस सिलेंडर का ब्लास्ट होने के कारण आग ने और भयानक रूप ले लिया। देखते ही देखते पल भर में दुकान और घर दोनों जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में लाखों की संपत्ति जलकर राख होने का अनुमान है । शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस भयानक अग्निकांड के चलते नजदीक के घरों में अफरातफरी का माहौल था। लोगों में काफी दहशत का माहौल होने के चलते लोग इधर-उधर भाग रहे थे। इसके चलते नजदीकी घरों में काफी क्षतिग्रस्त हुई । स्थानीय लोगों की तत्परता के चलते आग केवल राजन साह के घर को ही अपने चपेट में ले सकी। काफी देर के बाद दमकल पहुंचने पर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। धौला के लोगो का कहना है कि यहां बार-बार अग्निकांड का मामला सामने आता है और बारंबार सरकार से यहां पर एक दमकल की व्यवस्था करने के लिए मांग किया जाता रहा है। परंतु सरकार आज तक एक स्थाई दमकल की व्यवस्था नहीं कर पाई ।जिसके लिए धौला वासियों को एक न एक दिन इस तरह का भीषण अग्निकांड का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि धौला में अगर आग लगती है तो दमकल 25/50 किलोमीटर की दूरी से दुमदुमा या तिनसुकिया से आना पड़ता है। तब तक आग अपने आक्रोश ले लेती है। आम लोगों का कहना है कि धौला अंचल में एक दमकल केन्द्र हो जिससे आग लगने की दशा में तत्काल आग पर काबू पाया जा सके ।




प्रातः खबर
बुधवार, 10 जून 2026

# जोरहाट के ओपी गट्टाणी की फिर विदेश में दिखेगी धमक

## म्यांमार में भारतीय दूतावास से मिला निमंत्रण

### यांगोन के विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र में देंगे व्याख्यान

**खबर संवाददाता**



**जोरहाट 9 जून।** भारत के प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री ओमप्रकाश गट्टाणी आगामी 13 जून, शनिवार को शाम 4.30 बजे यांगून स्थित स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में मुख्य व्याख्यान देंगे। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम प्रवासी भारतीय संस्कृति संवर्धन की पहल के अंतर्गत संस्कृति संवाद व्याख्यान श्रृंखला का हिस्सा है। गट्टाणी इस सभा में भारत की रियासतों के सिक्कों और म्यांमार के साथ आहोम राजवंश के संबंधों पर अपना संबोधन रखेंगे। इस संगोष्ठी में म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर शामिल होंगे। श्रोताओं में म्यांमार की न्यूमिस्मैटिक सोसाइटीज (मुद्राशास्त्र समितियों) के सदस्य, प्रमुख सांस्कृतिक प्रतीक और यांगून के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रवासियों और यांगोन के प्रमुख स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों द्वारा गट्टाणी को ऐतिहासिक सिक्कों के संग्रह और पूर्वोत्तर भारतीय विरासत के संरक्षण में उनके असाधारण योगदान के लिए औपचारिक रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। मालूम हो कि गट्टाणी भारत के उन गिने-चुने मुद्राशास्त्रियों में से एक हैं, जिनका मुख्य शोध विषय असम के ऐतिहासिक सिक्के हैं। वह प्रतिष्ठित भारत गौरव पुरस्कार से भी सम्मानित हैं, जो उन्हें राष्ट्रमंडल देशों में क्षेत्रीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 19 जुलाई 2019 को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद में प्रदान किया गया था।

## मार्घेरिटा नगर समिति की प्रथम अध्यक्षा मनीषा नांगिया बरुआ का निधन

**मार्घेरिटा 9 जून (सं)।** मार्घेरिटा नगर समिति की प्रथम अध्यक्ष मनिषा नांगिया बरुआ का बीती देर रात निधन हो गया। मार्घेरिटा नगर समिति की प्रथम अध्यक्ष तथा मार्घेरिटा क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित समाजसेवी का गुवाहाटी के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हुआ।वर्ष 2003 में वह मार्घेरिटा नगर समिति की पहली अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई थीं। निधन के समय उनकी आयु 82 वर्ष थी। स्वर्गीय बरुआ कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़कर नगर समिति के लिए निर्वाचित हुई थीं।अपने पीछे वह एक पुत्र, तीन पुत्रियों, पुत्रवधू तथा नाती-पोतों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।मार्घेरिटा क्षेत्र के विभिन्न विकासात्मक कार्यों से जुड़ी इस समाजसेवी के निधन पर मार्घेरिटा नगरपालिका के अध्यक्ष आनंद कुमार शर्मा, मार्घेरिटा नगरपालिका, मार्घेरिटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों एवं व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार कल संपन्न किया जाएगा।

# राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जोरहाट के अभिज्ञान गोगोई का असम टीम में चयन

**खबर संवाददाता**



**टियोक 9 जून।** जोरहाट जिले के सोटाई घरफलिया गांव के निवासी दिवंगत पवित्र गोगोई और वंदना गोगोई के इकलौते पुत्र अभिज्ञान गोगोई का राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता की सब-जूनियर श्रेणी में असम टीम के लिए चयन हुआ है। वह पंजाब के जालंधर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन से पूरे क्षेत्र और जिले में खुशी तथा गर्व का माहौल है। अभिज्ञान गोगोई तिताबर स्थित प्राग्ज्योतिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नौ के छात्र हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने लगभग एक वर्ष पूर्व बॉक्सिंग के प्रति रुचि दिखाई और अपनी माँ से प्रशिक्षण लेने की इच्छा व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षक गणेश राणा के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अभिज्ञान के पिता के निधन के बाद उनकी माता वंदना गोगोई ने कठिन परिस्थितियों में उनका पालन-पोषण किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया। वंदना गोगोई स्वयं अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं और उन्हें सप्त-हिंदू पुरस्कार तथा उद्यमी नारी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। अभिज्ञान की इस सफलता से उनकी माता के साथ-साथ क्षेत्र के लोग भी गौरवान्वित हैं। स्थानीय लोगों ने आशा व्यक्त की है कि वह राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर असम और जोरहाट जिले का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

# नगर निगम की सख्ती: नालियों में सीवेज और शौचालय अपशिष्ट छोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता

डिब्रूगढ़ 9 जून डिब्रूगढ़ नगर निगम (डीएमसी) ने नगर क्षेत्र की सार्वजनिक नालियों में शौचालय अपशिष्ट, सीवेज तथा फीकल स्लज (मल अपशिष्ट) के अवैध निस्तारण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए नागरिकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों को सख्त चेतावनी जारी की है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक नालियों में अनुपचारित सीवेज छोड़ना न केवल पर्यावरणीय और नगर निकाय संबंधी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। डीएमसी के अनुसार, नालियों में शौचालय अपशिष्ट और सीवेज का प्रवाह सार्वजनिक जल निकासी व्यवस्था को प्रदूषित करता है, जल स्रोतों को दूषित बनाता है तथा संक्रामक बीमारियों के प्रसार की आशंका को बढ़ा देता है। नगर निगम ने बताया कि हाल ही में एक प्रतिष्ठान को नगर निगम की नाली में अनुपचारित सीवेज छोड़ते हुए पाए जाने पर छ5ऱ लाख का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई नगर निगम द्वारा प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। नगर निगम ने सभी आवासीय परिसरों, होटलों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य संगठनों से अपील की है कि वे अपने यहां उचित सीवेज निस्तारण प्रणाली सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में शौचालय अपशिष्ट के निकास को सार्वजनिक नालियों से न जोड़ें। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। डीएमसी ने नागरिकों से स्वच्छ एवं स्वस्थ डिब्रूगढ़ के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि अवैध सीवेज निस्तारण की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध जुर्माना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लाहोवाल पुलिस की बड़ी सफलता: चोरी का मामला सुलझा, आरोपी धेमाजी से गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता**

**डिब्रूगढ़, 9 जून।** डिब्रूगढ़ के लाहोवाल थाना पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए धेमाजी जिले से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी अंतर-जिला कार्रवाई के चलते चोरी की वारदात में शामिल आरोपी तक पहुंचने और उसे दबोचने में सफलता मिली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी के कब्जे से चोरी हुए सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। बरामद सामान में सोने की चूड़ियां, कान के झुमके तथा एक अंगूठी शामिल हैं। इसके अलावा अपराध को अंजाम देने में प्रयुक्त वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।बताया गया है कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, खुफिया सूचनाओं और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान की। इसके बाद लाहोवाल थाना की टीम ने धेमाजी जिले में अभियान चलाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चोरी गए बहुमूल्य आभूषणों की बरामदगी से मामले का महत्वपूर्ण हिस्सा सुलझ गया है। साथ ही आरोपी से पूछताछ जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किसी बड़े गिरोह से जुड़ा है या नहीं तथा क्या उसने अन्य वारदातों में भी भागीदारी की है। मामले में विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मरियानी में बड़े वित्तीय घोटाले का मामला आया सामने, आरोपी महिला फरार

**खबर संवाददाता**



**मरियानी, 9 जून।** मरियानी के कटनीबारी चाय बागान में एक बड़े वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। आरोप है कि खुशबू तांती नामक एक महिला ने 260 से अधिक गरीब महिला चाय श्रमिकों के नाम पर विभिन्न माइक्रोफाइनेंस संस्थानों और लघु बैंकों से करोड़ों रुपये का ऋण लेकर फरार हो गई है। पीड़ित महिलाओं के अनुसार, आरोपी महिला ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का झांसा देकर उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाते से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज एकत्र किए थे। बाद में उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल कर महिलाओं की जानकारी और सहमति के बिना उनके नाम पर भारी-भरकम ऋण ले लिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब विभिन्न वित्तीय संस्थानों और बैंकों के एजेंट ऋण की साप्ताहिक और मासिक किस्त वसूलने के लिए चाय बागान पहुंचे। तब महिलाओं को पता चला कि उनके नाम पर लाखों रुपये का कर्ज लिया गया है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्होंने न तो ऋण की राशि देखी है और न ही उसका उपयोग किया है। इसके बावजूद बैंक और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्मचारी उनसे ऋण चुकाने का दबाव बना रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है तथा कानूनी कार्रवाई और संपत्ति जब्त करने की धमकियां दी जा रही हैं। दैनिक मजदूरी कर परिवार चलाने वाली इन महिला श्रमिकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया है कि मरियानी पुलिस ने अब तक मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। पीड़ित महिलाओं ने सरकार से हस्तक्षेप कर आरोपी खुशबू तांती को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा इस बड़े वित्तीय घोटाले से प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने की मांग की है।

## लखीमपुर के सिनातोलिया गांव के विष्णु नगर में कृत्रिम बाढ़, लोग बेहाल

**खबर संवाददाता**

**लखीमपुर, 9 जून।** लगातार बारिश और गोरियाजान नदी के उफान ने उत्तर लखीमपुर के सिनातोलिया गांव के बिष्णु नगर में बाढ़ जैसे हालात मानसून की लगातार बारिश और गोरियाजान नदी के बिष्णु नगर को जलमग्न कर दिया है। आनंद नगर वार्ड नंबर 8 के पास स्थित इस रिहायशी इलाके में पिछले 48 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश के साथ-साथ नदी का पानी भी भर गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है।

# डिब्रूगढ़ के होटल में देर रात हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़ के आरोप

**कार्यालय संवाददाता**

**डिब्रूगढ़, 9 जून।** ΫशHर के प्रतिष्ठित होटल द डिब्रूगढ़ एड्रेस में कल रात हुए एक विवाद ने सनसनी फैला दी, जब एक युवती की तलाश में पहुंचे परिजनों और अन्य लोगों द्वारा कथित रूप से होटल परिसर में हंगामा, मारपीट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया। घटना के बाद होटल प्रबंधन ने कई व्यक्तियों के खिलाफ डिब्रूगढ़ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटल की स्वामिनी भास्वती फुकन द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, देहरादून से आए दो पुरुष अतिथि 5ऱ जून से होटल में ठहरे हुए थे। सोमवार को एक महिला ने होटल से संपर्क कर अपनी 19 वर्षीय बेटी के बारे में जानकारी मांगी। होटल कर्मचारियों ने परिसर, रेस्तरां और सार्वजनिक क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन युवती के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने की बात बताई।शिकायत के अनुसार, बाद में युवती के पिता बिनय सैकिया अपने परिजनों तथा कुछ अन्य लोगों के साथ होटल पहुंचे। बताया गया है कि तलाशी के दौरान युवती को होटल के एक अतिथि कक्ष के भीतर पाया गया। इसके बाद स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई और होटल परिसर में विवाद शुरू हो गया। होटल प्रबंधन का आरोप है कि रात लगभग 10:30 बजे कुछ लोग जबरन होटल परिसर में घुस आए और वहां जमकर हंगामा किया। एफआईआर में कहा गया है कि इस दौरान होटल की विभिन्न संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। कांच की सजावटी संरचनाएं, फूलदान, फर्नीचर तथा अन्य सामग्री को क्षति पहुंचने का आरोप लगाया गया है। होटल प्रशासन का दावा है कि तोड़फोड़ के कारण संपत्ति को आर्थिक नुकसान हुआ है।प्रबंधन ने यह भी आरोप लगाया है कि होटल के दो कर्मचारियों पिनाकी चौधरी और अमर दोले के साथ मारपीट की गई। दोनों कर्मचारियों को कथित रूप से शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके बाद होटल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की शरण ली। होटल प्रशासन का कहना है कि पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। प्रबंधन ने पुलिस को उपलब्ध कराने के लिए सीसीटीवी फुटेज, फोटोग्राफ तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित रखे हैं। उनका दावा है कि उपलब्ध वीडियो रिकॉर्डिंग घटना के वास्तविक घटनाक्रम को स्पष्ट करेगी। मामले में एक नया पहलू भी सामने आया है। होटल प्रबंधन का आरोप है कि संबंधित 19 वर्षीय युवती ने होटल प्रशासन को सूचित किए बिना अतिथि कक्ष में प्रवेश किया था। इस संबंध में होटल द्वारा अलग से शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। प्रबंधन का कहना है कि होटल की सुरक्षा एवं अतिथि पंजीकरण संबंधी नियमों का पालन करना सभी आगंतुकों के लिए अनिवार्य है। उधर, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना में शामिल सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे तथा सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। होटल उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि अतिथियों की सुरक्षा, होटल नियमों का पालन तथा किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लेना आवश्यक है, जबकि दूसरी ओर परिवारों का कहना है कि युवाओं की सुरक्षा और उनके ठिकाने की जानकारी भी एक संवेदनशील विषय है। फिलहाल सभी की निगाहें पुलिस जांच और उसके निष्कर्षों पर टिकी हुई हैं।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ मना दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस

**नगांव, 9 जून (न.सं)।** नगांव की अधिष्ठात्री देवी के रूप में विख्यात दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस इस वर्ष भक्ति, संगीत और श्रद्धा के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया। श्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर कल पूरे दिन *जय माता दी* के जयघोष और भजनों की मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान रहा। जय अम्बे सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया तथा माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहित बंका एवं कृष्णा बंका द्वारा सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद समिति की सदस्याओं ने अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया। अखंड कीर्तन में कांता भरतीया, यशोदा माहेश्वरी, मीना धाणीवाल, तुलसी बंका, उमा चौधरी, लक्ष्मी बिदासरिया, लता शोभासरिया, हर्षदा सोलंकी, राजू धानुका, बबीता शर्मा, मंजू शर्मा, पूर्णिमा देवी मोर, मंजू शोभासरिया, उषा देवी पोद्दार, सुलोचना तोदी, मंजू खेतावत, उर्मिला सिंह, प्रमिला अग्रवाल, इंदु देवी अग्रवाल एवं राजू देवी गिनोड़िया सहित जय अम्बे सत्संग समिति की सभी महिला सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दोपहर बाद आयोजित भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सुप्रसिद्ध भजन गायक अरुण नागरका ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को



भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर स्नेहा शर्मा, दीपिका वर्मा, आदित्री पाल, पत्रकार अजय महतो, यतिन्द्र उपाध्याय, अनिल प्रजापत तथा मुकेश पोद्दार ने भी माता के भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सभी कलाकारों का फूलाम गामोछा भेंट कर सम्मान किया गया। सायंकाल माता को गजरा एवं चुनड़ी अर्पण करने की विशेष रस्म भी संपन्न हुई। इस दौरान पायल दुग्गड़ और प्रकृति अग्रवाल ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं समिति की सदस्याओं ने भी सामूहिक नृत्य के माध्यम से माता को चुनरी अर्पित की। इस प्रस्तुति का गायन समिति अध्यक्ष मुकेश पोद्दार एवं अरुण नागरका ने किया। कार्यक्रम के दौरान माता रानी को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या 7 बजे महाआरती के साथ पूरे आयोजन का समापन हुआ। समिति के अध्यक्ष मुकेश पोद्दार ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्याओं, कलाकारों, श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जय अम्बे सत्संग समिति द्वारा दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस स्थापना काल से ही निरंतर श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाता रहा है। एक दिन के लिए मंदिर नहीं, पूरा परिसर मानो माता के दरबार में तब्दील हो गया था, जहां भक्ति ने संगीत का हाथ थामा और श्रद्धा ने उत्सव का रूप ले लिया।

# टिंगखांग का 29 वर्षीय युवक रहस्यमय तरीके से लापता, परिवार में चिंता का माहौल



**मोरानहाट : सं. : 9 जून।** डिब्रूगढ़ जिले में एक 29 वर्षीय युवक के रहस्यमय तरीके से लापता होने की घटना सामने आई है। लापता युवक की पहचान टिंगखांग क्षेत्र के राजगढ़ रोंगछोवाल निवासी प्रांजल लाहन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रांजल लाहन डिब्रूगढ़ मेडिकल कॉलेज स्थित पीएनबी गर्ल्स कैंटीन में कार्यरत थे। उन्होंने लगभग डेढ़ महीने पहले ही इस स्थान पर काम शुरू किया था। लेकिन 22 मई से वे अचानक अपने कार्यस्थल से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। परिवार के अनुसार, जब उनकी पत्नी ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, तो कॉल पहले घंटी बजने के बाद कट गया और बाद में मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा। इसके बाद से उनका परिवार उनसे किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं कर पाया है। लापता युवक के परिवार में पत्नी, 6 वर्षीय पुत्र, माता-पिता, बहन और दादी शामिल हैं, जो उनकी अचानक अनुपस्थिति से बेहद परेशान हैं। परिवार ने इस मामले में डिब्रूगढ़ सदर थाना और बरबाम पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही स्थानीय विधायक बिमल बोरा के माध्यम से जिला पुलिस अधीक्षक को भी सूचित किया गया है, लेकिन अब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को प्रांजल लाहन के बारे में कोई जानकारी मिले तो वह 8724026625 या 9126068950 पर संपर्क करें। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मार्घेरिटा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण सेवा शुरू

**मार्घेरिटा, 9 जून (सं)।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मार्घेरिटा विकास खंड के अंतर्गत माकुम पाथार गांव पंचायत में घर-घर से कचरा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ मार्घेरिटा के सह-जिला आयुक्त () श्री राहुल डोले, एसीएस द्वारा किया गया। इस पहल के तहत जागुन, कुमारपट्टी और पुरानी पुखुरी गांव पंचायतों में भी इसी प्रकार के ई-रिक्शा शुरू किए गए, ताकि कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सके और गांवों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखा जा सके। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, तिनसुकिया द्वारा आयोजित इस पहल का उद्देश्य कम उपयोग करें, पुनः उपयोग करें और पुनर्चक्रण कर के सिद्धांतों पर आधारित पर्यावरण-अनुकूल कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देना तथा स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ ग्रामीण समुदायों का निर्माण करना है। इस सामुदायिक पहल के अंतर्गत चार स्वयं सहायता समूहों को कचरा संग्रहण और प्रबंधन के लिए ई-रिक्शा सौंपे गए। इनमें जागुन गांव पंचायत की होपुन वीओ एसएचजी, माकुम पाथार गांव पंचायत की शिक्षा एसएचजी, कुमारपट्टी गांव पंचायत की सुरभि एसएचजी तथा पुरानी पुखुरी गांव पंचायत की मोहिनी एसएचजी शामिल हैं।इस अवसर पर श्री राहुल डोले ने स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने और जमीनी स्तर पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए सामुदायिक सहभागिता तथा टिकाऊ कचरा प्रबंधन प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ब्लॉक विकास अधिकारी श्रीमती कश्मीरी बेगम, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डिगबोई के विधायक सुरेन फुकन ने किया विशेष नागरिक सभा का आयोजन

**संवाददाता**



**डिगबोई, 9 जून।** डिगबोई में विकास के नए अध्याय की तलाश के साथ आज एक विशेष नागरिक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों के समक्ष उपस्थित विभिन्न नागरिक समस्याओं, शहरी आधारभूत संरचना से जुड़ी चुनौतियों तथा आम जनता के दैनिक जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े विभिन्न मुद्दों के प्रभावी समाधान के साथ-साथ एक सुंदर, सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं जनोन्मुखी डिगबोई के निर्माण हेतु दूरगामी रणनीति तैयार करना था। विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोगों ने अपनी बातें रखीं, जिन पर मंत्री रामेश्वर तेली ने समाधान का आश्वासन दिया। डिगबोई विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास और भविष्य की योजनाओं को लेकर आयोजित इस विशेष नागरिक सभा का आयोजन आज डिगबोई के गोल्डन जुबिली कॉम्प्लेक्स में किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में असम सरकार के कैबिनेट मंत्री रामेश्वर तेली की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभा में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, विकास कार्यों तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को उठाया, जिनके समाधान के लिए मंत्री ने आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला परिषद के प्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, डिगबोई उप-मंडल पुलिस प्रशासन के अधिकारी, डिगबोई थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभा के दौरान विकास को गति देने, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा क्षेत्र के समग्र उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया।

Onyx®
high technology batteries
An ISO 9001 : 2015 Certified Company
SUPREME POWER INDUSTRIES
Mfg. of all types of Inverter, Automotive & E-Rick Batteries
Mariani Road, Cinnamara, Jorhat (Assam) 785008
E-mail : onyxbatteries@gmail.com
For Trade Enquiry Dial :
94350-52877/91018-74862
DEALER
JORHAT- 99546-01024, 98540-10510, 70026-10137, 94350-96629 NAGAON-94351-62696 LAKHIMPUR- 94351-82787 BORPATHAR-94357-42389 SARUPATHAR- 70020-37117 BOKAJAN- 94351-82777, 70026-02799, 75770-99894, 99545-87019, 70028-58905 AMGURI-73990-23273 SIVASAGAR- 99545-65426, 99545-55870, 94351-56225, 70027-45052 DIBRUGARH- 99544-75308 TINSUKIA- 70027-10942 MOKOKCHUNG- 98626-72609, 84138-48878 DIMAPUR- 94366-02206, 98561-08750, 70051-20250